रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | अश्विन शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 05 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 243, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्। सिंहारूढ़ा चन्द्रघण्टा यशस्विनीम्॥

या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

1. मां शैलपुत्री बीज मंत्र: ह्रीं शिवायै नमः
2. मां ब्रह्मचारिणी बीज मंत्र: ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः
3. मां चंद्रघंटा बीज मंत्र: ऐं श्रीं शक्तयै नमः
4. मां कूष्मांडा बीज मंत्र: ऐं ह्री देव्यै नमः
5. मां स्कंदमाता बीज मंत्र: ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः
6. मां कात्यायनी बीज मंत्र: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः
7. मां कालरात्रि बीज मंत्र: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः
8. मां महागौरी बीज मंत्र: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः
9. मां सिद्धिदात्री बीज मंत्र: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

तृतीय चंद्रघण्टा

यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से तीसरा रूप है। नवरात्रि के तीसरे दिन इनका पूजन किया जाता है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है।

पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते मह्यम् चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

मां का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दस हाथ हैं। दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहनेवाली है। इनके घंटे की भयानक चडंध्वनि से दानव, अत्याचारी, दैत्य, राक्षस डरते रहते हैं। नवरात्र के तीसरे दिन साधक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक को अलौकिक दर्शन होते हैं। मां चन्द्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं।

गुड न्यूज : मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को दी कांटाटोली फ्लाईओवर की सौगात

नवीन मेल डेस्क

रांची। गुरुवार को राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर तो शुक्रवार को राज्य का पहला ऑल व्हिकल ओवरब्रिज... सच में इस दुर्गा पूजा राजधानिवासियों पर राज्य सरकार तोहफों की बारिश कर रही है। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानीवासियों को बड़ी सौगात देते हुए बहुप्रतीक्षित कांटाटोली ओवरब्रिज का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग, सहभागिता एवं राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से ही योगदा सत्संग आश्रम-बहुबाजार-कांटा टोली-शांतिनगर, कोकर फ्लाईओवर के निर्माण का रास्ता साफ हो सका। इस कार्य के लिए मैं वैसे सभी लोगों के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हूं, जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग दिया है। रांची शहर में कोई भी मूलभूत सुविधा का निर्माण चुनौतीपूर्ण होता है। जब तक सभी का सहयोग प्राप्त न हो तब तक निर्माण कार्य करना आसान नहीं होता है। आज इस फ्लाईओवर के प्रारंभ होने से राजधानीवासियों को आए दिन होने वाली ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी। वहीं मुख्यमंत्री ने रांची सहित पूरे राज्य के लिए 3264 करोड़ की 31 योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

1. जुडको के जरिए राज्य निधि अंतर्गत योगदा सत्संग आश्रम, बहुबाजार से 'शांतिनगर, कोकर वाया कांटाटोली चौक तक राज्य में सेगमेंटल बॉक्स गर्डर प्रणाली से निर्मित प्रथम फ्लाईओवर

इन परियोजनाओं की दी सौगात

- कांको विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग भाया मेमकों मोड़ 8-लेन पथ (परियोजना लागत 461.90 करोड़) का उद्घाटन
- **बिरसा चौक से धुर्वा गोलचक्कर स्मार्ट पथ (परियोजना लागत 47.33 करोड़) का उद्घाटन**
- सिरमटोली-मेकॉन चौक-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर (परियोजना लागत 213.35 करोड़) का शिलान्यास
- **रांची शहर अंतर्गत सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर (परियोजना लागत 430.75 करोड़) का शिलान्यास सहित पथ निर्माण विभाग की अन्य 25 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास**

2. फ्लाईओवर उद्घाटन के बाद फ्लाईओवर पर मुख्यमंत्री ने खुद कार चलाई इस दौरन उनकी पत्नी कल्पना सोरेन उनके बगल वाली सीट पर बैठ कर उनका वीडियो बनाती रही

चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा कर रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी-कभी लोग बेवजह अतिक्रमण करने लगते हैं। सरकार की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं। सरकार की संपत्ति विशेष रूप से जनता की संपत्ति है, इसका मतलब यह नहीं है कि हम उसे इस कदर बर्बाद कर दें कि वह किसी काम का न रहे। इन सभी बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाईओवर आने वाले समय 5 किलोमीटर का होने जा रहा है। शेष पेज 15 पर

2240 मी कांटाटोली ओवरब्रिज की कुल लंबाई

16.6 मी कांटाटोली ओवरब्रिज की है कुल चौड़ाई

224.94 करोड़ रुपये ओवरब्रिज की आई है लागत

02-03 महीने में कांटाटोली-सिरमटोली-मेकॉन चौक फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो जाएगा

02 फ्लाईओवर जिनका शिलान्यास हुआ उनका निर्माण कार्य अगले डेढ़ वर्ष में पूरा हो जाएगा

शहर की यातायात व्यवस्था सुगम करना राज्य सरकार की प्राथमिकता

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रत्नाकर भेंगरा हुए सेवानिवृत्त

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रत्नाकर भेंगरा शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। हाई कोर्ट में शुक्रवार उनका अंतिम कार्यदिवस था। अंतिम कार्यदिवस के मौके पर हाई कोर्ट के सभी जस्टिस और एडवोकेट एसोसिएशन ने उन्हें यादगार विदाई दी। जस्टिस रत्नाकर भेंगरा ने वर्ष 1988 में न्यायिक क्षेत्र में वकील के रूप में करियर की शुरूआत की थी। वर्ष 2015 में उन्हें हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। वर्ष 2017 में जस्टिस रत्नाकर भेंगरा को हाई कोर्ट का स्थायी जज नियुक्त किया गया था। एडवोकेट एसोसिएशन के विदाई समारोह में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस समेत अन्य जस्टिस ने जस्टिस रत्नाकर भेंगरा को शुभकामनाएं दी। साथ ही एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष और महासचिव ने उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीईसी ने भजंत्री को रांची डीसी बनाने पर जताया कड़ा एतराज

15 दिनों में मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने पर राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कड़ा एतराज जताते हुए इसे झारखंड हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया है। आयोग ने मुख्य सचिव को हाई कोर्ट के छह दिसंबर, 2021 के आदेश का अनुपालन करने का कहा है, जिसमें उसने देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने, विभागीय कार्यवाही करने और आयोग की अनुमति के बिना चुनाव कार्य से जुड़े पद पर पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था। साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव को 15 दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग ने अपने पत्र में लिखा है कि मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन डीसी ने आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश करने की वजह से उन्हें 26 अप्रैल, 2021 को उपायुक्त के पद से हटा दिया गया था लेकिन आचार संहिता समाप्त होने के बाद सरकार ने उन्हें फिर से देवघर डीसी के पद पर पदस्थापित करने का आदेश दिया था। इसके करीब छह माह बाद मुख्य निवार्ची अधिकारी (सीइओ) ने आयोग को रिपोर्ट भेजी थी। इस रिपोर्ट में सीईओ ने बताया कि डीसी ने आचार संहिता खत्म शेष पेज 15 पर

एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने थामा भाजपा का दामन

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष व हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ सैकड़ों समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। विस्तृत खबर पेज 02 पर

छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में 40 नक्सली ढेर

नारायणपुर/रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमा क्षेत्र ओरछा थाने के नेंदुर और थुलथुली गांव के बीच जंगल में शुक्रवार शाम एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत 40 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ, राज्य पुलिस बल संयुक्त टीम के 400 जवान शामिल थे। इस मुठभेड़ में कई इनामी नक्सली मारे गए हैं। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि शेष पेज 15 पर

एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर, रिव्यू याचिका खारिज

कोटा के भीतर कोटा वैध : एससी

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान पीठ के फैसले को रिव्यू करने की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें सकारात्मक लाभ प्रदान करने के लिएए अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के भीतर उप-वर्गीकरण को वैध ठहराने के पीठ के फैसले को चुनौती दी गई थी। यह फैसला मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने दिया। रिव्यू याचिकाओं पर विचार करने के बाद, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि पीठ के पहले के फैसले में कोई त्रुटि नजर नहीं आती। ऐसे में रिव्यू का कोई मामला स्थापित नहीं होता है, इसलिए इन याचिकाओं को खारिज किया जाता है। गौरतलब है कि संविधान पीठ ने एक अगस्त को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के मामले पर फैसला दिया था। इस ऐतिहासिक फैसले में न्यायाधीशों के बहुमत ने कोटा लाभ प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर क्रीमी लेयर सिद्धांत को लागू करने का सुझाव दिया, लेकिन इस शर्त के साथ कि उप-वर्गीकरण प्रदान करते समय, सरकार सूची में अन्य जातियों को छोड़कर किसी विशेष उप-वर्ग के पक्ष में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए उपलब्ध 100 प्रतिशत सीटों को आरक्षित करने की हकदार नहीं होगी।

> क्या आईएएस-आईपीएस या अधिकारियों के बच्चे की तुलना किसी गांव में ग्राम पंचायत-जिला परिषद स्कूल में पढ़ने वाले एससी-एसटी के वंचित सदस्य के बच्चे से की जा सकती है?

6:1 के बहुमत से दिया गया था ऐतिहासिक फैसला : सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ ने यह ऐतिहासिक फैसला 6:1 बहुमत से दिया था। इस फैसले के माध्यम से कोर्ट ने अपने 2004 के निर्णय को पलट दिया था, जिसमें अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर शेष पेज 15 पर

इंडिया — झारखंड के मुद्दे चुनाव में उठेंगे या विवादास्पद बयानों से जीता जाएगा चुनाव ?

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विधानसभा चुनाव की घोषणा किसी भी दिन हो सकती है पर पक्ष विपक्ष की बयानबाजी बांग्लादेशी घुसपैठ पर आरोप प्रत्यारोप,भ्रष्टाचार पर नोंक-झोंक जैसे मुद्दे ही उछल रहे हैं । 2000 में झारखंड जब बना था तब पूरी दुनिया में इसकी चर्चा इस रूप में हो रही थी कि भारत की लगभग 40 प्रतिशत खनिज संपदा वाला यह प्रदेश अब विकास की वह लकीर खींचेगा जो दूसरों के लिए दुर्लभ है क्योंकि यह पहला राज्य था जहां का बजट सरप्लस यानी आय खर्च से अधिक थी । इसका पैतृक राज्य बिहार अपनी घटी हुई आय और संसाधनों का दुखड़ा रो रहा था और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव सहित अनेक नेता यही बयान दे रहे थे कि बिहार क्या बालू फांकेगा ? पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने अपने छोटे कार्यकाल में कुछ जमीनी योजनाओं सहित आधारभूत संरचना के विकास पर एक बड़ी लकीर खींची पर उनकी सरकार के गिरने के बाद से अल्पमत सरकारों और कुछ कार्यकाल पूरा करने वाले मुख्यमंत्रियों ने भी झारखंड को अच्छी पहचान देने के बजाय नए नए प्रयोग किए जिससे झारखंड, साथ ही अलग हुए दो राज्यों उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ की तुलना में न सिर्फ पीछे रह गया बल्कि साल दर साल नए

घोटालों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम होता चला गया । यहां की प्रतिभाएं पलायन करने के बाद कभी नहीं लौटीं क्योंकि कमजोर नेतृत्व और दिशाहीन राजनीति से अपार संभावनाओं वाला यह राज्य जेपीएससी,शिक्षक बहाली से लेकर प्रायः सभी नियुक्तियों में कथित रूप से घोटाले से इतना बदनाम हो गया कि युवाओं के साथ अभिभावकों का विश्वास हिल गया कि यहां बिना पैरवी या पैसे के कोई बहाली नहीं हो सकती । घोटालों की धीमी जांच कब तक चलेगी और आगे घोटाले नहीं होंगे कोई पक्का नहीं कह सकता। इससे राज्य का भविष्य भी बहुत उज्ज्वल नहीं कहा जा सकता। अरबों की सरकारी योजनाओं के बाद भी सदियों से चल रहा पलायन अभी भी जारी है । इस बार भी चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने का बड़ा कारण मजदूर वर्ग का नवंबर दिसंबर में पलायन होगा जो बरसात शुरू होने पर लौटेंगे और वर्षा पर आधारित एक फसल का जुआ खेलेंगे । पूरे राज्य में मनरेगाकर्मियों की हड़ताल के कारण बिरसा हरित योजना का हाल बुरा है पलामू में इसकी स्थिति और खराब है अनेक प्रखंडों में योजना स्वीकृत तक नहीं हो नहीं हो पाई। इसी प्रकार रांची के आसपास सहित अनेक इलाके सब्जी की अच्छी खेती करते हैं पर किसी भी फसल को उचित कीमत मिलेगी या नहीं कोई नहीं जानता क्योंकि कोई ऐसी व्यवस्था या न्यूनतम मूल्य दिलाने वाली संस्था नहीं जिससे किसान हताश होकर खेती विमुख हो रहे हैं । कई बार टमाटर जैसी नगदी फसल बाजार में फेंक कर आने की घटनाएं प्रकाश में आईं हैं क्योंकि किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिला । धान की ख़रीदारी केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के के बोनस से होती है पर इसमें किसानों को भुगतान आठ नौ महीने के बाद होता है और जब फसल तैयार होती है तब खरीदा भी नहीं जाता जिससे किसान बिचौलियों के माध्यम से राइस मिलों को औने पौने दाम में बेच देते हैं । किसानों कि हितों की बात उठाने वाला कोई नहीं और कृषि प्रधान झारखंड में किसी भी दल के एजेंडे में यह मुद्दा नहीं है । इसी प्रकार सिंचाई झारखंड का बड़ा मुद्दा है कई नहरों के नाम पर अरबों खर्च हुए पर किसानों के खेत अभी भी सूखे हैं । इस बार के भी लगता है संविधान,जातीय जनगणना,बाहरी भीतरी, जीतने पर भारी छूट और एक दूसरे को भ्रष्ट बताने के आरोप प्रत्यारोप होंगे पर यहां के बालू से लेकर कोयले और खनिज का लाभ राज्य को कब मिलेगा और शिक्षा या स्वास्थ्य की माफियागिरी कब समाप्त होगी न किसी के पास सवाल हैं और जवाब ! उच्च शिक्षा की बदहाली और सरकारों के असहयोग के कारण लगभग सौ करोड़ रुपए खर्चकर दक्षिण से लेकर विदेशों तक बच्चे पढ़ाई के लिए जाते हैं जो यहां कभी नहीं लौटते क्योंकि अनुकूल मौसम और पर्याप्त आधारभूत संरचना की संभावना रहते हुए भी यहां कोई निवेशक या बहुराष्ट्रीय कंपनी आना नहीं चाहती । इस विषय पर पहल करने पर यह बैंगलुरु की तरह अंतरराष्ट्रीय राजधानी बन सकती थी । चेन्नई में अब हर किलोमीटर पर मेट्रो स्टेशन की तैयारी है पटना में 2 लाइनों के साथ 24 मेट्रो स्टेशन लगभग तैयार हैं । 24 वर्षों के बाद रांची में केंद्र और राज्य के फ्लाईओवर बन रहे हैं जो गर्व की नहीं अन्य राज्यों के लिए हंसी का विषय है । जमीन का कारोबार माफिया तत्वों की गिरफ्त में है और लगातार हत्याएं या घोटाले चर्चित हो रहे हैं । नशे का उत्पादन कारोबार खूंटी,पलामू और चतरा में वर्षों से चल रहा है । अब देखना है झारखंड के उम्मीदवारों के अलावा देश के बड़े नेता इन विषयों पर बोलते हैं या समाचार चैनलों की ब्रेकिंग न्यूज में बने रहने के लिए विवाद उछालते हैं।

गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला बादम, दो हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग । बड़कागांव के बादम बीएमसी ग्राउंड में ग्रामीणों की सभा चल रही थी। सभास्थल से रैली के रूप में मुख्य सड़क से होते हुए अंबाजीत दिघी मोड़ के पास बीजीआर कंपनी की ओर से लगाए जा रहे कैबिन कैंप में ग्रामीणों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान ग्रामीणों ने तीन बोलेरो, एक जेसीबी, एक मोटरसाइकिल, 4 पोर्टा कैबिन, एक डीजी जनरेटर, सीसीटीवी कैमरा, कुर्सी टेबल आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों को रोकने के लिए बीजीआर कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा लगभग 20-25 राउंड शेष पेज 15 पर

ग्रामीणों ने कहा

ग्रामीणों ने कहा कि जब हम जमीन नहीं देना चाहते हैं तो कोल कंपनियां जबरदस्ती हमारे जमीन पर कब्जा कर रही हैं। बीजीआर कंपनी कंटेनर बैठने के क्रम में चारदिवारी का कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इसे रोकने का प्रयास किया इसी बीच पुलिस ने ग्रामीण पर गोलियां चला दी।

पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास कार्यों को दे रहे गति : सीएम

पहाड़ी मंदिर में बड़ा झंडा लगाने का खमियाजा हम आज भी भुगत रहे हैं : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कांटाटोली फ्लाईओवर के उद्घाटन समारोह में हेमंत सोरेन ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए हमारी सरकार एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य में मूलभूत सुविधाओं को निरंतर सुदृढ़ और मजबूत किया जा रहा है। हमारी सरकार वर्तमान के साथ-साथ भविष्य का ख्याल रखते हुए विकास कार्यों को गति देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची शहर का क्षेत्रफल सीमित है उसी प्रकार पूरे झारखंड का क्षेत्रफल भी सीमित है। विकास कार्य भी इसी अनुरूप करने होंगे। विकास के रास्ते पर चलते हुए हम रांची या फिर पूरे राज्य के क्षेत्रफल को बढ़ा नहीं सकते हैं, बल्कि विकास की गतिविधियों से उसे घटा जरूर सकते हैं। मैं बार-बार कहता हूं शहर में हम बड़े-बड़े बिल्डिंग बना रहे हैं लेकिन बिल्डिंग खड़ा करने के रेस में पेड़-पौधे भी बड़ी तेजी से काटे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा नहीं तो आने वाले दिनों में मनुष्य जीवन को बहुत मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। विकास के पैमाने को खींचते-खींचते कहीं हम पर्यावरण को नुकसान न करें, यह सुनिश्चित करनी होगी। इन चीजों पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी योजना विभाग ले तो पहले पर्यावरण की क्षतिपूर्ति को कैसे पूरा किया जाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सड़क के नाम पर, रेलवे लाइन के नाम पर अनगिनत पेड़ काटे जाते हैं लेकिन लगाने के नाम पर खाना पूर्ति की जाती है। इसलिए हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम पर्यावरण की रक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शहरों का कूड़ा-करकट गांव की ओर नहीं डालना होगा। अब हमें भी सचेत रहना होगा। बड़े कॉलोनी तथा सोसाइटी बना रहे हैं। सभी सोसाइटी और कॉलोनी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था किया जाए। मैं विभाग से इसके लिए शीघ्र आदेश जारी करने को कहूंगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोई भी काम बेहद सोच-समझकर और वैज्ञानिक मानकों पर खरा होने पर ही करना चाहिए। पहाड़ी मंदिर में बड़ा झंडा लगाने का खमियाजा हम आज भी भुगत रहे हैं। कभी-कभी हम अपने हाथों से ऐसा नुकसान कर बैठते हैं। सीएम ने कहा कि एक समय रांची में रात को एसी और पंखा चलाने की जरूरत नहीं पड़ती थी। आज स्थिति बिल्कुल अलग है। पेड़ों की कटाई कर शहर में बड़े-बड़े भवन बन रहे हैं। पेड़ लगाने के नाम पर भी खाना पूर्ति हो रही है। लोग गेंदा और गुलाब के पौधे लगा रहे हैं। लेकिन इसको लगाने से पर्यावरण नहीं सुधरेगा। पर्यावरण को बचाना है तो पीपल और नीम के पेड़ लगाने होंगे। कहा, हमने कार्यक्रम में फूल देने की परंपरा खत्म कर दी है। बुके देकर क्या पांच सौ हजार रुपए बर्बाद करना। इसलिए अब हम किसी भी कार्यक्रम में भेंट में पौधा देते हैं।

विकास कार्यों में सभी की सहभागिता जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई मायनों में देखें तो यह बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि कानून भी हम जैसे लोग बनाते हैं और कानून हम जैसे लोग ही तोड़ते हैं। यह हमसभी को स्वीकार करने की जरूरत है कि अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि साफ-सफाई की समस्या हो, आवागमन की समस्या या बात अपने गली-मोहल्ले की हो, ढेर सारी समस्याएं ऐसी हैं जिसे हमसभी लोग मिलजुलकर आपसी सहभागिता से सुधार सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी-कभी लोग अपने ही हाथों से कुछ नुकसान कर बैठते हैं, जिसका असर पूरी व्यवस्था पर होता है। मैं किसी की शिकायत नहीं कर रहा हूं लेकिन लोहे की भार से रांची स्थित ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में बड़ा झंडा लगाया गया, जिस कारण पहाड़ी मंदिर का अस्तित्व खतरे में आ गया। इसलिए हमें पूरे वैज्ञानिक रूप से चीजों को समझने और जानने की जरूरत है ताकि उसका नफा-नुकसान का आकलन कर कार्यों को अंजाम दी जा सके। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद डॉ. महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, कल्पना सोरेन सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

सीजीएल परीक्षा रद्द कराने को लेकर देवेंद्र महतो करेंगे आंदोलन

जेबीकेएसएस ने जेएसएससी सीजीएल आंदोलन का मोर्चा संभाला

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा अब और भी तूल पकड़ लिया है। अब इस परीक्षा को रद्द करने की मांग की जा रही है। उक्त बातें जेबीकेएसएस के देवेंद्र नाथ महतो कही। वे शुक्रवार को बापू वाटिका में प्रेस कांफ्रेंस कर आंदोलन के लिए छात्रों को गोलबंद किया। वहीं राज्य स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। जिसके तहत शनिवार को संपूर्ण झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों में संध्या मशाल जुलूस सह मुख्यमंत्री और जेएसएससी अध्यक्ष का पुतला दहन किया जायेगा। रांची में मशाल जुलूस शाम 5 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला जायेगा। वहीं रविवार को सरकार पर डिजिटल प्रहार एक्स अभियान किया जाएगा। सोमवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के साथ उपायुक्त कार्यालय के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और जेएसएससी अध्यक्ष को लिखित ज्ञापन सौंपा जाएगा। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने इस चरणबद्ध आंदोलन को सफल बनाने हेतु राज्य के सभी छात्र, अभिभावक, शिक्षक एवं सभी सामाजिक संगठनों से समर्थन का अपिल किया है। प्रेस वार्ता में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के योगेश चंद्र भारती, चंदन रजक, हर्षित, कौशल, इमाम, गणेश, जय प्रकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता

सिल्ली। शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के बच्चों को अपने सपने पूरे करने में किसी भी प्रकार की कोई बाधा न आए यह हमारी प्राथमिकता है। इसी कड़ी में हाई स्कूल के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना की शुरूआत की जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए यह किचन वरदान साबित होगा। उक्त बातें सिल्ली विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए युवा मध्याह्न भोजन योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में कही। इस योजना के तहत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। इसका संचालन प्रगति प्रयास फाउंडेशन के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यर्थियों को निःशुल्क बस सेवा स्टूडेंट एक्सप्रेस, निःशुल्क उड़ान कोचिंग सेंटर, स्मार्ट क्लास, वीआर लैब जैसी सुविधाएं मिल रही है। हमारी तैयारी शिक्षा के क्षेत्र में जल्द नए और व्यापक बदलाव लाने की है। सिल्ली विधानसभा के सभी सम्मानित परिवारों को हम यह विश्वास दिलाते हैं कि किसी भी वजह से उनके बच्चों की पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आएगी। प्रगति प्रयास फाउंडेशन के चेयरपर्सन अंकित जैन ने कहा कि इस योजना को सिल्ली विधानसभा में शुरू करने के लिए सुदेश महतो के साथ हमारी बातचीत कई महीनों से चल रही थी। आज सिल्ली स्टेडियम के समीप स्थापित यह किचन सुदेश महतो की सोच का नतीजा है। यहां के बच्चों के लिए उनकी सोच ने हमारी पूरी टीम को प्रभावित किया है। हमें किचन के लिए उपयुक्त जगह उपलब्ध कराने के साथ उन्होंने खुद से सभी उच्च क्वालिटी की मशीनों का चयन कर यहां इनस्टॉल करवाया है। युवा मध्याह्न भोजन योजना से 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाले सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 5 हजार से अधिक बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत देश में पहली बार 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को मिड डे मील मिलेगा। सिल्ली स्टेडियम के पास बने मेगा किचन में खाना पकाया जाएगा और फिर यहां से पूरे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हाई स्कूलों में यह खाना गरमा गरम पहुँचाया जाएगा।

सामने बहुत बड़ा युद्ध है, इसमें सभी का सहयोग जरूरी : हिमंता

कमलेश के योगदान से राज्य में परिवर्तन को बल मिलेगा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष व हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस मौके पर हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा के सदस्य के रूप में पूर्व से ही कमलेश सिंह रहे हैं। आज केवल तकनीकी औपचारिकता पूरी हुई है। धीरे-धीरे समय आ रहा है, चुनाव की घोषणा होगी। कमलेश से आग्रह है कि सबको साथ लेकर चलें। इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। सबका विश्वास हो तो परिवर्तन को कोई रोक नहीं सकता है। कमलेश के योगदान से परिवर्तन को बल मिलेगा। विकास के मापदंड पर प्रथम पांच राज्यों में झारखंड को ले जाना है। सरमा ने कहा कि हमारे सामने बहुत बड़ा युद्ध है। इस युद्ध में कैसे हम जीत हासिल करें, यह संगठन में काम करने वाला एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बनती है। हम पार्टी को सहयोग करें। हमें अपनी पसंद और नापसंद से ऊपर उठकर यह देखना चाहिए कि झारखंड को विकास की राह पर और अंधकार युग से बाहर ले जाने के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार की जरूरत है। भाजपा की सरकार बनाने के लिए हर एक कार्यकर्ता के सहयोग की जरूरत है।

कमलेश के आने से भाजपा को बल मिलेगा : मरांडी

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता संकट थी। सरकार में रहते हुए कमलेश सिंह ने भाजपा का साथ दिया। भाजपा ने जब आवाज दी, तब कमलेश साथ देने के लिए तैयार रहे। उनके आने से झारखंड में भाजपा को नयी ऊर्जा पर ताकत मिलेगी। एनसीपी से बात करके ही कमलेश भाजपा ज्वाइन किए हैं। भारतीय जनता पार्टी में सभी का स्वागत है। जो संगठन के कार्यकर्ता हैं, वे बड़े लक्ष्य को देखें? झारखंड को मुश्किल से निकालना है।

झारखंड की तस्वीर और तकदीर भाजपा ही बदलेगी : कमलेश सिंह

विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी से जुड़कर गर्व महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। झारखंड की तस्वीर और तकदीर भाजपा ही बदलेगी। वे पूरे पलामू प्रमंडल में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुंद्र है। विरोधियों की कोई हैसियत नहीं है। एक सिपाही की तरह भाजपा से जुड़कर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में झारखंड में बेरोजगारी, लूट, घुसपैठिए, बलात्कार, हत्या बढ़ी है। चुनाव के वक्त जनता से झूठे वादे किए गए। उन्हें झूठा आश्वासन दिया गया। वर्तमान सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। वे वहां लाचार महसूस कर रहे थे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा निराशा और हताशा में आशा का संचार करने वाली पार्टी है। पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। भाजपा राज्य की निमार्ता है। राज्य को बचाने और विकास करने की जिम्मेदारी भी भाजपा की ही है। भाजपा ज्वाइन करने वालों में एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूर्या सोनम सिंह, प्रदेश महासचिव गोपाल सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मन्नान खान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रदेश संगठन मंत्री आदर्श सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान सहित हाजी अब्बास अंसारी के साथ पूरे झारखंड से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

न्यूज बॉक्स

राज्यपाल से मिले शिवराज

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को केन्द्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने लेक एवेन्यू मार्ग का किया शिलान्यास

रांची। कांके रोड स्थित लेक एवेन्यू मार्ग के मार्ग का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पूजा- अर्चना कर श्रीफल फोड़कर शिलान्यास किया। पिछले कई वर्षों से लेक एवेन्यू मार्ग के कॉलोनी वासियों का प्रयास था रोड सरकार द्वारा बनवाई जाए। परंतु अंत में सांसद से निवेदन किया गया और उन्होंने रोड बनवाने का वादा किया। पीसीसी रोड के शिलान्यास कार्यक्रम में कांके के विधायक समरी लाल, पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू, लेक एवेन्यू के मुकेश काबरा, विकास सिंह, रविंद्र मोदी, कमल गोयंका, भगवती भुवालका, नकुल तिर्की, नीरज गर्ग, संजय सर्राफ, प्रवीण राजगढ़िया, विकास मोदी, गौरव काबरा, आनंद जालान, विक्की गर्ग, रामप्रसाद जालान, विवेक सिंघानिया, आकाश खोसला, मधुसूदन, उषा जालान, दीपाली गर्ग, के अलावे बड़ी संख्या मे लेक एवेन्यू मार्ग के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम मे सांसद संजय सेठ एवं कांके विधायक समरी लाल ने लेक एवेन्यू गली की सभी समस्याओं से अवगत होते हुए शीघ्र ही समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया।

कमलेश सिंह के बीजेपी में आने से कहीं खुशी, कहीं गम

रांची। हुसैनाबाद विधानसभा सीट के एनसीपी विधायक कमलेश सिंह शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उनके भाजपा में जाने से एक पक्ष में काफी खुशी है, तो दूसरे पक्ष में काफी नाराजगी भी है, यू कहे तो हुसैनाबाद में सब कुछ अंदर खाने ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा के बड़े नेता बोल रहे हैं कि कमलेश सिंह को आने से हुसैनाबाद सीट काफी मजबूत होगी, वही बीजेपी से प्रयासरत नेता को टिकट न मिलने से नाराजगी भी है। दरअसल शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता लिया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र राय उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के बाद कमलेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने से मैं काफी गर्व महसूस कर रहा हूं। पार्टी के सदस्य के नाते हमारा कर्तव्य बनता है कि पार्टी के निर्देशों का पालन करुं। भाजपा समुद्र है और इसके विरोधी कुआं है। कुआं समुद्र के मुकाबले खड़ा नहीं हो सकता है।

कांटाटोली फ्लाईओवर पर दुकानदारों ने जतायी चिंता, कहा व्यापार में आयेगी कमी कंपनी

रांची। काटांटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन हेमंत सोरेन ने कर दिया। इस फ्लाईओवर को बनने से स्थानीय दुकानदार दुखी हैं। उनका कहना है कि कांटाटोली फ्लाईओवर बनना बहुत ही अच्छी बात है, लेकिन दुकानदारों का 10 से 20% बिक्री घटे जायेगा। पुल ओपनिंग होने के बाद नीचे भीड़ कम दिखाई दे रही है। सभी गाड़ियां ऊपर से ही गुजर जा रही है। दूसरी चीज है कि काफी लंबे दूरी में कट दिया गया है, जिसके कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत होगी। ओवर फ्लाईओवर निर्माण में जिनकी दुकान गई है उनको 75-75 हजार रुपए करके दिए गए हैं। वही जिनका घर गया है, अब तक उनका पूरा पैसा पेमेंट नहीं हुआ है।

ऑटो ड्राईवर ने कहा लोगों को जाम से मिलेगी मुक्ति : कांटाटोली में ऑटो ड्राइवर संजय कुमार ने कहा कि यह कांटाटोली फ्लाईओवर बन जाने से काफी लोगों को सुविधा होगी। इससे जाम से मुक्ति मिलेगी। मैं इससे अच्छे से देख रहा हूं। क्योंकि मैं भी एक पढ़ा लिखा व्यक्ति हूं मैं साइकोलॉजी में बीए कर रखा है। यह अच्छा काम है रांची को लोगों को सुविधा मिलेगी।

केंद्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री रांची पहुंचे

रांची। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। रांची हवाई अड्डे पर सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार एवं अधिकारियों ने उनका स्वागत किया, जो इस क्षेत्र के लिए इस दौरे के महत्व को रेखांकित करता है। अपने प्रवास के दौरान श्री दुबे झारखंड में कोयला एवं खनन क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पहले दिन वे सीएमपीडीआईएल के अधिकारियों के साथ चल रही परियोजनाओं का आकलन करने और भविष्य की पहलों पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे।

निर्वाचन कार्य से जुड़े पुलिस पदाधिकारियों के लिए ट्रेनिंग अनिवार्य : के रवि कुमार

प. बंगाल व तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों ने झारखंड के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दिया निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के संचालन एवं प्रबंधन में पुलिस के पदाधिकारी महती भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रिसाईडिंग ऑफिसर और पोलिंग ऑफिसर की तरह निर्वाचन कार्य से जुड़े पुलिस के हरेक स्तर तक के पदाधिकारियों के लिए मैनुअल तैयार करते हुए उनकी ट्रेनिंग कराना सुनिश्चित करना है। रवि कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग से ड्यूटी पर लगे पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य के निर्वहन में स्पष्टता आएगी। साथ ही वे अपनी जिम्मेदारियां तत्परता से निभा सकेंगे और उन्हें यह मालूम रहेगा की निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान क्या करना है और क्या नहीं। वे आज राज्य के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरिज आफताब ने पदाधिकारियों को चुनाव की घोषणा से पूर्व प्रारंभिक कार्य एवं मतदान केन्द्रों का वर्गीकरण, वल्नरेबिलिटी का मूल्यांकन और क्रिटिकल विश्लेषण के विषयों एवं मतदान पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के पश्चात की अवधि के लिए सुरक्षा व्यवस्था के विषयों पर बिंदुवार विस्तृत रूप से रेखांकित किया।

आपसी समन्वय बेहद जरूरी : तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सत्यव्रत साहू ने प्रशिक्षण सत्र में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जरूरतों का आकलन, स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों से उनके समन्वयन एवं राज्य के पुलिस बल के साथ उनकी तैनाती से संबंधित विषयों को रेखांकित किया। साथ ही उनसे संबंधित स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों को भूमिका को बताया। निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था, जिसमें एमसीसी एवं व्यय निगरानी, नवाचार एवं सुधार से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के पदाधिकारियों से फीडबैक प्राप्त करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया।

कार्यकम में इनकी रही मौजूदगी : इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, राज्य सीएपीएफ के नोडल डीआईजी इंद्रजीत महथा, पुलिस हेडक्वार्टर के निर्वाचन सेल के डीआईजी धनंजय कुमार कुमार सिंह, रांची, हजारीबाग, चाईबासा, पलामू, बोकारो एवं दुमका प्रक्षेत्र के डीआईजी, सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक,पुलिस अधीक्षक, जिलों के निर्वाचन प्रकोष्ठ के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की थी अनुशंसा

पीएम राहत कोष से 9 माह में ईलाज को मिले 59 लाख

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से रांची लोकसभा क्षेत्र के 25 लोगों को उपचार के लिए लगभग 59 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। जनवरी 2024 से सितंबर 2024 के बीच यह राशि संबंधित अस्पतालों को दी गई है।

विदित हो कि सांसदों की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से गंभीर बीमारी के उपचार हेतु प्रधानमंत्री की स्वीकृति पर देश के गरीब लोगों को राशि उपलब्ध कराई जाती है। संजय सेठ के सांसद बनने के उपरांत ही अब तक बड़ी संख्या में लोगों को इलाज के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। जनवरी 2024 से सितंबर 2024 के बीच जो राशि उपलब्ध कराई गई है, वह 59 लाख रुपए है।

जिसमें प्रमुख रूप से किडनी, कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियां शामिल हैं। जिन्हें राशि उपलब्ध कराई गई है, उनमें 11 लोगों को कैंसर के उपचार हेतु शेष अन्य लोगों को अलग-अलग रोगों के उपचार हेतु यह राशि दी गई है। यह राशि बीमारी के अनुसार अधिकतम तीन लाख रुपए तक की है।

इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि यह प्रधानमंत्री की मानवीय संवेदना है। प्रधानमंत्री ने देश के खजाने को देश की जनता के लिए ही खोल कर रखा है यह बड़ी बात है की देश की गरीब जनता उपचार के लिए अब दर-दर की ठोकर नहीं खाती है। उनके बेहतर उपचार के किए पीएम उनके साथ खड़े हैं।

ऐसे मिलती है राशि : प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से इलाज के लिए मरीज या उनके अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, अस्पताल का इस्टीमेट, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, सांसद का अनुशंसा पत्र, मरीज या उनके परिवार का एक आवेदन आवश्यक है। इसके साथ ही संबंधित अस्पताल का पीएम राहत कोष से संबद्ध होना भी जरूरी है। आवेदन के 40 दिन के अंदर तक पीएमओ की समिति राशि स्वीकृत कर संबंधित अस्पताल को भेज देती है।

संजय सेठ ने पीएम के प्रति कृतज्ञता प्रकट की

'हिंदू धर्मयोद्धा' हिंदू समाज का प्रहरी होगा : स्वामी दिव्यानंद

रांची। नवरात्रि के द्वितीय तिथि को मेन रोड स्थित श्री राम मंदिर में हिंदूवादी संगठन 'हिंदू धर्मयोद्धा' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की आगाज स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के सानिध्य में लोगो व पोस्टर का विमोचन करके शुभारंभ किया गया। स्वामी दिव्यानंद जी ने बताया कि दुर्गा पूजा के बाद संगठन का विस्तार किया जाएगा। संगठन का थीम 'धर्म रक्षति रक्षित' को अपने मन में यह भाव रखकर संगठन का स्लोगन 'उत्तिष्ठ भारतः' रखा गया है। स्वामी जी ने संपूर्ण हिंदू सनातन समाज से संगठन को नैतिक समर्थन प्रदान करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन भी दिया कि संगठन के सारे योद्धा हिंदुत्व की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थापक के रूप में स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, मुरारी लाल गुप्ता, रवि दत्त बबलू, अभिषेक मद्धेशिया, ललित चौधरी, डॉक्टर महेंद्र राज, निलय सिंह, राजेश प्रसाद, मनीषा शर्मा, डॉ रूबी, शिला साहू, अनिता कुमारी एवं नूपुर कुमारी के साथ और भी गणमान्य जन उपस्थित थे।

मिशन मोड में चलेगा यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम : आराधना पटनायक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार देश को टीबी मुक्त (यक्ष्मा उन्मूलन) करने को लेकर एक बड़ा अभियान चलाने जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार की अपर सचिव और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अभियान निदेशक अराधना पटनायक ने कहा कि देशभर में यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत अभियान की तरह मिशन मोड में चलेगा। देशभर के उपायुक्तों को दिल्ली बुलाकर जल्द ही इसकी रूपरेखा को साझा किया जाएगा। केंद्रीय अपर सचिव शुक्रवार को रिम्स प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत झारखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि 2025 तक देश को टीबी मुक्त कर देना है। इसके लिए मिशन मोड में जांच, इलाज, प्रचार-प्रसार और नि-क्षय आहार उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना बनाएं और उसे गांव-गांव तक पहुंचाएं। टीबी मरीज के परिजनों के लिए भी नि-क्षय आहार देने पर सरकार विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि टीबी हमारी टीम से बड़ा नहीं है। एक-एक सहिया के हिस्से देखें तो बड़ी मुश्किल से एक या दो मरीज मिलेंगे। एक

सीएचओ के लेबल से देखें तो पांच से सात मरीज हो सकते हैं। इसलिए टीबी बड़ा नहीं है। जरूरत है बड़े स्तर पर टीबी मरीजों की पहचान करने और उन्हें दवा खिलाकर बीमारी समाप्त करने की। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक अबु इमरान ने राज्य में एनएचएम के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

बैठक में एनएचएम के प्रशासी पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण किशोर, रिम्स अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ लाल माझी, डॉ जॉनएफ कैनेडी, डॉ प्रदीप, डॉ पुष्पा, डॉ कमलेश, डॉ रंजीत, डॉ पंकज, अनिमा किस्कू, अकय मिंज सहित अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान केंद्रीय अपर सचिव ने ओडिशा के मलकानगिरि जिला अस्पताल की सुदृढ़ व्यवस्था की चर्चा की और कहा कि वहां की व्यवस्था और कामकाज के तरीकों को सीखने के लिए एक बार वहां जरूर विजिट करें, ताकि उसी मॉडल के अनुरूप यहां भी व्यवस्था लागू करने में सहूलियत हो।

उन्होंने कहा कि मलकानगिरि जिला अस्पताल में एमआरआई से लेकर कीमो तक की व्यवस्था है।

रांची और हजारीबाग के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

समीक्षा से पूर्व केंद्रीय अपर सचिव ने हजारीबाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चुरचू, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बांसडीह और रांची के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओरमांझी का निरीक्षण किया। व्यवस्था में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर सचिव ने हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर आवश्यक निर्देश भी दिए।

सीएचसी, ओरमांझी में मरीजों की संख्या बढ़ाने का निर्देश

केंद्रीय अपर सचिव ने सीएचसी ओरमांझी में मरीजों की संख्या बढ़ाने एवं मरीजों की निजता के लिए दो बेड के बीच पर्दा लगाने एवं ओपीडी में चिकित्सकों के बैठने की व्यवस्था करने की हिदायत दी। साथ ही केंद्र में कार्यरत सभी पदाधिकारी व कर्मचारियों का ब्योरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

व्यवस्था सुधार के लिए लगातार फील्ड विजिट करें

समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को लगातार फील्ड विजिट करने की हिदायत दी। कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था, दवाओं और किट की उपलब्धता की समय-समय पर जांच करें और कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक पहल करें। उहोंने कहा कि सीएचसी और पीएचसी लेबल पर प्रशिक्षण देकर और बेहतर व्यवस्था बनाएं। उन्होंने एनक्वास, लक्ष्य, सुमन, एनसीडी, लेप्रोसी, सिकल सेल एनीमिया, कालाजार, डेंगू-चिकनगुनिया, एचआर सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। क्षेत्र भ्रमण में मिले फीडबैक के आधार पर उन्होंने एनएचएम, झारखंड के कार्यों की सराहना भी की और कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार बेहतर हो रही है। सब सेंटर स्तर पर प्रसव हो रहे हैं, जो अच्छी बात है।

न्यूज बॉक्स

होमगार्ड के जवानों का आरोप रिम्स ने पिछले 3 महीने से नहीं मिला है वेतन

रांची। रिम्स में तैनात होमगार्ड के जवानों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। होमगार्ड के जवानों का आरोप है कि रिम्स प्रशासन की लापारवाही से या जानबूझकर होमगार्ड के जवानों का वेतन समय-समय पर रोक दिया जाता है। अभी जुलाई माह से वेतन नहीं मिला है। जुलाई, अगस्त, सितंबर तीन महीने का वेतन बकाया है। त्यौहार के समय भी वेतन नहीं मिलेगा तो नौकरी करने का क्या मतलब?

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रिम्स के पीआरओ राजीव रंजन से बात की । उन्होंने बताया कि जुलाई और अगस्त महीने का अब्सेंटी और बिल होमगार्ड की तरफ से सितंबर के अंतिम सप्ताह में आया है। इसलिए उनको वेतन नहीं मिला है। जुलाई का पेमेंट शीघ्र हो जाएगा। लेकिन अगस्त का वेतन में विलंब होगी क्योंकि अगस्त से होमगार्ड जवानों के मानदेय में वृद्धि हुई है इस वृद्धि का अप्रूवल हायर अथॉरिटी से मिलने के बाद ही अगस्त माह का वेतन मिलेगा। सितंबर का अब्सेंटी और बिल अभी होमगार्ड की तरफ से नहीं आया है।

भवन नियमितीकरण की मांग

रांची। भवन नियमितीकरण योजना जल्द प्रभावी हो, इस लिए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स और नगर प्रशासक की एक महत्वपूर्ण बैठक निगम कार्यालय में संपन्न हुई। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि राज्य की जनता सरकार के इस जनकल्याणकारी योजना के जल्द प्रभावी होने की प्रतीक्षा में हैं। नगर विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित इस योजना के जल्द प्रभावी होने से राज्य में लाखों भवन/मकान टूटने से बचेंगे और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 1 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी सुझाया कि वैसे भवन जिनकी उंचाई 15 मीटर से 21 मीटर तक है, उन्हें भी उचित फाइन लेकर नियमितीकरण करने का प्रावधान किया जाय और पिलिंथ एरिया को 500 स्कवॉयर मीटर से 600 स्कवॉयर मीटर कर दिया जाय। वैसे भवन जिनकी उंचाई 15 मीटर से कम है तथा पिलिंथ एरिया 500 स्कवॉयर मीटर से अधिक है और जो नगर निगम क्षेत्र के बाहर हैं, उनमें 500 स्कवॉयर मीटर की बाध्यता को पूणरूप से खत्म कर देना चाहिए तथा उंचाई 15 मीटर से 25 मीटर कर दी जाय। इस प्रावधान को नॉर्म्स में समाहित करने से यदि सुरक्षा कारणों से फायर फाइटिंग की स्वीकृति लेनी होगी, तब उसका अनुपालन करने के लिए हम तैयार हैं। नगर प्रशासक संदीप सिंह ने चैंबर द्वारा दिये गये सुझावों पर विभागीय समन्वय बनाकर कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, आर्किटेक्ट अरूण कुमार, सदस्य अविराज अग्रवाल, आलोक सरावगी शामिल थे।

गेट टूगेदर सह एलुमनी मीट का आयोजन

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन में गेट टूगेदर सह एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। पारंपरिक शैली में जनजातीय नृत्य, गायन व वादन के साथ विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। मनोरंजक खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने अपना अनुभव साझा किया।

राखी और मधु तिर्की ने राष्ट्रीय कुश्ती में पदक जीत राज्य का नाम किया रोशन

तिर्की बहनें अपराजेय नारी शक्ति की जीवंत उदाहरण

गरीबी से संघर्ष कर कुश्ती में बनाई पहचान | **समाज ने दिए ताने, मजाक भी उड़ाया गया**

माता दुर्गा की पूजा भक्त शक्ति के लिए करते हैं। वहीं, नारी स्वयं शक्ति की प्रतीक है। पर, हम देखें तो भारतीय, खास तौर पर झारखंडी महिलाओं का जीवन ऐतिहासिक रूप से संघर्षपूर्ण रहा है। फिर भी बहुत-सी महिलाओं ने न सिर्फ मंजिल पाई है, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बनी हैं। आज हम तिर्की सिस्टर्स, राखी तिर्की और मधु तिर्की, की चर्चा कर रहे हैं।

काजल मेहता

रांची। तिर्की बहनें आत्मविश्वास और अपराजेय भारतीय नारी शक्ति की जीवंत उदाहरण हैं। अपने आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रयास से नकारात्मक परिस्थितियों को बदलने वाली तिर्की बहनों - राखी तिर्की और मधु तिर्की - ने राष्ट्रीय कुश्ती में पदक जीत कर रांची और झारखंड का नाम रोशन किया। माता-पिता के प्यार और समर्थन के बीच गरीबी से मुकाबला करते हुए कुश्ती खेल में अपनी जगह बनाई। जिस समय तिर्की बहनों ने कुश्ती खेल को चुना था, उस समय रांची में महिला कुश्ती खिलाड़ी नहीं थीं।

इसलिए कुश्ती खेलने वाली लड़कियों से शादी कौन करेगा, जैसे समाज के ताने भी सहे। लेकिन, हार नहीं मानी और अपनी पहचान बनाई। राखी और मधु तिर्की राजधानी के बड़ा तालाब स्थित पुरानी रांची बस्ती की रहने वाली हैं। उनका बचपन इसी बस्ती में गुजरा है। मधु तिर्की ने बताया कि पारिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब थी।

उनका बचपन काफी गरीबी में गुजरा था। वे कुल पांच भाई-बहनें हैं, जिनमें चार बहन और एक भाई है। कहा कि मां अशिक्षित हैं और पिता ने अधिक पढ़ाई नहीं की थी। पिता घर की जरूरतों को मजदूरी करके पूरा करते थे। मधु ने कहा, पिताजी ने इतनी मुश्किलों के बीच भी मेरी बड़ी बहन राखी को पढ़ाई के साथ-साथ कुश्ती खेल को सीखने और इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मधु ने बताया, बड़ी बहन को कुश्ती खेलता देख कर मेरे मन में भी इसे सीखने का विचार आया। मधु ने कहा, मुश्किल भरी आर्थिक स्थिति के बीच भी हमारे माता-पिता हमेशा साथ खड़े रहे। गांव में खेत होने से कुछ सुविधा हो जाती थी। खेती से आए पैसों से खाने-पीने और अन्य जरूरतों को पूरा किया जाता था, लेकिन कई ख्वाहिशें अधूरी भी रह जाती थीं।

लड़कियां कुश्ती खेल से जुड़ें : मधु तिर्की

मधु तिर्की ने कहा, कुश्ती खेलने में लड़कियों के साथ समस्या तो है- कहीं लिंग भेद के कारण, तो कहीं सुविधा नहीं मिलने के कारण। महिलाओं को अक्सर दबाया जाता है। उन्होंने कहा, पुरुषों को आज भी कई विभागों में बेहतर माना जाता है। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए लड़ना चाहिए, और हमारी ओर से लड़ाई जारी है। कुश्ती बहुत बेहतरीन खेल है। लड़कियों को बढ़-चढ़ कर इस खेल से जुड़ना चाहिए। समाज के लोग भले ही पीछे खींचें, लेकिन लड़कियों को आगे बढ़ते रहना चाहिए। हालांकि, अब पहले की तरह मुश्किलें नहीं रहीं। अब महिला और पुरुष दोनों खिलाड़ियों को कुछ हद तक समान दर्जा दिया जाता है।

वर्ष 2013 में राखी ने जीता पहला रष्ट्रीय पदक

वर्ष 2011 में बड़ी बहन राखी तिर्की और मधु तिर्की ने कुश्ती शुरू की थी। कुश्ती में कदम रखने के एक वर्ष बाद ही 2012 में राज्य स्तरीय कुश्ती में दोनों बहनों ने जीत हासिल की। और, राजधानी की पहली महिला कुश्ती खिलाड़ी बन गऱ्इं। छोटी बहन जूही तिर्की ने भी दोनों बहनों से प्रेरणा लीं और कुछ ही वर्ष बाद कुश्ती खेलना शरू कर दिया। वर्ष 2013 में राखी तिर्की ने पहला राष्ट्रीय पदक अपने नाम किया। हालांकि, प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय पदक मिलने के बाद राखी का इंडिया कैंप के लिए चुनाव हुआ। इंडिया कैंप के लिए चुनाव तो हुआ, पर टीम में जगह नहीं बना पाऱ्इं। राखी ने हार नहीं मानी और कोशिश करती रहीं। वर्ष 2015 में मधु ने राष्ट्रीय पदक जीता। और, यहां से दोनों बहनें आगे बढ़ चलीं। दोनों बहनों का चुनाव इंडिया कैंप के लिए हुआ।

वर्ष 2016 में हेमंत सोरेन घर पहुंची थीं

वर्ष 2016 में हेमंत सोरेन ने तिर्की सिस्टर्स के घर गए और उन्हें प्रोत्साहित किया। उस वक्त हेमंत सोरेन ने दोनों बहनों को प्रोत्साहन राशि दी। साथ ही, हरियाणा में खेलने के लिए भिजवाने की भी बात कही थी। मगर किसी कारणवश राखी और मधु तिर्की को भेजा नहीं जा सका। दोनों बहनों को जाने की इच्छा तो थी, लेकिन सीएम हेमंत सोरेन या मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से कोई जवाब नहीं आया था। इसके बाद दोनों बहनों ने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन दोनों को झारखंड खेल नीति के अनुसार सालाना प्रोत्साहन राशि मिलने लगी। इस राशि से साइकिल खरीद कर दोनों बहनें ट्रेनिंग के लिए बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम जाने लगीं। वर्ष 2016 में ही जूनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और दोनों बहनों ने इस बार भी झारखंड का नाम रोशन किया और पदक हासिल की। इसी वर्ष राखी सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में खेलीं, मगर टीम की कुछ गलतियों के कारण वे पदक हासिल नहीं कर पाऱ्इं। दोनों बहनों ने राज्य स्तर पर कई मेडल हासिल किए हैं। झारखंड केसरी प्रतियोगिता में राखी तिर्की ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि मधु तिर्की को दूसरा स्थान मिला। बता दें कि झारखंड केसरी प्रतियोगिता में राज्य के स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी भाग लेते हैं।

रास्ते में आई कई मुश्किलें

मधु ने बताया कि दोनों बहनों ने कुछ समय के बाद ढेरों मेडल जीते, लेकिन उन्हें कोच नहीं मिल पाए। राखी और मधु तिर्की अकेले प्रैक्टिस करती थीं। उन्हीं दिनों वैश्विक महामारी कोविड-19 फैली। कोरोना संक्रमण के कारण मधु और राखी के साथ खेलने वाली महिलाओं ने कुश्ती छोड़ दी। इन्हीं दिनों राखी तिर्की ने भी पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण कुश्ती छोड़ दी। मधु ने कहा, उन दिनों जहां ट्रेनिंग के लिए जाती थी, वहां एक भी महिला कुश्ती खिलाड़ी नहीं थी। बहन राखी भी कुश्ती छोड़ चुकी थी। 10 से 12 लड़कों के बीच मैं अकेली लड़की थी, फिर भी कुश्ती खेलती रही। वर्ष 2021 में मधु ने अपनी बहन राखी को फिर से मैदान में आने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, घर की जिम्मेदारियों को भी बांटा।

राखी तिर्की व मधु तिर्की

लड़की होने के कारण कई अड़चनें आई

मधु ने बताया कि कुश्ती ट्रेनिंग के दौरान दोनों बहनें शाम में घर लौटती थीं। लौटने में देर होने के कारण मां हम बहनों की सुरक्षा को लेकर परेशान हो जाती थीं और ट्रेनिंग पर जाने के लिए मना करती थीं। वहीं, पिता का साथ हमेशा मिला। जब हम दोनों बहनें कुश्ती की ट्रेनिंग लेने जाती थीं, लड़की होने कारण हम भी डरे रहते थे कि शरीर को कोई कैसे छुएगा, पता नहीं। उस समय रांची में कोई महिला कुश्ती खिलाड़ी नहीं थी। पर, कोच भोला नाथ सिंह और रजनीश कुमार का समर्थन हमेशा रहा। सबकुछ उन्हीं की निगरानी में होता था। डर धीरे-धीरे खत्म हो गया। लोग ताना भी देते थे कि कुश्ती खेलने वाली लड़कियों से शादी कौन करेगा। लोग मजाक भी उड़ाते थे कि ये कमजोर लड़कियां कुश्ती का खेल कैसे खेलेंगी।

जेएसएसपीएस में प्रशिक्षक बनीं मधु तिर्की

इसी वर्ष मधु तिर्की को बतौर कुश्ती प्रशिक्षक झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) में बुलाया गया। हालांकि, मधु कुश्ती छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह जेएसएसपीएस में प्रशिक्षक के रूप में जाने के लिए तैयार हो गऱ्इं। यहां मधु ने खेल छोड़ा नहीं, बल्कि जारी रखा। वह स्वयं भी खेलती रहीं और अन्य बच्चों को भी सिखाया। मधु से प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों में से चार ऐसे कुश्ती खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मेडल जीते हैं। वे झारखंड के ऐसे पहले बच्चे हैं, जिन्होंने ने मधु तिर्की से प्रशिक्षण लेकर देश का नाम रोशन किया है। इनके अलावा और भी कई बच्चे हैं, जो मधु से प्रशिक्षण लेकर आज कुश्ती खेल में अपना लोहा मनवा रहे हैं।

अग्रवाल सभा ने बैडमिंटन खिलाड़ी अनिकेत को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में अनिकेत सर्राफ को सम्मानित किया। अनिकेत को बैडमिंटन में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अग्रवाल समाज का प्रतिष्ठित नंदलाल मोदी खेलकूद पुरस्कार दिया गया। डीएवी गांधीनगर के नौवीं कक्षा के छात्र अनिकेत सर्राफ ने गया के दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित ऑल इंडिया सीबीएसई बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024- 25 में झारखंड एवं बिहार बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता के अंडर-17 मे गोल्ड मेडल जीता। वहीं डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता मे जोनल एवं स्टेट स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल गेम्स के लिए चयनित हुआ है। अनिकेत ने इसी वर्ष जनवरी मे दिल्ली में राष्ट्रीय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता मे अंडर- 14 बैडमिंटन चैंपियनशिप मे सिल्वर मेडल जीता था, तथा झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता एवं झारखंड का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का अवार्ड मिला था। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि निर्मल कुमार काबरा ने अनिकेत सर्राफ को मोमेंटो, पुष्प गुच्छ, एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर बड़ी संख्या मे महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

नशे को ना-जीवन को हां

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लाला लाजपत राय पब्लिक स्कूल में नशा/अवैध ड्रग्स को लेकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के छात्रों को ड्रग्स के नाशक परिणाम,कानूनी पक्ष एवं इससे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

एएनटीएफ टीम सीआईडी से पुअनि रिजवान अंसारी ने अवैध ड्रग्स के क्रय - विक्रय करने वालों तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों से निपटने के लिए और उन पर कैसे और इस दिशा में झारखंड पुलिस कार्रवाई कर रही है तथा इससे बचने के लिए क्या क्या करना चाहिए के बिंदु पर विस्तार से बताया गया एनडीपीएस एक्ट में

अवैध ड्रग्स के विरुद्ध बने कड़े कानून और उनके प्रावधानों को भी बताया गया।सीआईडी टीम द्वारा मोबाइल नंबर छात्रों तथा विद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध कराया गया तथा बार कोड भी उपलब्ध कराया गया जिसे किसी भी वक्त छात्र/छात्राये और स्कूल प्रशासन अवैध ड्रग्स को लेकर किसी भी परेशानी/शिकायत के संबंध में संपर्क कर सकते हैं तथा जानकारी दे सकते है। इस कार्यक्रम में सीआईडी टीम के अलावा डीएलएसए के अधिवक्ता शिवानी सिंह, विशेष सदस्य श्री अतुल गेरा,एन0सी0बी0 के इंटेलिजेंस ऑफिसर एम मीना एवं अस्सिस्टेंट ड्रग्स डायरेक्टर राम कुमार झा ने विस्तार से अपने अपने मंतव्य रखें। सभी उपस्थित पदाधिकारी छात्र/छात्रा एवं शिक्षको द्वारा सम्पूर्ण नशा मुक्ति हेतु शपथ लिया गया।

नहीं पहुंचा एक भी गवाह, 3 आरोपी बरी

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी अमित गुप्ता की अदालत ने तीन आरोपियों को शुक्रवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। तीन आरोपियों राहुल कुमार, ज्योति देवी एवं रामबली यादव पर आरोप है कि रात्रि में घर में घुस कर बेटी का विवाह राहुल कुमार के साथ करने का दबाव बनाकर उसके साथ छेड़छाड़, मारपीट की। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से एक भी गवाह अदालत नहीं पहुंचा, जिसका लाभ आरोपियों को मिला। घटना को लेकर कौशल्या देवी ने 3 जनवरी 2018 को सुखदेव नगर थाना में तीनों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

32 खेलों के साथ राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ

रांची। राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 का शुक्रवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 32 खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेंदु तिग्गा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, झारखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, झारखंड एथलेटिक संघ के महासचिव ए के पांडे, भारतीय कबड्डी संघ के रेफरी बोर्ड के संयोजक बिपिन सिंह, झारखंड ताइक्वांडो संघ के वाइस प्रेसिडेंट मिथलेश कुमार सिंह, झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषध्यक्ष उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। उद्घाटन पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके की छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

क्विज्जार्ड 2024 प्रतियोगिता का समापन

आज के युवा क्रिकेट और फुटबॉल को ही खेल मानते हैं : प्रणव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बीआईटी मेसरा में आयोजित क्विज्जार्ड 2024 प्रतियोगिता शुक्रवार को सम्पन्न हुई। समापन से पहले कुल आठ टीमों के बीच कठिन मुकाबले में विजेता आईटीआईए रहा, जबकि उपविजेता का खिताब ब्रेंस्ट्रोमर्स ने प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन समिति के अध्यक्ष गरुवेंद्र सिंह ने उपस्थित निर्णायक मंडल के डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ संदीप नाथ शाहदेव को बधाई दी।

मौके पर डॉ प्रणव कुमार ने कहा की आज के युवा क्रिकेट, फुटबॉल को ही खेल के रूप में जानते है और खेलते हैं।

ऐसे में प्रबंधन के छात्रों ने पढ़ाई को भी खेल का रूप देकर एक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। खेल ही खेल में प्रबंधन के गुणों को सीखने के लिए इस प्रकार के आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को बधाई दिया। विजेता घोषित टीम को स्वर्ण पदक और उपविजेता टीम को रजत पदक पहना कर सम्मानित किया। समापन समारोह में डॉ जीपी मिश्र, डॉ प्रदीप मुंडा, डॉ संजय कुमार, डॉ सोमनाथ मुखर्जी सहित आयोजन में अपनी बेहतरीन भूमिका निभाने वाले सिरेन्द्र सिंह, यशवर्धन, विल्सन, सिमरन शाहदेव, सहित सैंकड़ो छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राणा प्रताप मिश्रा ने दिया।

युवती पर अनैतिक काम का दबाव डालने के आरोपित स्पा संचालकों पर मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर की छत से कूद कर जान देने की कोशिश करने वाली युवती ने शुक्रवार को पुलिस की पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए। युवती का आरोप है कि स्पा सेंटर के संचालक उससे स्पा में अनैतिक काम (जिस्मफरोशी) करने का दबाब देता था और उसे कैद में रखा जाता था। महिला इंस्पेक्टर नमृता ने युवती से पूछताछ के बाद उसे कांके स्थित वन स्टॉप सेंटर काउंसलिंग के लिए भेज दिया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पुलिस के सामने युवती ने यह बयान दिया है कि स्पा सेंटर का संचालक मनीष कुमार और संतन गुप्ता उस पर सेंटर में अनैतिक काम करने के लिए दबाव बना रहे थे। इसी से परेशान होकर उसने जान देने की कोशिश की थी। सिटी एसपी ने बताया कि युवती के बयान पर संचालकों के खिलाफ रांची के सुखदेव नगर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को स्पर्श सलून एंड स्पा में काम करने वाली युवती की वजह से एक घंटे तक पुलिस परेशान रही थी। युवती ने स्पा की खिड़की से छलांग लगा दी थी लेकिन वह जमीन पर गिरने की बजाय बालकनी में जा अटकी, जिसके बाद बड़ी मुश्किल से उसे रेस्क्यू किया गया था। उस समय स्थानीय लोगों और पुलिस के जरिये युवती को बालकनी से नीचे उतारा गया। इस दौरान युवती कैमरे पर यह बयान दिया था कि वह पारिवारिक जीवन से परेशान है। इसलिए सुसाइड करना चाहती थी लेकिन पुलिस के सामने युवती ने कुछ अलग ही कहानी बताई।

छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले 4 आरोपित गिरफ्तार

रांची। हाल के दिनों में शहर में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर महिलाओं और पुरुषों से सोने की चेन की छिनतई करने वाले गिरोह को पुलिस ने धर दबोचा है। गिरोह के तीन सदस्यों के साथ पुलिस ने एक सोनार को भी गिरफ्तार किया है।

पिठोरिया गैंग कर रहा था छिनतई : कोतवाली डीएसपी और कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में स्नैचर्स गिरोह के खिलाफ रांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रांची के पिठोरिया इलाके से रांची पुलिस की स्पेशल टीम ने तीन स्नैचर्स सहित चार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चारों आरोपियों में से एक सोनार भी है, जो छिनतई के गहनों को खपाने का काम किया करता था। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पूरा गिरोह रांची के पिठोरिया इलाके का रहने वाला है, वहीं से आकर शहर में छिनतई की वारदातों को यह गिरोह अंजाम देता था। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार महतो, दीपक महतो, जफर खान और सोनार आनंद कुमार उर्फ गोल्डी शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से बाइक और छीनी हुई कई सोने की चेन बरामद की गई है।

एक दर्जन कांडों का खुलासा : पुलिस के द्वारा गिरफ्तार अपराधियों ने ही पुलिस मुख्यालय के सामने एक आरक्षी से सोने की चेन छीन ली थी। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पिछले तीन महीना के दौरान इस गिरोह के द्वारा एक दर्जन छिनतई की वारदातों को अंजाम दिया गया था, उन सभी कांडों का खुलासा कर लिया गया है।

जफर के खिलाफ 16 मामले दर्ज : पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कुख्यात स्नैचर जफर के खिलाफ रांची के अलग-अलग थानों में कुल 16 मामले दर्ज हैं। जफर के द्वारा रांची के बरियातू, सदर, गोंदा, कांके और जगन्नाथपुर में कई बार सोने की चेन की छिनतई की गई थी। जफर कई बार जेल भी जा चुका है। लेकिन वह जेल से निकलने के बाद दोबारा स्नेचिंग का काम ही किया करता था।

आईएचएम में शुरू हुई पलाश दीदी कैफे परियोजना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

खाद्य सेवा क्षेत्र में ग्रामीण महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में पहल के तहत होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची और पलाश-झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के बीच एक समझौते के तहत- क्षेत्रीय क्लस्टर विकास परियोजना, के अंतर्गत पलाश आजीविका दीदी कैफे व कैटरिंग सर्विस फूड सर्विस सेक्टर क्लस्टर विकास योजना की शुरूआत शुक्रवार को हुई। इसमें आईएचएम, रांची में जेएसएलपीएस के एक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) से राज्य की दीदियों को संस्थान की ओर से प्रशिक्षित किया जाएगा व दीदी कैफे के अधिष्ठापन और संचालन में सहयोग देकर बेहतर उद्यमी बनने में मदद की जाएगी। आईएचएम रांची में पलाश दीदी कैफे के लिए फाउंडेशन कोर्स पाठ्यक्रम और पलाश दीदी कैफे व कैटरिंग सर्विस के तहत 10 दिवसीय प्रशिक्षण पाठयक्रम में दीदीयों को स्वच्छता, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, खाना पकाने की तकनीक, सेवा कौशल और प्लेट प्रस्तुतिकरण, विषय पर प्रशिक्षित किया जाएगा। शुक्रवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसएलपीएस के सीईओ विष्णु सी परिदा व विशिष्ट अतिथि के रूप में द ओपन फील्ड की संस्थापक डॉ मनीषा उरांव, नितीश कुमार सिन्हा, डॉ पंकज चटर्जी के अलावा आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार की उपस्थित रही। मुख्य अतिथि विष्णु परिदा ने पलाश ब्रांड के तौर पर दीदी कैफे कैंटीन की मांग को बढ़ावा देने स्थानीय व्यंजन के साथ लोगों के स्वादनुसार व्यंजन बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ मनीषा उरांव ने कहा कि झारखंड के स्थानीय व्यंजनों को पर्यटक पसंद कर रहे हैं। उन्होंने इस व्यवसाय को सोशल मीडिया का सदुपयोग कर आगे बढ़ाने पर जोर दिया। आईएचएम के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने कहा कि कोविड के समय से ही इस कार्यक्रम की शुरूआत करने के प्रयास किए जा रहे थे, जो कि तीन वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद जेएसएलपीएस के सहयोग से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कैटरिंग सर्विस प्रशिक्षण के माध्यम से दीदीयों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने स्थानीय व्यंजनों को लोगो तक पहुंच बनाने के लिए चलता-फिरता रेस्टोरेंट- फूड ट्रक, की शुरूआत के लिए भी प्रेरित किया।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 105 अफसरों को मिली प्रोन्नति

रांची। सरकार ने शुक्रवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 105 अफसरों को प्रोन्नति दी है। प्रोन्नति पाने वाले अधिकारियों को अभी बढ़े हुए वेतनमान में उसी पद पर पदस्थापित किया गया है। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी है।

नाम	पद
सुधीर कुमार दास	एमडी, बिवरेज कारपोरेशन
संजय पीएम कुजूर	डीटीओ, पाकुड़
गोरांग महतो	डीसीएलआर, पलामू
संजीव कुमार अपर	नगर आयुक्त, चास
वैभव कुमार सिंह	भू-अर्जन पदा., चतरा
सुशील कुमार राय	उप निर्वाचन पदा., गढ़वा
रंथु महतो	उप निर्वाचन पदा., गिरिडीह
हीरा कुमार	प्रोन्नत
सुरेंद्र कुमार	डीटीओ, लातेहार
जितेंद्र कुमार यादव	डीटीओ, पलामू
बिष्णुदेव कच्छप	अपर समाहर्ता, गोड्डा
अरविंद कुमार ओझा	भूमि सुधार उप समाहर्ता, खूंटी
कुमार अभिनव स्वरुप	आप्त सचिव, मंत्री हफीजुल हसन
अविनाश पूर्णेन्दु	डीएसओ, कोडरमा
शैलेश कुमार सिंह	उप निर्वाचन पदाधिकारी, देवघर
रविश राज सिंह	उप समाहर्ता, गढ़वा
सलमान जफर खिजरी	डीएसओ, जमशेदपुर
प्रभाष कुमार दत्ता	उप समाहर्ता, चास
गिरिजा शंकर महतो	भू-अर्जन पदा., कोडरमा
श्रीमति श्वेता वेद	उप निदेशक जियाडा
श्वेता कुमारी गुप्ता	उप परीक्षा नियंत्रक, जेपीएससी
ज्ञान शंकर जायसवाल	डीएसओ, लोहरदगा
ओम प्रकाश मंडल	उप समाहर्ता, जामताड़ा
प्रभात रंजन चौधरी	उप समाहर्ता, महुआडांड़
संध्या मुंडू उप समाहर्ता,	चाईबासा
अब्दुस समद	उप समाहर्ता, दुमका
रतन कुमार सिंह	अपर समाहर्त्ता पद पर प्रोन्नति
विजय नाथ मिश्र	अवर सचिव, पशुपालन विभाग
रितेश जायसवाल	भू-अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा
विकास कुमार राय	एसडीओ, चांडिल
प्रतिभा कुजूर	उप निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी
मनोज कुमार	डीटीओ, जामताड़ा
शैलेश कुमार प्रियदर्शी	डीटीओ, गिरिडीह
आबिद हुसैन	अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग
बिनोद प्रजापति	अवर सचिव, कल्याण विभाग
प्रदीप कुमार शुक्ला	डीएसओ, धनबाद
झुनु कुमार मिश्र	डीएसओ, साहेबगंज
विनोद कुमार कर्मकार	भू-अर्जन पदाधिकारी, दुमका
राजेश कुमार	अवर सचिव, पर्यटन विभाग
प्रभाकर ओझा	मु प्रशासी पदाधिकारी, झारखंड भवन
धनंजय कुमार	अवर सचिव, श्रम विभाग
अनुराग लकड़ा	उप परीक्षा नियंत्रक, जेपीएससी
नूतन कुमारी	उप निदेशक, रांची
देवदारा दत्ता	अवर सचिव-
	सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
पूर्णिमा कुमार	एसडीओ, चैनपुर
मां देव प्रिया उप	निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग
अनुराग कुमार तिवारी	एसडीओ, रामगढ़
रूबी कुमारी	उप निदेशक, कल्याण शोध संस्थान
राजीव नीरज	एसडीओ, गुमाल
किरण सोरेंग	अवर सचिव, स्वास्थ्य विभाग
अतुल कुमार	अवर सचिव नगर विकास विभाग
कपिल कुमार	एसडीओ, राजमहल
शैलेश कुमार	निर्वाचन विभाग
उत्तम प्रसाद	उप निदेशक भूमि संरक्षण निदेशालय
अमर प्रसाद	उप समाहर्त्ता, मधुपुर
दयानंद कार्जी	पंचायत राज पदाधिकारी, सिमडेगा
कौशल कुमार	एसडीओ, दुमका
सहजाद परवेज	एसडीओ, डुमरी
संजय कुमार प्रसाद	भूअर्जन पदाधिकारी, गढ़वा
वैद्यनाथ कामती	डीटीओ, हजारीबाग
कुशलमय केनेथ मुंडू	उप समाहर्त्ता, चक्रधरपुर
रिंकु कुमारी	पंचायत राज पदाधिकारी, जमशेदपुर
बिजय कुमार	उप निर्वाचन पदाधिकारी, जामताड़ा
वंदना सेजवलकर	डीटीओ, बोकारो
प्रमेश कुशवाहा	उप समाहर्त्ता, रंका
मनोज कुमार	पदस्थापन की प्रतीक्षा में प्रोन्नत
विशाल कुमार	डीटीओ, दुमका
गौतम कुमार साहु	उप नगर आयुक्त, रांची
निर्भय कुमार	भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग
अखिलेश कुमार	डीटीओ, रांची
राजेश कुमार साहू	पंचायत राज पदाधिकारी, रांची
इंदर कुमार	डीटीओ, चतरा
रश्मि लकड़ा	डीएसओ, लातेहार
रजनी रेजीना इंदवार	एसडीओ, पालकोट, गुमला
द्वारिका बैठा	भू-अर्जन पदाधिकारी, बोकारो
शुभ्रा रानी	उप निदेशक,
	स्कूली, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
प्रदीप भगत	डीएसओ, रांची
रवि प्रकाश	अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर
सुषमा लकड़ा	उप निर्वाचन पदाधिकारी, गुमला
कीर्तिबाला लकड़ा	अवर सचिव, राजस्व विभाग
सुनीता किस्कू	उप निर्वाचन पदाधिकारी, साहेबगंज
विजय केरकेट्टा	उप समाहर्ता, छतरपुर
सुरेंद्र उरांव	उप निर्वाचन पदाधिकारी, सरायकेला
अजय कुमार रजक	एसडीओ, लातेहार
सुजाता कुजूर	उप समाहर्त्ता, लोहरदगा
मनिंद्र भगत	डीएसओ, चतरा
मुकेश मछुवा	एसडीओ, बेरमो
जेसी विनीता केरकेट्टा	अवर सचिव, खाद्य आपूर्ति विभाग
सुनील चंद्र	एसडीओ, घाटशिला
पूनम अनामिका नाग	अवर सचिव, लोकायुक्त कार्यालय
उदय कुमार	उप समाहर्त्ता, लातेहार
प्रिंस गोडविन कुजूर	उप निर्वाचन पदाधिकारी, कोडरमा
महेंद्र छोटन उरांव	भू-अर्जन पदाधिकारी, सरायकेला
जयवंती देवगम	एसडीओ, बसिया
निवेदिता नियति	उप समाहर्त्ता, सरायकेला
मिथिलेश कुमार चौधरी	उप समाहर्त्ता, गोड्डा
संदीप अनुराग टोपनो	एसडीओ, चाईबासा
जयप्रकाश करमाली	डीटीओ, दुमका
ऐनी रिन्कु कुजूर	अवर सचिव, गृह विभाग
किस्टो कुमार बेसरा	एसडीओ, बुंडू
अजय भगत	भूमि उप समाहर्त्ता, बरही
छूटेश्वर कुमार दास	भू-अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज
शालिनी खलखो	डीएसओ, बोकारो
मुकेश कुमार बाउरी	पंचायती राज पदाधिकारी, धनबाद
रुद्र प्रताप	एसडीओ, रंका

आयुष्मान भारत में नए अस्पताल होंगे सूचीबद्ध

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड स्टेट आरोग्य समिति के कार्यकारी निदेशक अबू इमरान की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत निजी अस्पतालों की सूचीबद्धता एवं नए पैकेज दर को लागू करने के संबंध में बैठक आहूत की गई । बैठक में रिम्स के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ हीरेंद्र बिरूआ, सिविल सर्जन रांची, डॉ प्रभात कुमार, सिविल सर्जन लातेहार डॉ अवधेश कुमार सिंह, बीमा कंपनी के अशोक कुमार सहित अन्य ने भाग लिया। बैठक में झारखंड राज्य के जिला में टियर 2 श्रेणी के निजी अस्पतालों की सूचीबद्धता के लिए न्यूनतम 50 बेड होना अनिवार्य किए जाने पर निर्णय लिया गया। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जारी नई दर को नई बीमा अवधि से प्रारंभ करने की सहमति दी गई। इसके साथ ही राज्य के आंख के अस्पतालों के लिए राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम झारखंड के दिशा निर्देश के तर्ज पर आयुष्मान योजना अंतर्गत भी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने का दिशा निर्देश दिया गया। संबंधित सिविल सर्जन को जिले में वैसे अस्पताल जिनके नाम में रिसर्च सेंटर जुड़ा हुआ है, उन्हें किस आधार पर रिसर्च सेंटर के रूप में अधिकृत किया गया है इसे जांच करने को कहा गया।

अब 24 घंटे होगी बिजली की आपूर्ति

रांची। दुर्गा पूजा के दौरान रांची शहरी क्षेत्र में बिजली की खपत बढ़ने की आशंका में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। शहर को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा सके इसके लिए अभी दो दिन तक मेटनेंस कार्य चलेगा, इसके बाद (7 अक्तूबर) मेटनेंस कार्य बंद कर 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाएगी। बता दें कि शहर में बने पूजा पंडालों की साज सज्जा के चलते बिजली की खपत बढ़ जाती है। इसी के मद्देनजर पूरी कवायद की जा रही है। बता दें कि सामान्य दिनों में रांची शहर में 340 से 350 मेगावाट बिजली पीकआवर में खपत होती है। त्योहार के दौरान लोड बढ़ने से 20 से 30 मेगावाट बिजली की खपत बढ़ जाएगी। रांची विद्युत आपूर्ति अंचल के अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने बताया कि पूजा पंडालों का निरीक्षण किया जा रहा है और पंडाल के समीप लूज बिजली के तार को दुरुस्त किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने दुर्गा पूजा समितियों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर रांची नगर निगम ने शहर की पूजा समितियों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी दुर्गा पूजा समितियों के साथ बैठक की। इस बैठक में समितियों के प्रतिनिधियों ने हर वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान रांची नगर निगम स्तर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की और पदाधिकारियों को दुर्गा महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इसमें पंडाल प्रांगण, उसके आस-पास और संपर्क पथों पर नियमित साफ-सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, विसर्जन स्थलों की सफाई और बास-बल्ली से खतरनाक स्थलों को चिन्हित करते हुए घेराव, स्टोन डस्ट की उपलब्धता, फॉगिंग इत्यादि सुचारू रूप से किए जाने पर जोर दिया। इसके साथ ही समितियों के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पंडाल प्रांगण एवं मुख्य मार्गों में पानी का टैंकर एवं जगह-जगह महिलाओं एवं पुरूषों के लिए चलंत शौचालय की व्यवस्था करवाने का अनुरोध किया गया। इसके अलावा शहर के ब्लैक स्पॉट्स का आकलन करते हुए विशेष प्रकाश की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। इस मौके पर नगर आयुक्त के द्वारा दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान उन्हें किसी भी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा तथा निगम की टीम 24 घंटा पूरी मुस्तैदी के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा साफ-सफाई के लिए विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है एवं अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है। नवरात्र के दौरान रांची नगर निगम कनेक्ट सेंटर 24 घंटे सक्रिय रहेगा, जिसकी दूरभाष संख्या 1800-570-1235 या वाट्स एप नंबर 814-123-1235 पर संपर्क कर आम लोग व पूजा समितियां अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है। यहां शहरवासी और पूजा समितियां साफ-सफाई, जल जमाव, स्ट्रीट लाइट इत्यादि से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

पटेल भवन में गरबा और डांडिया के साथ माता की आराधना की

रांची। लालपुर स्थित पटेल भवन में नवरात्र के दूसरे दिन गुजराती समाज के लोग इकट्ठा होकर पारंपरिक वेशभूषा में माता की आराधना की। समाज की महिलाओं ने इस अवसर भक्ति भाव से माता की आराधना करते हुए गरबा की प्रस्तुति दी। मारी अंबा नी चुनरी चमके छे...जैसे गरबा में डांडिया का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मौजूद हरीश जोशी ने बताया कि गुजरात में दस दिनों तक नवरात्र की धूम रहती है।

नकद पुरस्कार से सम्मानित हुए 529 खिलाड़ी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

▸ मिली 4.3 करोड़ की इनामी राशि

झारखंड खेल विभाग ने शुक्रवार को राजधानी रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में खिलाड़ी का सम्मान नकद पुरस्कार राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि खेलमंत्री मिथिलेश ठाकुर, खेल सचिव मनोज कुमार और खेल निदेशक संदीप कुमार ने खिलाड़ियों के बीच इनामी राशि का वितरण किया।

21 खेलों के खिलाड़ी को मिली इनामी राशि

उक्त समारोह में 21 खेलों में पदक जीतने वाले 529 खिलाड़ियों को इनामी राशि से सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच लगभग 4.3290 करोड़ रुपए की इनामी राशि का वितरण हुआ। इस कार्यक्रम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, नारायण महतो और सिम्पा मिंज को 7-7 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। इस मौके पर खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने झारखंड खेल प्राधिकरण के नए वेबसाइट का अनावरण भी किया।खेलमंत्री ने किया खिलाड़ियों को संबोधित कार्यक्रम के दौरान खेलमंत्री ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को हमेशा मदद करने की बात कही।

कन्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवादाता। रांची

रांची समर्पण शाखा द्वारा 9 दिन 9 कन्या कार्यक्रम के तहत पहले दिन बच्चों के बीच ऑनलाइन प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों को घर पर ही दुर्गा स्तुति, पाठ, कविता और भजन का एक मिनट का वीडियो रिकॉर्ड कर बच्चों ने अपनी भागीदारी दी। जिसमें से दो बच्चे को फर्स्ट काव्य सोनतलिया और सेकंड अवनी रायका को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका ने इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

सीएसआर के तहत विस्थापितों के लिए करें समुचित कार्य : आयोग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की बैठक शुक्रवार को बीएनआर चाणाक्य में हुई। अध्यक्षता आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा और निरुपम चाकमा ने की। इस दौरान बोकारो स्टील प्लांट से जुड़े विषयों पर सुनवाई हुई। कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंडर के बारे में प्लांट से जुड़े अधिकारियों ने आयोग को स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। इस पर आयोग ने निर्देशित किया कि सीएसआर के तहत विस्थापितों के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल डेवलपमेंट, पोषण से संबंधित लाभ उपलब्ध करवाएं। प्लांट के लिए खाली जमीन पर स्कूलों का संचालन किया जा रहा है, उसमें विस्थापितों के बच्चों को भी लाभ मिले, उन्हें स्कूल फीस में छूट मिलनी चाहिए। आयोग ने बताया कि प्लांट प्रबंधन के पास विदेश प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। कौशल प्रशिक्षण के नाम पर मात्र एक आइटीआई है, जिसमें 300 विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों में कितने आदिवासी हैं, इसकी जानकारी प्रबंधन के पास नहीं है। निर्देश दिया गया कि संस्थान में पढ़ रहे छात्रों का 50 फीसदी प्लेसमेंट होना चाहिए। आयोग ने पाया कि स्टील प्लांट के लिए 26,908,56 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया था। इसमें 49 गांव प्रभावित हुए थे। इन विस्थापितों को मुआवजा मिला है या नहीं, इसकी जानकारी प्रबंधन के पास नहीं है। प्लांट अधिकरी ने बताया कि 17844 लोगों को नौकरी दी गई है, इस पर आयोग ने एसटी कर्मियों की सूची मांगी। इसके अलावा बैकलॉग में एसटी की रिक्तियां नहीं हैं। एसटी कर्मियों को प्रोमोशन भी नहीं मिला है।

आयोग की सुनवाई में प्रशासक नहीं हुए उपस्थित

रांची। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में शुक्रवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्यडॉआशा लकड़ा ने रांची व गुमला जिले से संबंधित पांच मामलों की सुनवाई की गई। हरमू निवासी संदीप उरांव की ओर से पूर्व में आयोग के समक्ष शिकायत की गई थी कि धोखाधड़ी कर उनकीजमीन की बिक्रीकरदीगईहै। सिर्फयहीनहीं, संबंधितजमीनपरआवासीय नक्शा पास कराकर कामर्शियल गतिविधि के तहत हरमू अस्पतालकासंचालनकियाजारहाहै। आयोग की ओर से इस मामले को लेकर रांची नगर निगम के प्रशासक से संबंधित जमीन पर पास किए गए नक्शा से संबंधित जानकारी मांगी गई थी, लेकिन शुक्रवार को आयोग की ओर से इस मामले की सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम के प्रशासक उपस्थित नहीं हुए। आयोग की ओर से उन्हें नोटिस भेजने का निर्देश दिया गया है। इसी प्रकार, ईटकी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को दी गई जमीन से संबंधित मामले में रांची के उपायुक्त से 15 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट की मांग की गई है।

नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन : डालसा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में लाला लाजपत राय स्कूल में नशा मुक्ति पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसी के शिवानी सिंह, एनसीबी के एम. मीना, सीआईडी के एसआई रिजवान अहमद, ड्रग कंट्रोल विभाग से राजकुमार झा ने नशे के दुरुपयोग और दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर अतुल गेरा ने बताया कि साधारण खाँसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है। एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने बताया कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा। अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों को ईलाज किया जाता है। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सहायता प्रदान करती है। एनसीबी के एम. मीना ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह कानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए जिम्मेदार है। नशे की दवाओं का उत्पादन और वितरण इस समस्या की जड़ तक पहुँचता है।

पांच को रांची पहुंचेंगे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के नेतृत्व में पूरे भारत में गो प्रतिष्ठा आंदोलन के तहत गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा 22 सितंबर से 26 अक्टूबर तक चल रही है। इसी क्रम में शंकराचार्य पांच अक्टूबर को रांची आएंगे। मीनाक्षी गली रातू रोड से पहाड़ी मंदिर तक शोभायात्रा में शामिल होकर पहाड़ी मंदिर पहुंचेंगे। यहां उनके स्वागत के साथ गो ध्वज स्थापित किया जाएगा। वे रानी सती मंदिर में सभा को संबोधित भी करेंगे। इसके बाद वह अग्रिम यात्रा के लिए ओडिशा को प्रस्थान करेंगे।

नामकुम स्टेशन के पास गुफा वाले पंडाल का हो रहा निर्माण

रांची। राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर सभी पंडालों का निर्माण अंतिम चरण में है। यहां एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण हो रहा है। कई पंडालों के पट शनिवार को खुल जाएंगे। नामकुम स्टेशन खटाल के समीप जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष कुछ अलग अंदाज में पंडाल का निर्माण कर रही है। इसके अलावा मूर्तियों को भी कुछ अलग रूप देने का प्रयास की गई है। पंडाल के रूप में एक गुफा तैयार की जा रही है। पंडाल के अंदर मां दुर्गा सहित अन्य भगवान की मूर्तियां लालटेन के अंदर रखी गई हैं। पंडाल के सबसे ऊपरी छोर पर 16 फीट की मां शेरावाली, भोलेबाबा एवं बजरंगबली भक्तों को आशीर्वाद देते नजर आएंगे। पंडाल के मुख्य द्वार के ठीक सामने 10 फीट की कृष्ण भगवान की मूर्ति है, जो बांसुरी बजाते नजर आएंगे। बांसुरी की धुन पर 14 गोमाता को झुमते हुए दशार्या जा रहा है। इन अद्भुत दृश्य के अलावा पंडाल के अंदर रोचक मूर्तियां दिखेंगी। क्लब के अध्यक्ष विनोद सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पूजा पंडाल के समीप दान पेटी लगाई जाएगी।

एक नजर

कर्रा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

कर्रा। थाना परिसर में बीडीओ,सीओ एवं इंस्पेक्टर तोरपा के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें दुर्गा पूजा के दौरान शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था, साथ ही डायल 112 बैनर लगाने का निर्देश दिया गया। कर्रा सीओ मैडम की उपस्थिति में लरता पंचायत क्षेत्र में अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया।

ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने की बैठक

रानिया। थाना अन्तर्गत रानियां ब्लॉक सभागार में सभी गांव के ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के साथ बैठक किया। जिसमें अवैध अफीम पोस्ता,गांजा,शराब के विरुद्ध जागरूक करते हुये उससे होने वाले हानि एवं कानूनी करवाई के बारे बताया गया साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने हेतु जागरूक किया। साथ ही डायन बिसाही कुप्रथा,महिला एवं बच्चियों को बहला फुसला कर मजदूरी करने ले जाने वालों को को चिन्हित करते हुये डायल-112 पर फोन कर सूचित करने हेतु जागरूक किया ।

प्रधानमंत्री आज पीएम-किसान योजना की 18वीं किस्त करेंगे जारी

रांची/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इससे देशभर के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिलेगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मत्स्य पालन व पशुपालन और डेयरी मंत्री ललन सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फड़नवीस तथा मृदा एवं जल संरक्षण व वाशिम और यवतमाल जिलों के संरक्षक मंत्री संजय राठौड़ उपस्थित रहेंगे।

चार चिकित्सकों को स्थानांतरण-पदस्थापन

रांची। स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के चार चिकित्सा पदाधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। विभागीय अवर सचिव अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत डॉ जगदीश प्रसाद को पीएचसी, ईटकी, रांची में पदस्थापित किया गया है। जबकि, डॉ गणेश मल्लिक को सदर अस्पताल, लोहरदगा से स्थानांतरित करते हुए सदर अस्पताल, रामगढ़, डॉ पुष्पा सुनिल कुमार सिन्हा को सीएचसी, बंदगांव, पश्चिमी सिंहभूम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र, खूंटी, डॉ रोहित कुमार गोंड को अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल, साहेबगंज से स्थानांतरित करते हुए सीएचसी, बोरियो, साहेबगंज में पदस्थापित किया गया है।

बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने का समय आ गया : चंपाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची
पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को कहा कि संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने और उनके द्वारा हड़पी गई जमीन वापस लेने का समय आ गया है। पाकुड़ के शाहरकोल पंचायत के अंतर्गत गोकुलपुर हाट मैदान में आदिवासी समाज की सभा को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा, हम किसी भी घुसपैठिए को अपनी जमीन पर रहने नहीं देंगे, जहां हमारे पूर्वज पैदा हुए और अपनी संपत्ति व स्वाभिमान के लिए अंग्रेजों से लड़े। हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे और अपनी जमीन वापस लेंगे। श्री सोरेन ने तिलका मांझी, वीर सिदो-कान्हू, चंद-भैरव और फूलो-झानो जैसे महापुरूषों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने अंग्रेजों को चुनौती दी थी।

पूर्व मंत्री सरयू राय के खिलाफ दर्ज मामले में सुनवाई 19 नवंबर को

रांची। पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में 19 नवंबर को सुनवाई होगी। मामले में शुक्रवार को एमपी/एमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी। सरयू राय की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 19 नवंबर निर्धारित की है। मामले में सरयू राय पर समन जारी है। अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर 24 अगस्त को संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। मामला उपस्थिति पर चल रहा है। सरयू राय के खिलाफ विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धाराएं एवं गोपनीय दस्तावेज लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी (कांड संख्या 105/22) दर्ज कराई थी।

खलारी खंड के स्वयंसेवकों ने घोष वादन के साथ किया पथ संचलन

अपने समान विचार वाले व्यक्तियों व संगठनों को जोड़ेगा आरएसएस

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना से लेकर अबतक की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया गया

नवीन मेल संवाददाता। खलारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खलारी खंड के द्वारा नवरात्रि को लेकर खलारी में पथ संचलन किया गया। निर्धारित समय सुबह आठ बजे खलारी खंड के विभिन्न शाखाओं के स्वयंसेवक गणवेश में डीएवी स्कूल खलारी के निकट एकत्रित हुए। यहीं से पथ संचलन आरंभ किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर के भैया अपने घोष के साथ इस पथ संचलन में शामिल हुए। पथ संचलन के दौरान घाष के सैनिक धुन के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम व जय श्री राम के नारों के साथ स्वयंसेवक कंधे पर दंड लिए कदम ताल मिलाते हुए दो पंक्ति में अनुशासित चल रहे थे। डीएवी खलारी के निकट से शुरू होकर एसीसी कालोनी होते हुए स्वयंसेवक केडी हिन्दूगढ़ी चौक पहुंचे। वहां से केडी बाजार होकर खलारी ओवरब्रिज होते हुए पहाड़ी मंदिर खलारी पहुंचे जहां पथ संचलन समाप्त हुआ। मंदिर परिसर स्थित एक हाल में शाखा लगाई गई। जिसमें सामूहिक गीत के बाद सुभाशित, अमृत वचन कहा गया। कार्यक्रम में उपस्थित रांची जिला विभाग सह प्रचारक मंटू जी ने अपने विचार रखे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना से लेकर अबतक की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया। बताया कि आने वाला वर्ष संघ की स्थापना का शताब्दि वर्ष है। इसमें स्वयंसेवक अपने समान विचारों वाले व्यक्तियों व संगठनों को जोड़ने का काम करेंगे। प्रथार्ना के बाद शाखा समाप्त हुई। पथ संचलन में मुख्य रूप से रांची जिला विभाग सह प्रचारक मंटू, खलारी खंड कार्यवाह भोलानाथ चौहान, जिला समरसता संयोजक उदयकुमार सिंह, जिला शरीरिक प्रमुख तरुण, जिला घोष प्रमुख सूरज कुमार, अरविंद सिंह, सुशील अग्रवाल, भास्कर कुमार, गौरव गिरि, राहुल, बीरबल, शिवम, प्रकाश, प्रदीप सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक शमिल हुए।

न्यूज | बॉक्स

बेड़ो में नए डीएसपी अशोक कुमार राम ने पदभार संभाला

बेड़ो। बेड़ो में डीएसपी के पद पर अशोक कुमार राम ने पदभार ग्रहण किया । उन्होंने कहा कि अपराध और उग्रवाद पर अंकुश लगाना तथा कानून व्यवस्था को ठीक रखना उनकी प्राथमिकता होगी । शुक्रवार को डीएसपी अशोक राम ने पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में बेडो सर्किल क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ में बैठक कर क्राइम कंट्रोल को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खास कर जमीन विवाद, डाईन बिसाही, यौन शोषण व घटनाक्रम में त्वरित निष्पक्ष करवाई करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग अच्छे है। आप कॉपरेट करेगे तो आपको भी सहयोग मिलेगी। उन्होंने बताया कि मैं भी इसी बेड़ो में थाना प्रभारी रह चुका हूं। मौके पर बेडो थाना प्रभारी नकुल साह, लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, नरकोपी थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान व इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ककरिया पिकेट के प्रभारी मो इमरान उपस्थित थे।

जन समस्याओं से अवगत हुए डॉ परमेश्वर भगत

चान्हो। बीते दिन देर शाम चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम लुरंगी में गांव के बुद्धिजीवी एवं युवाओं की अगुवाई में एक अहम बैठक की गई, जिसमें प्रमुख रूप से शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत। बैठक के दौरान ग्रामीणों में वर्तमान विधायक के प्रति उनकी नाराजगी साफ दिखाई पड़ रही थी, वे खुद को ठगे हुए महसूस कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं के साथ विश्वास घात किया गया है। हमें जर्जर सड़के जो की थोड़ी सी बारिश में तालाब में परिवर्तित हो जाती है उसमें चलने को मजबूर है। सरकार की कल्याणकारी लाभकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर हो रही है गरीब एवं असहाय लोग वंचित किए जा रहे हैं सक्षम लोग लाभ लेने से पीछे नहीं हटते। प्रखंड या अंचल का कोई भी काम सीधे तरीके से ना होकर बिचौलियों से होता है। डॉ भगत ने सभी समस्याओं से अवगत होने के पश्चात ग्रामीणों को कहा कि यह सारी समस्याएं मांडर विधानसभा की प्रत्येक जनता झेल रही है और इन समस्याओं का समय रहते निराकरण ना कर पाना हमारे जनप्रतिनिधियों की लापरवाही को दशार्ता है।

ऐतिहासिक महादानी मैदान में जयराम महतो ने लगाई हुंकार

झालोक्रांमो की सरकार बनी तो 1932 का खतियान हर हाल में लागू होगा

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
झारखंड आदिवासियों व मूलवासियों का राज्य है। आदिवासी कहने का मतलब सिर्फ हेमंत सोरेन का परिवार नहीं है। यहां रहने वाले आदिवासी आज भी झारखंड अलग राज्य होने के 24 साल बाद भी आज देश के महानगरों दिल्ली, मुंबई, गुजरात, जैसे जगहों में चंद रुपयों के लिए आदिवासी महिलाएं दाई का काम करने व आदिवासी पुरूष बड़ी संख्या में ईट भट्ठों में मजदूरी करने के लिए विवश हैं। उक्त बातें शुक्रवार को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में आयोजित झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित बदलाव संकल्प सभा के दौरान मोर्चा के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने हुंकार भरते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना सीधे सीधे चुनाव में महिलाओं को रिश्वत देने के समान है। सरकार एक हजार रुपए देकर ठगने का काम कर रही है। अगर महिलाओं को लाभ देना ही था तो 4 साल पहले देना चाहिए था। उन्होंने ऐलान किया उनकी सरकार बनी तो कि मइँया और भइया दोनों को सम्मान मिलेगा। उन्होंने राज्य में 1932 का खतियान लागू करने तथा क्षेत्रीय भाषा को आधार बनाने की बात कही। साथ ही कहा कि हमारी सरकार बनी तो विधायकों का पेंशन बंद कर उन्हें जरूरत के अनुसार पेंशन देने का काम करेगी। वहीं टाइगर जयराम ने सभा स्थल पर ही जेएलकेएम से मांडर विधानसभा क्षेत्र से गुना भगत को प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की।

ग्रामसभा का आयोजन

अड़की। अड़की थाना अंतर्गत बदीनिजकेल पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि रेजन मुंडा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत के सभी ग्राम प्रधान एवं 120 ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया, जिसमें पोस्ता के खेती नहीं करने एवं अफीम से होने वाली हानि, दुष्प्रभाव कानूनी पहलू ,डायल 112, डायन प्रथा ,मानव तस्करी,संडक सुरक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया जिसमे करीब 120 पुरुष शामिल हुए।

जागरूकता अभियान चलाया गया

तोरपा। थाना अंतर्गत जरिया में तोरपा सीओ / मुखिया / ग्राम प्रधान की उपस्थिति में करीब 100 स्थानीय महिला पुरुष को डायल 112/ 1930/ डायन बिसाही/ साइबर अपराध/अवैध अफीम के खेती नहीं करने,सड़क सुरक्षा,नशा मुक्ति,महिलाओं के खिलाफ अपराध/बच्चों के खिलाफ अपराध. एएचटीयू, पोक्सो,सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इन सभी पर ध्यान देने से ही महिला व अपराध के खिलाफ अंकुश लगाया जा सकता है।

स्थानीय विधायक ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी।
बांसारूली पंचायत में मुरी पंचायत एवं बांसारूली पंचायत को जोड़ने हेतु ऊरांगाढ़ा नदी पर शुक्रवार के दिन झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जनमानस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की काफी दिनों से पुल निर्माण की मांग थी जिसमें विकास को गति देते हुए पूरा कर दिया गया। वर्तमान में ग्रामीणों को मुरी जाने के लिए 5 किलोमीटर का दूरी तय करना पड़ता है परंतु पुल का निर्माण हो जाने से अब एक किलोमीटर की दूरी ही तय करनी पड़ेगी। सिल्ली विधानसभा को विकास के पैमाने पर लाकर खड़ा करना ही हमारा दायित्व है साथ ही साथ संपूर्ण विकास हेतु बहुत सारी योजनाओं पर मैं काम कर रहा हूं जो आने वाले समय में धरातल पर दिखाई देगी। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, लक्ष्मण महतो, संतोष मंडल, पूर्व मुखिया धनेश्वर बेदिया, शिशुपाल महतो समेत सैकड़ो आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

अड़की थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन जारी



अड़की थाना क्षेत्र के गितिलबेड़ा घाट पर अवैध बालू खनन का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के निदेर्शों के बावजूद यहां पर बालू का उठाव जोरो पर जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरायकेला खरसावा से ट्रेक्टरों के माध्यम से रोजाना बालू का उठाव किया जा रहा है। करकरी नदी के किनारे स्थित इस घाट पर अवैध खनन का काम चल रहा है, जिससे पैसे वाले लोगो को तो आसानी से बालू मिल जा रहा है लेकिन प्रधानमंत्री आवास , अबुवा आवास के लाभुक को बालू नही मिल रहा है। वोही कडरूडीह गांव के निवासियों ने बताया कि यह घाट दबंग लोगों द्वारा संचालित किया जाता है । बालू के उठाव और रॉयल्टी लेने के लिए आदिवासी सुकान बुरु समिति गितिलबेड़ा 1 के नाम पर ट्रेक्टर मालिकों से 300 रुपये का रसीद के साथ पैसा लिया जा रहा है।स्थानीय लोगों ने खूंटी खनन विभाग को अवैध बालू खनन की जानकारी दी थी, लेकिन विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

जापान ऑन कैनवस प्रतियोगिता में जेवीएम के शौनक बने विजेता

रांची। जापान दूतावास प्रतिवर्ष जुलाई से अगस्त के बीच जापान माह पेंटिंग प्रतियोगिता जापान ऑन कैनवस का आयोजन करता है। इस वर्ष जेवीएम श्यामली के पांचवीं से दसवीं के बीच 18 छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया। दसवीं का छात्र शौनक करमाकर अपनी रंगों की तूलिका से लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बना। अभरना देबनाथ, अनाबिया, रीतिका, अधीरा सिंह, अंशिका सिंह, दक्ष कुमार, लावण्या अत्री, अनु प्रिया, आयशा शाहीर, अभिषेक कुमार, अपराजिता सिंह, रूपनता रमानी, आलिया आर्या, श्रुति श्रेया को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्राचार्य समरजीत जाना ने प्रतियोगिता में शामिल छात्रों को बधाई दी। अनूठे जापानी गुर सिखाने के लिए कला शिक्षिका शिल्पी रमानी को धन्यवाद दिया।

लापुंग के दोलैचा में जंगली भालुओं के हमले से वृद्ध किसान गंभीर

लापुंग। लापुंग के दोलैचा में जंगली भालूओं के हमले से वृद्ध किसान बुरी तरह घायल। स्थिति गंभीर। लापुंग थाना के दौलेचा गांव में जंगली भालूओं ने हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची भेज दिया गया। हमले में घायल किसान परवल साहू ने बताया कि वे प्रातः पांच बजे अपने घर से निकल कर शौच के लिए अपने खेत की ओर जा रहा थे। इसी दौरान घर के पास ही अचानक तीन जंगली भालू धमके जिनमें दो छोटा व एक बड़ा भालू था। जहां बड़े भालू ने हम पर हमला कर दिया और मेरे पैर, पेट व सिर को नाखून से नोच डाला। में किसी तरह घायलावस्था में भाग कर गड्ढे छुप कर अपनी जान बचाई। इधर परिजनों ने गंभीर रूप से घायल परवल साहू को बेड़ो अस्पताल पहुंचाया। इस मौके पर कंचन साहु उर्फ बबलू साहु, नीलकमल साहु, छोटी बहु गंदौरी देवी, अंकित साहु एवं रवि साहु घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर हरिहरपुर जामटोली पंचायत के मुखिया सुनील कच्छप भी अस्पताल पहुंचे और घायल वृद्ध की स्थिति की जानकारी ली।

फिर अस्पताल में भर्ती हुईं विधायक अंबा प्रसाद



नवीन मेल संवाददाता। रांची
अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण विधायक अंबा प्रसाद को फिर से अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। रांची से विभागीय कार्य करवाने के पश्चात पतरातू प्रखंड क्षेत्र में योजनाओं की उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक अंबा प्रसाद की तबीयत अचानक बिगड़ गई। विगत दिनों विधायक अंबा प्रसाद की तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों ने अत्यधिक थकान एवं शरीर को आराम नहीं देने से तबीयत खराब होने की बात कही थी। डॉक्टरों ने विधायक अंबा प्रसाद को कुछ दिनों तक पूरी तरह से आराम करने का सलाह दिया था। क्षेत्र में अत्यधिक कार्यक्रम एवं योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करने को लेकर लगातार रांची के विभागों में विधायक अंबा प्रसाद बनी रही व क्षेत्र में भी शिलान्यास उद्घाटन लगातार करते रहने के कारण कुछ घंटे भी आराम नहीं देने के कारण अंततः तबीयत फिर से बिगड़ गई।

प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, अवैध खनन घोटाला मामले में मिली बेल

रांची। अवैध खनन घोटाला केसमें जेल में बंद प्रेम प्रकाश को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रेम प्रकाश को सशर्त जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की खंडपीठ कर रही थी। बता दें कि इससे पहले हाईकोर्ट से भी उन्हें जमीन घोटाला मामले में बेल मिल चुकी है। अदालत के इस आदेश के बाद वह लंबे समय बाद जेल से बाहर आ सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने प्रेम प्रकाश को बीते 25 माह से जेल में बंद रहने के आधार पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने अवैध खनन घोटाला के अभियुक्त को सशर्त जमानत देते हुए अपना नंबर ईडी अधिकारी को देने के साथ साथ ट्रायल कोर्ट में अपना पासपोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया। इससे पहले हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने देश की सर्वोच्च अदालत में दरवाजा खटखटाया था।

सेविका-सहायिका ने मांगों को लेकर नामकुम प्रखंड का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता। रांची
नामकुम प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा के बैनर तले महामंत्री सुंदरी तिर्की और प्रखंड अध्यक्ष सोनी बेक के नेतृत्व में नामकुम सदाबहार चौक से जुलूस की शक्ल नारेबाजी करती हुई प्रखंड मुख्यालय पहुंची और घेराव किया। महामंत्री ने कहा कि सरकार के बाल विकास को लेकर चलाई जानेवाली हर योजना को समाज तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। फिर भी वर्षों से ये अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं और सरकार उदासीन बनी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सेविका और सहायिकाओं की लंबित मांगे जल्द पूरी करने की मांग की। तिर्की ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का स्थायीकरण किया जाए। सेविका को प्राथमिक शिक्षिका और सहायिका को चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। वहीं सेविका को 20 हजार और सहायिका को 15 हजार रुपये मानदेय दिया जाए। दोनों के लिए पेंशन लागू करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद पीएफ की सुविधा मिले। प्रखंड अध्यक्ष सोनी बेक ने आंगनबाड़ी स्कूल को अपग्रेड करने बीएलओ की बढ़ोतरी मानदेय 12 हजार रुपये तत्काल लागू करने और आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की गठित नियमावली में सुधार करते हुए अनुकंपा बहाली को सीधी प्रक्रिया से करने की मांग सरकार से की। कार्यक्रम में बहालेन कच्छप, सरोज तिर्की, अंजलिना होरो, तेतरी कुजूर, लक्ष्मी कुमारी, विभा सिन्हा, नीलम बाड़ा, नमिता देवी, रोमा देवी, बविता देवी, वीणा देवी, मंजू देवी और नेहा देवी सहित प्रखंड भर की सेविका और सहायिकाएं उपस्थित थीं।

झामुमो सिल्ली प्रखंड समिति की बैठक हुई

कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं : रामानंद वेदिया

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक सिल्ली स्थित दृश्य श्रव्य केंद्र रामडेरा में शुक्रवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो ने किया। कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन भागीरथ महतो ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद वेदिया उपस्थित थे। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद वेदिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता गण अपने-अपने क्षेत्र में ग्रामीणों से संपर्क कर कमेटी का गठन करें एवं साथी साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दे। वही गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक ग्रामीणों को जोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनने वाली है इसके लिए आप लोग तैयार रहें। अंत में सभा का समापन मोहम्मद हारून ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस बैठक में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंजू महतो,फखरुद्दीन राय, गोकुल महतो, अजीत महतो, फलाहारी महतो आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

एक नजर

महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती को लेकर निकाली गई प्रभातफेर

झुमरी तिलैया । महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती को लेकर झुमरी तिलैया शहर में प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी रांची पटना रोड झंडा चौक, स्टेशन रोड, डॉक्टर गली, दुर्गा कंपलेक्स होते हुए पुनः अग्रसेन भवन पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान एक रुपया एक ईट महाराजा अग्रसेन की यही रीत, धर्म के प्रकाश को देश के विकास को अग्रवंशों की टोली चली जैसे नारे लगाये गये। प्रभातफेरी के परियोजना निदेशक संजय नरेड़ी, संजय खेमानी के अलावा संजीव खेतान, अमित केडिया, सुशील पशुरामपुरिया, विपुल चौधरी, आयुष पोद्दार,यश बंसल, दीपक सिंघानिया, संतोष लड्ढा ,मनोज चौधरी , संदीप हिसारिया, राजू कंदोई, राकेश सुरेखा, संतोष अग्रवाल आदि शामिल थे।

विधायक ने साढ़े तीन करोड़ के तीन सड़कों का किया शिलान्यास

जयनगर। विधायक अमित कुमार यादव ने ग्रामीण कार्य विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत 3 करोड़ 49 लाख के लागत से बनने वाले तीन सड़कों का शिलान्यास किया। इसमें 1 करोड़ 27 लाख से 3.5 किमी तिलोकरी भीससीडीया से बेरोगांय होते अलगडीहा तक, 95 लाख से 1.2 किमी पीडब्ल्यूडी रोड से भुवालडीह तक,1 करोड़ 27 लाख से 2 किमी गडगी से बडानो तक सड़क मरम्मत कार्य शामिल हैं। मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि मैं अपने कार्यकाल में सड़कों के साथ मूलभूत सुविधाओं का हर क्षेत्र में विकास करने का प्रयास किया,जो जमीन पर दिख रहा है। मौके पर विभाग के जेई रुपमनी निराला मुखिया राजेंद्र यादव, महामंत्री महेश रजक, मुकेश यादव, पंसस इंद्रदेव ठाकुर, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रामेश्वर यादव, धानेश्वर चौधरी समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

नाबालिग की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

कोडरमा। नाबालिग की हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की कोर्ट ने आरोपी सुरेश नाथ गोस्वामी, 58 वर्ष, मरकच्चो, कोडरमा निवासी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रू जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि कोर्ट ने 201 आईपीसी में दोषी पाते हुए तीन वर्ष की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला 14 अक्तूबर2023 की है। इसे लेकर मरकच्चो थाना में मृतक के दादा इंद्रदेव नाथ गोस्वामी ने मामला दर्ज कराया था। बाद में बच्चे की शव हत्या कर तालाब में फेंका हुआ पाया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक एंजेलिना वारला और अधिवक्ता अनवर हुसैन ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया।

अवैध ढिबरा लोड बोलेरो वाहन जब्त चालक फरार

कोडरमा । कोडरमा वन विभाग की टीम ने विगत गुरुवार की सुबह मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच के समीप रेंजर रविंद्र कुमार की अगुआई में अवैध ढिबरा लोड वाहन जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार रेंजर को मिली गुप्त सूचना मिली थी कि सपही जंगल से वाहन में ढिबरा लोड कर झुमरी तिलैया ले जाया जा रहा है। इसके बाद वन विभाग की टीम ने कालीमंडा चौक के पास उक्त वाहन को जब्त किया। वन विभाग की टीम ने ढिबरा लोड वाहन जब्त कर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया। वाहन में लगभग दो टन ढिबरा लोड बताया जा रहा है, जिसकी कीमत लगभग एक लाख बताई जा रही है। इसको लेकर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। मौके पर प्रभारी वनपाल अभिमन्यु कुमार, पिंटू पंडित, रविकांत यादव, बंटी सिंह समेत पुलिस के जवान मौजूद थे।

पत्र सूचना कार्यालय रांची में 'वातार्लाप' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जेरेडा, झारखंड सरकार के तकनीकी विशेषज्ञों ने मुफ्त बिजली योजना की दी जानकारी

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आम जनों को बिजली आपूर्ति में होने वाले फायदे के दूरगामी असर को चिन्हित किया

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा रामगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से सुबह 11:00 बजे से समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वातार्लाप' कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका विधिवत उद्घाटन सम्मानित अतिथि, पीआईबी (झारखंड एवं ओडिशा) के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा और मुख्य अतिथि उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र में सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रामगढ़ प्रभात कुमार, जेरेडा से जुड़े तकनीकी विशेषज्ञ आर्यदिप्त जेना और बी.के. दास भी मौजूद रहे। वातार्लाप में शामिल होने पर खुशी व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि उपायुक्त चंदन कुमार ने अपने संबोधन में पत्र सूचना कार्यालय द्वारा जिले में वातार्लाप कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की सराहना की और प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किए गए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आम जनों को बिजली आपूर्ति में होने वाले फायदे के दूरगामी असर को चिन्हित किया। अतिथियों का पीआईबी की तरफ से सत्कार करते हुए अपने विषय प्रवेश संबोधन में इस कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे सम्मानित अतिथि, पत्र सूचना कार्यालय (झारखंड एवं ओडिशा) के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने बताया कि वातार्लाप आयोजन का मकसद आम और सहज भाषा में जिलों में जाकर के मीडिया से रूबरू होना है तथा विकास से जुड़े विभिन्न सरकारी योजनाओं पर खुले मंच पर द्विपक्षीय चर्चा करना है।

वर्तमान विधायक के कार्यकाल में शिक्षा के मंदिर में हो रहा अनियमितता : गौतम कुमार

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोरहर में विधायक मद से विद्यालय का कायाकल्प करोड़ो रुपये की लागत से हो रहा।इस निमित जेलकेम के युवा नेता गौतम कुमार ने बताया स्थानीय ठीकेदार, वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव के इशारे पर बालु के स्थान पर चिप्स का डस्ट से पुरा काम को निपटा दिया।जमीन का ढलाई भी जैसे तैसे किया जा रहा है, यहाँ तक कि पिलर में भी कम मात्रा का छड़ का उपयोग हो रहा है।विद्यालय में घटिया प्रकार से निर्माण होने से ग्रामीणों की शिकायत पर गौतम कुमार विद्यालय में हो रहे अनियमितता पर जमकर भड़के।बोले कि यह शिक्षा का मंदिर है और इस मंदिर में ही बच्चो का भविष्य बनता है।लेकिन विधायक के ठीकेदार पुरा का पुरा पैसा का बंदरबाट कर रहा है।ये अनियमितता बर्दास्त नही करेंगे।इस अनियमितता पर उन्होंने हजारीबाग उपायुक्त को लिखित शिकायत करने का बात कहा। गौतम कुमार ने यह भी कहा कि इस विधायक के कार्यकाल में न स्कूल सुरक्षित है न अस्पताल,न ही ब्लॉक में काम हो पा रहा और न ही विधि व्यवस्था। उन्होंने ठीकेदार से उच्च स्तरीय जांच होने तक काम को रोकने को कहा।विरोध के दौरान जेलकेम के साथी महेंद्र प्रसाद,जेलकेम के बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष लखन महतो, देवचंद महतो, प्रदीप पासवान, छोटेलाल मुर्मू, महेश पासवान, किसुन हांसदा, रामकुमार मुर्मू समेत दर्जनो लोग मौजुद थे।

न्यूज | बॉक्स

कआवि इचाक में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हजारीबाग। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय इचाक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने भ्रूण हत्या बाल विवाह किशोरी सशक्तिकरण बालिकाओं के स्वास्थ्य भ्रूण हत्या सावित्रीबाई फुले योजना के ऊपर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही फलदार पौधारोपण भी किया गया। आत्मरक्षा हेतु बालिकाओं के द्वारा जूडो कराटे का प्रदर्शन भी किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के अलावे कस्तूरबा की वार्डन शिक्षिकाएं बाल संरक्षण से दीप नारायण चौधरी यूनिसेफ एक्स आई एस एस रांची से राजनंदनी कुसुम कुमारी पूजा राय उपस्थित थे।

माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा भाजपा सरकार ही दे सकती है : हर्ष अजमेरा

हजारीबाग। भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने झारखंड में भाजपा की सरकार की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किस तरह भाजपा की सरकार ही राज्य के विकास और सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठा सकती है। हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में तीन प्रमुख मुद्दों–माटी (प्राकृतिक संसाधनों), बेटी (महिला सुरक्षा), और रोटी (गरीबी उन्मूलन और रोजगार) पर विस्तारपूर्वक बताया। हर्ष अजमेरा ने माटी की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा झारखंड की प्राकृतिक संपदा राज्य के विकास का आधार है। लेकिन इसका लाभ तभी मिल सकता है जब इसका सही ढंग से संरक्षण और उपयोग हो। भाजपा ने हमेशा से राज्य की माटी और इसके संसाधनों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा है। भाजपा सरकार ने न सिर्फ स्थानीय संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया था, बल्कि उन्हें स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आर्थिक समृद्धि के साधन के रूप में भी उपयोग किया था। झारखंड खनिज संसाधनों से संपन्न है और भाजपा सरकार ने इनके दोहन में पारदर्शिता सुनिश्चित की है। इस प्रक्रिया में न सिर्फ भ्रष्टाचार कम हुआ है बल्कि विकास के दरवाजे भी खुले हैं। भाजपा का लक्ष्य है कि यहां की माटी से होने वाले सभी लाभ यहां के लोगों तक पहुंचे और राज्य में समृद्धि आए। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर हर्ष अजमेरा ने भाजपा की नीतियों को रेखांकित करते हुए कहा झारखंड में महिलाएं तब सुरक्षित महसूस कर सकती हैं, जब सरकार उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

30वें सीओ के रूप में अमित किस्कू ने बरही अंचल में दिया योगदान

बरही । झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमित किस्कू ने शुक्रवार को बरही के 30वें अंचलाधिकारी के रूप में अपना योगदान दे दिया है. जिन्हे निवर्तमान सीओ रामनारायण खलको ने उन्हें अपना पदभार सौंपा. मौके पर निवर्तमान सीओ सहित अंचल कर्मियो ने नवपदाथापित सीओ का स्वागत किया. विदित हो कि बीते 27 सितंबर को राज्य सरकार ने प्रदेश के 91 सीओ का तबादला किया था. यह तबादला उसी आदेश के तहत है. श्री किस्कू इसके पूर्व जामताड़ा के कुंडहीत अंचल में बतौर सीओ पदस्थापित थे. निवर्तमान सीओ श्री खलखो का पलामू के नौडीहा बाजार मुख्यालय में स्थानांतरण हुआ है. देखना यह होगा कि नवपदस्थापित सीओ कर्मियो के कमी के बीच अंचल कार्यालय के कार्यों को जनता के लिए कितना सुगम बनाने में सहायक होते हैं.

मोदी कल्याण समिति की एक दिवसीय चिंतन शिविर में उमड़ी भीड़

भाजपा अगर बरकट्ठा से टिकट देगी तो चुनाव जीत कर दिखाऊंगा: सुरेंद्र मोदी

मोदी समाज हर संगठन से जुड़ा होता है, सभी एक जगह जायेंगे तो हमारी बात सभी सुनेंगे

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा बुढिया माता मंदिर परिसर में मोदी कल्याण समिति ने एक दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जिसमें लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अहिवरन व महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर कर किया गया। अध्यक्षता मोदी कल्याण समिति के अध्यक्ष शिव शंकर मोदी एवं संचालन नीलकंठ मोदी ने किया। मौके पर राष्टीय मोदी विकास संघ के सचिव प्रेमलाल बर्नवाल, लखन लाल बर्नवाल, संतोष रंजन, प्रखंड अध्यक्ष शिवशंकर मोदी, ईश्वर मोदी, चंदवारा प्रमुख मंजू देवी, शालिनी समेत अन्य लोग शामिल थे। शिविर में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मोदी को अगर भाजपा टिकट नहीं देती है तो निर्दलीय प्रत्याशी बनकर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। झारखंड बर्नवाल वैशव समाज अध्यक्ष संतोष रंजन ने कहा कि सभी व्यापारी के पास सैकड़ो लोग आते हैं। उनसे अपील करें कि सुरेंद्र भाई मोदी को वोट दीजिए, तभी हमारा समाज विकास करेगा। महेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी समाज हर संगठन से जुड़ा होता है, सभी एक जगह जायेंगे तो हमारी बात सभी सुनेंगे। सुरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा अगर बरकट से टिकट देती है तो मैं चुनाव जरूर जितूंगा। हम सभी महाराज अहिवरन के वंशज हैं।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच करने की मांग

आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस हो : एबीवीपी

हजारीबाग। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच की मांग एवं आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग करते हुए, एबीवीपी हजारीबाग जिला के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन बाबूगाँव में किया। राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य नवलेश सिंह ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड द्वारा पूरे प्रदेश भर में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर प्रत्येक जिले में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं खररउ अध्यक्ष का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। कहा कि बीते 21 सितंबर और 22 सितंबर को झारखंड में सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा के आयोजन में सरकार ने विभिन्न हथकंडे अपनाए ।इंटरनेट जैसे मूल सुविधाओं को भी परीक्षा अवधि के दौरान बंद किया गया ।विद्यार्थियों का मानना है की इस परीक्षा में भरी गड़बड़ी की गई है। कई परीक्षा केंद्रों से पेपर 1 के जगह पेपर 2 बांटने का भी विषय सामने आया, तो कहीं प्रश्न पत्र का सील पहले से टूटा है ऐसा विषय सामने आया है।

नगर परिषद को कार्य प्रणाली में सुधार लायें : शालिनी

झुमरी तिलैया। पत्रकार साहिल भदानी की डेंगू से हुई ने नगर परिषद की डेंगू से रोकथाम के उपाय व साफ-सफाई की पोल खोल दी है। घटना के बाद गुरुवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने नगर प्रशासक अंकित गुप्ता से मिली और नगर परिषद को कार्य प्रणाली में सुधार लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर में लगातार डेंगू के मरीज मिल रहे हैं, लेकिन इसके रोकथाम को लेकर नगर परिषद व स्वास्थ्य विभाग की टीम क्या कर रही है,यह पता नहीं चल रहा है। चारों तरफ गंदगी का अंबार है, साफ सफाई की लचर व्यवस्था है। इसको लेकर पूर्व में भी वे तत्कालीन नगर प्रशासक से मिलकर इस मामले को अवगत कराया था, इसके बावजूद भी अब तक इस दिशा में कोई सुधार न होना बेहद चिंता की बात है। उन्होंने पत्रकार की डेंगू से हुई मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रयास होगा कि कोडरमा सदर अस्पताल में जल्द से जल्द डेंगू वार्ड की स्थापना हो, ताकि लोगों का समुचित इलाज हो सके।

झारखंड सरकार युवा से किये वादे से विफल

हर घर पेड़ हमारा लक्ष्य : अनूप भाई

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड के ग्राम छावनी में भाजपा नेता अनूप भाई ने दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया ! जिसमें ग्राम छावनी चौक पर सभा का आयोजन किया गया सभा का संचालन ज्ञानी साव एवं मनोज राम के द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अनूप भाई ने कहा है कि वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार पदाधिकारी को लूट के लिए छूट दे रखी है। किसी भी सरकारी कार्यालय में बिना रिश्वत का कोई कार्य जनता का नहीं होता है और सरकार इस पर मौन है। पिछले चुनाव में हेमंत सोरेन ने युवाओं से वादा किया था, कि 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे जिस पर विफल है । हेमंत सोरेन की सरकार सरकार जनता के प्रति गंभीर नहीं है, राज्य में भाई और डर का माहौल बना हुआ है। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। वही ग्रामीणों के बीच भाजपा नेता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर मां के एक नाम पौधा लगाने को लेकर चलाया। हर घर फलदार एवं औषधि पौधे का वितरण कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच में फलदार एवं औषधि पौधा जैसे की आम, जामुन, अर्जुन, अशोक, आंवला, चंदन, रुद्राक्ष, निशुल्क वितरण किया गया।

शहीद जयमंगल पांडेय का बलिदान दिवस मनाया गया

हजारीबाग। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद जयमंगल पांडेय का बलिदान दिवस उनकी जन्म स्थली खिरगांव में शुक्रवार को मनाया गया।बता दें कि शहीद जयमंगल पांडेय का जन्म 1793 ई में खिरगांव में हुआ था। इस अवसर पर उनके वंशज सचिदानंद पांडेय ने कहा कि1857 क्रांति की जब भी बात होती है तो झारखंड के वीर क्रांतिकारियों का जिक्र कही भी नही होता है,जबकि इन सपूतों ने इस क्रांति में मुख्य और निर्णायक भूमिका निभाया है।शहीद जयमंगल पांडेय को अपने ही शहर राज्य में गुमनाम कर दिया गया है।उन्होंने आगे कहा कि उनके लगातार पहल से लोगो में इन वीर क्रांतिकारियों के बारे में उत्सुकता जगी है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि उदासीन हैं। कार्यक्रम में संजर मल्लिक,किशुन पांडेय, सुनील पांडेय,शत्रुघ्न पांडेय, संजय साव ,आशीष वर्मा,उदय यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

अवैध कारोबार के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने की प्रेस वार्ता

कोयले के अवैध कारोबार को शीघ्र सरकार से रोकने की मांग की गई

कोयले का अवैध रूप से खनन करके भी इसका अवैध कारोबार जिले में जारी है



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ शहर के होटल ला मेरिटल में 4 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा रामगढ़ में कोयले के अवैध कारोबार के मुद्दे पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी ने कहा कि रामगढ़ जिले में कोयले का अवैध कारोबार बड़े धड़ल्ले से हो रहा है। कहा कि कोयले को अवैध कोरोबार को राज्य सरकार और प्रशासन द्वारा रोके जाने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किया जा रहा है। जबकि भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत पांडे ने कहा की धनबाद में कोयले के अवैध कारोबार को लेकर हाईकोर्ट की ओर से एक निर्णय आया है। जिसमें हाईकोर्ट ने धनबाद में इसकी सीबीआई से जांच कराने को कहा है। श्री पांडे ने कहा कि हम मांग करते हैं की कोयले के अवैध कारोबार के सीबीआई के जांच के दायरे को बढ़ाया जाए और रामगढ़ में इसके अवैध कारोबार की सीबीआई से जांच हो। रंजीत पांडे ने कहा की कोयले में चारकोल मिलाने का कार्य होता है और कोयले को प्लांटों में भेजा जाता है। जहां से इसे अवैध तरीके से दूसरे राज्यों में भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि कोयले का अवैध रूप से खनन करके भी इसका अवैध कारोबार जिले में जारी है। कहा कि यदि प्रशासन अपनी भूमिका का निर्वहन करे तो कोयले के अवैध कारोबार को रोका जा सकता है। कहा कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने भी कोयले के अवैध कारोबार को रोके जाने की मांग की है और यदि इसके अवैध कारोबार को नही रोका गया तो भाजपा इसको लेकर आंदोलन को विवश होगी।

सेविका व सहायिका की बेमियादी हड़ताल आज से

सतगावां। झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका आठ सूत्री मांगों को लेकर पांच अक्तूबर से बेमियादी हड़ताल पर जाएंगी। इनकी मांगों में का मानदेय बढ़ाने, सेवाशर्त नियमावली में संशोधन, हर साल मानदेय बढ़ाने की प्रक्रिया सरल करने और जिलों में तुरंत लागू करने, पारा शिक्षकों की तरह वेतनमान समेत अन्य सुविधाएं, रिटायर्मेंट के बाद सेविका को 10 लाख,सहायिका को 5 लाख रू एकमुश्त राशि देने, अंतिम मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन देने, वरीयता के आधार पर सेविका को सुपरवाइजर पद पर प्रमोशन देने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी का भुगतान करने, अंडा सहित पोषाहार राशि बाजार रेट के आधार पर देने शामिल हैं। इसकी सफलता के लिए सेविका सहायिका की बैठक गुरूवार को सथानीय स्टेडियम मैदान में हुई। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने इस हड़ताल को सीटू की ओर से समर्थन करते हुए आह्वान किया कि कोडरमा में सौ प्रतिशत आंगनबाड़ी बंद कर इस हड़ताल को ऐतिहासिक बनाएं। हड़ताल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की सेवा बंद रखने के साथ टीकाकरण और बीएलओ का काम सहित अन्य काम भी पूरी तरह से बंद रखें।

विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन

विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं : कुलाधिपति

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ राधा गोविंद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के स्नातकोत्तर सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों की विदाई तथा 2024-26 के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गयाककार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के सभी सम्मानित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा स्व. राधा देवी एवं स्व. गोविंद साह के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार ने नए सत्र के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित रहने और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का समारोह में छात्र-छात्राओं ने गायन, नृत्य, शायरी और नाटक जैसे विभिन्न प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर कुलाधिपति ने कहा कि यहां के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। कम संसाधाना में वह अच्छा वह सफल रहते हैं। सोनल, निशा, फूल, प्रीति, सुनैना, नीतीश, मितेश, गगन, खुशी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में जहां एक ओर सीनियर्स ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया वही जूनियर्स ने सभी खेल में साथ दिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ कार्लोस टोप्पो एवं सहायक व्याख्याता डॉ राकेश कुमार महतो ने छात्रों का मार्गदर्शन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय, विभाग के अन्य व्याख्यातागण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

विस चुनाव को लेकर मास्टर ट्रेनरों को दिए जा रहे प्रशिक्षण में पहुंचे डीसी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को मास्टर ट्रेनरों को दी जा रही प्रशिक्षण में पहुंचे सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक का आयोजन किया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी मास्टर ट्रेनरों को कहा कि मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया एवं इससे संबंधित सभी आवश्यक प्रबंधों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए सभी पोलिंग पार्टियों को पर्याप्त एवं बेहतर प्रशिक्षण दें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यशाला के बाद सभी मास्टर ट्रेनर्स मतदान कर्मियों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षण देंगे किसी भी मतदान कर्मियों के मन में कोई शंका न रहे इस स्तर तक का प्रशिक्षण देंगे। उपायुक्त ने मास्टर ट्रेनर्स के साथ अन्य प्रबंधों को लेकर भी व्यापक चर्चा की। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली, डाक मतपत्रों और मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कई मतदान कर्मियों के द्वारा मतदान के पूर्व किए गए मॉकपोल का डाटा डिलीट नहीं किया जा है इसे भी प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से जानकारी देनी है की मॉक पोल की डेटा पूरी तरह से डिलीट कर देना है। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनों को निर्वाचन आयोग के हैंडबुक के अनुसार बेहतर प्रशिक्षण मतदान कर्मियों को देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम की हैंड्स ओं ट्रेंनिंग बेहतर रूप से देने की बात कही। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, डीसीएलआर अरुणा कुमारी सहित मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

कुरडेग में शिक्षा विभाग ने किया गुरुगोष्ठी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग । प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीईईओ अरूण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में गुरूगोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में विद्यालयों में चल रहे गतिविधियों की समीक्षा की गई।मध्याहन भोजन मेनू के अनुसार संचालित करने,एसएमएस करने,बच्चों का खाता खोलने,आधार अपडेट कराने साथ ही चुनाव के मद्देनजर विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं दुरूस्त कराने का आवश्यक निर्देश बीईईओ ने दिया। बीडीओ ठाकुर गौरीशंकर शर्मा ने भी गोष्ठी में पहूंचकर शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और कहा शिक्षकों को तनावमुक्त होकर अपना कर्तव्य निभाना चाहिए चूँकि शिक्षक तनावमुक्त होकर स्वस्थ रहेगें तभी तो बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकेगें। मौके पर बीपीओ जया रश्मि, सीआरपी बीआरपी, सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

ग्रामीणों की विशेष बैठक का हुआ आयोजन, विधायक हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

बोलबाः प्रखंड के बेहरिनबासा में शुक्रवार को ग्रामीणों के द्वारा बिशेष बैठक का आयोजन किया। बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।मौके पर विधायक ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा संविधान के पांचवीं अनुसूचि में किये प्रवधानों के तहत अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के लिए उस समय की कांग्रेस की केन्द्र सरकार ने कानुन बना कर दिया।जिसमें आदिवासिंयों एवं मुलनिवासियों का संरक्षण एवं विकास हेतू उनके पारंपरिक आजीविका,अस्तित्व एवं पहचान के लिए जल,जंगल,जमीन,खनिज व सम्पदा ,नौकरी में आरक्षण और जनप्रनिधित्व के पदों में आरक्षण का अधिकार दिया है ।भाजपा आदिवासी समुदायों में से कुछ को धर्म के नाम पर अनुसूचित जनजाति सुची से हटा कर आदिवासी समुदाय की संख्या में कमी कर अनुसूचित क्षेत्र को खत्म करने का साजिश कर रही है।आदिवासियों मे धर्म के अधार पर डीलिस्टिंग करने से आदिवासियों का जनसंख्या अनुपात कम हो जाएगा। इस असंवैधानिक डीलिस्टिंग से झारखंड के कई जिले,कई प्रखंड और कई पंचायत आदिवासी बहुलता कम होने की वजह अनुसूचित क्षेत्र के आहर्ता को पुरा नहीं करने या खो देने के कारण अनुसूचित क्षेत्र की सुचि से हटा दिये जाऐंगे।

वनदुर्गा मंदिर में नवरात्र पर महाआरती को लेकर श्रद्धालुओं को दिया गया निमंत्रण अक्षत

बोलबा। बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल माँ वनदुर्गा मन्दिर में नवरात्रि को लेकर आयोजित महा आरती में शामिल होने के लिए निमंत्रण अच्छत वितरण किया गया । इस मौके पर वनदुर्गा पूजा समिति के लोगों ने बताया कि आगामी पंचमी तिथि को दिन मंगलवार समय 10: 30 बजे दिन में महा आरती का आयोजन किया गया है । जिसमें भारी संख्या में माँ वनदुर्गा मन्दिर में माता की महा आरती में शामिल होने के लिए बोलबा, केरसई, कुरडेग, सिमडेगा आदि इलाके में श्रदालुओं को निमंत्रण अक्षत वितरण किया जा रहा है ।इस मौके पर संजय मिश्रा सहित समिति की एक टीम शामिल है ।

संत फ्रांसिस चर्च में धूमधाम से मना पल्ली दिवस, पूर्व विधायक हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। संत फ्रांसिस आसीसी चर्च नानेसेरा में शुक्रवार को पल्ली दिवस सह संत फ्रांसिस आसीसी का पर्व मनाया गया। पहले समारोही मिस्सा हुई। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पल्ली की माता मंडली व युवा मंडली द्वारा धार्मिक गीतों पर नृत्य के अलावा बच्चों ने गीत-संगीत प्रस्तुत किया। मंडली ने पुरोहितों का स्वागत किया। मौके पर विजी फादर इग्नासीयूस टेटे की अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन हुआ। विजी का सहयोग बनाबिरा पल्ली पुरोहित सह डीन फा पीटर, नानेसेरा पल्ली पुरोहित फा अगस्टीन, सोगड़ा पल्ली पुरोहित फा सिलबानुस, कोचेडेगा पल्ली पुरोहित फा फिलिप आदि ने किया। फा इग्नासीयूस ने संत फ्रांसिस आसीसी पर्व की बधाई दी। साथ ही सभी को ईश्वर के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी। विधायक ने संत फ्रांसिस असीसी पर्व की सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ईश्वर हमसे प्यार करते हैं। हम जो पाप करते हैं, उसके लिए हमें क्षमा देता है। हमें पाप से बचाने के लिए ईश्वर ने स्वयं दुख उठाया। हम उसके बताए मार्ग चलें और निरंतर उससे प्रार्थना के माध्यम से बातें करे। उन्होने कहा कि अपने धर्म, भाषा सांस्कृति की रक्षा के लिए संगठित रहें।

नशे की हालत में पुलिया के नीचे गिरकर एक की मौत जांच में जुटी पुलिस

सिमडेगाःकेरसई थाना क्षेत्र के किनकेल चट्टीटोली के पास पुलिया के नीचे गिरने से किनकेल काँगटोली निवासी 50 वर्षीय राजेश एक्का नामक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया कि नशे का सेवन कर पुलिया में बैठा था इसी दौरान नीचे गिरा और उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी शुक्रवार की सुबह पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक राजेश के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। इधत दुर्घटना में मृतक किनकेल निवासी 50 वर्षीय राजेश एक्का के शव को घर भेजवाने में जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सहयोग किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने दिवंगत ग्रामीणों के परिजनों से मिली। साथ ही शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बांधते हुए इस दुःख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। वहीं मृतक के परिजनों को हर सम्भव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। जोसिमा ने मृतक के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। जोसिमा खाखा ने शव को रखने के लिए बक्से का भी प्रबंध करवाई।

स्थानीय कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव जीतने का दम रखती है झापा : एनोस एक्का

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। प्रखंड के दनगदी में झापा का बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में प्रखंड के सभी पंचायत और बुथो से कार्यकर्ता शामिल हुए थे। सम्मेलन में मुख्य रुप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का, युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे, शशि टोप्पो और सरोजनी कुजूर उपस्थित थी। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एनोस एक्का ने कहा कि बाहर के बोरो नेता नहीं, स्थानीय कार्यकर्ताओं के दम पर झापा चुनाव जीतने का दम रखती है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यकर्ता एवं आम जनता जीताती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता गांव गांव जाकर आम लोगों का दिल जीतने का काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा, कांग्रेस, झामुमो सभी ने जनता को ठगने का काम किया है। जनता के लिए कुछ भी काम नहीं किया गया है। इसलिए चुनाव के समय धर्म के नाम पर लोगो को बरगलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि तो ऐसे है जो दिन में दो तीन बार झापा को गाली नहीं देते है तो उनका खाना नहीं पचता है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या को अपनी समस्या समझकर काम करें तो सफलता जरुर मिलेगी। कार्यक्रम को अन्य कई झापा नेताओ ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रमुख सुनीता केरकेटटा, जिप सदस्य अनिता सोरेंग, जोन तिर्की, चक्रधर महंदिया, नोवेल सोरेंग, मिरतल खलखो, अमूस खेस, यातेंद्र मांझी, शिव शंकर यादव, कोमल केरकेटटा, मिखाईल केरकेटटा, श्रीराम साहू, रिर्चड लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे।

बिजली बिल माफी के लिए मुख्यालय में लगाया गया कैंप

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा; प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में बिजली बिल माफी से संबंधित कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों से आए ढाई सौ ग्रामीणों ने अपना बिल माफी से संबंधित आवेदन दिया । इस बिजली बिल माफी कार्यक्रम में भाग लिए हुए ग्रामीणों ने सरकार की इस बिल माफी योजना से काफी प्रभावित होकर सरकार की प्रशंसा की ।180 ग्रामीणों को बिजली बिल माफी से संबंधित प्रमाण पत्र भी दिया गया । गरीब लोगों ने कहा कि बिजली बिल माफी योजना सरकार की बहुत ही सराहनीय कार्य है । हम गांव टोला में निवास करने वाले ग्रामीण लोग कभी-कभी ज्यादा बिजली बिल से काफी परेशान एवं नुकसान झेलनी पड़ती थी । यह वर्तमान सरकार गरीबों के हित में यह काम की है,जिससे हम गरीबों के जेब में कुछ राहत भरे एहसास महसूस करा रही हैं ।इस बिजली बिल माफी कैंप में जिला मुख्यालय के बिजली कर्मी आलोक कुमार,विनोद टुडू, राजीव कुमार, दामोदर सिंह एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में विधान से समाधान के तहत हुआ कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 शुक्रवार को कस्तुरबा आवासीय बालिका विद्यालय, सिमडेगा में 'विधान से समाधान' के तहत जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यकम की मुख्य अतिथि, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिमडेगा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा प्राचार्या, कस्तुरबा आवासीय बालिका विद्यालय, सिमडेगा चीफ एलएडीसीएस, सिमडेगा के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के द्वारा विधान से समाधान कानून, क्यू आर कोड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाएं के बारे में जानकारी दी गई। सचिव मरियम हेमरोम के द्वारा डायन प्रथा, घरेलू हिंसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा से मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में बताया गया। श्री सुकोमल, सहायक एलएडीसीएस के द्वारा पोक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी दी गई एवं प्रभात कुमार श्रीवास्तव द्वारा जेल में रहने वाले कैदियों को मिलने वाली निःशुल्क सरकारी सहायता के बारे में बताया गया।लता तिर्की, सदस्य, उपभोक्ता फोरम सिमडेगा के द्वारा उत्पादन से संबंधित जानकारी दी गई एवं प्रियंका विश्वकर्मा, अधीक्षक, वन स्टोप सेंटर, सिमडेगा के द्वारा महिला उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी गई कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी शामिल हुए जहां धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक विद्या बंधु शास्त्री के द्वारा किया गया।

खिलाड़ियों को किया जा रहा है प्रोत्साहित : विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। केरसई पंचायत के किनकेल एसपीजी मिशन मैदान में शहीद विंसेंट खेस रनिंग हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच कुरडेग डोड़ापानी बनाम सागजोर पंडरीपानी के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को पहली बार पूरा सम्मान दिया ज रहा है। शुक्रवार को रांची में जिले के 58 खिलाडीयो को आगे बढ़ने एवं जरूरत के समान खरीदने हेतु सरकार द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। ऐसे ही लगातार प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मौके पर जिप सदस्य जोसीमा खाखा,पादरी मार्कस मुखी,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,मुखिया बसंती लकड़ा,पूर्व मुखिया सुनीता एक्का, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश एक्का, प्रखंड उपाध्यक्ष अजयदान कुजूर, मास्टर विजय, कृष्णा मांझी, हर्षित मिंज, बिकसत बड़ा, विक्टर एक्का,वार्ड सालेन कुजूर,रोशनी कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, नीला नाग, ज्योति लुगुन,मंजू तिर्की,सोभेंन तिग्गा,आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल समित के अध्यक्ष प्रकाश एक्का, उपाध्यक्ष संदीप टोप्पो, सचिव बजरू प्रधान,उप सचिव संदीप तिर्की आदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर विधायक ने खेल से पूर्व शहीद विंसेंट खेस को मल्यापर्ण माननीय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुलाबले में कुरडेग डोड़ापानी की टीम 1-0 गोल कर विजेता बनी। जिन्हें विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें खिलाड़ी

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि खेल प्रतिभा निखारने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन जरूरी है। जब भी ऐसे प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलता है खिलाड़ी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। ताकि अपनी खेल प्रतिभा में निखार आ सके। साथ ही आपकी प्रतिभा को अधिक से अधिक लोग देख व पहचान सके। उन्होंने कहा कि खेल आज भविष्य बनाने का सबसे उत्तम जरिया बन चुका है। आप होनहार खिलाड़ी हैं तो आपको खेल के माध्यम से नौकरी आसानी से मिल जाएगी।

न्यूज बॉक्स

अज्ञात अपराधी ने की महिला की हत्या सड़क पर मिला शव

बानो। थाना क्षेत्र के गंझुटोली से गिरजा टोली रोड में शुक्रवार की सुबह हतनंदा के पास सड़क पर पड़ा हुआ एक महिला का शव मिला। बताया गया कि सड़क पर मिले महिला के शव की पहचान डहरी पहनाई के रूप में की गई, जो हतनंदा के पाहन की पत्नी है। ग्रामीणों ने आज सुबह गंजू टोली से गिरजा टोली रोड में हतनंदा के पास महिला का खून से लथपथ शव पड़ा देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या धारदार हथियार अज्ञात अपराधी द्वारा की गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी। थाना प्रभारी विकास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में हत्या का मामला दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया तथा अपराधी की तलाश की जा रही है जल्द अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

आदिवासी मुंडा समाज एकता मंच ने की हॉकी-फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

बानो। प्रखंड के हुरदा थाना मैदान में छः पंचायत स्तरीय आदिवासी मुण्डा समाज के द्वारा हॉकी एवं फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें हॉकी षुरूष वर्ग में जामताई पटातिरील ने जोरोबाड़ी को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। महिला टीम में सहेली क्लब पटातिरील ने मो्डाल स्कूल जामताई को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। फाइनल मैच के दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। जिसमें क्रमशः पहला स्थान रायकेरा लुगुन टोली, दूसरा स्थान जोरोबाड़ी, तीसरा स्थान बिंतुका, चौथा स्थान डुमरिया नवाटोली को प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष कोनगाड़ी, अनिता सुरिन, जेएमएम के सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनिल कन्डुलना, सचिव सफीक खान,बानो जिला परिषद बिरजोकंडुलना, प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, आदिवासी मुण्डा समाज के सभी केन्द्रीय समिति एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। आदिवासी मुण्डा समाज एकता मंच हुरदा के सभी सदस्य जोन कन्डुलना, कामिल डांग, सचिव अगस्तेरेन गुड़िया, ग्लेडशन तोपनो, कोषाध्यक्ष जोलेन जोजो, तुरतन गुड़िया,सबन डांग, सुलेमान बारला, प्रधान लुगुन,जस्वा टुडू आदि लोग उपस्थित थे।

झारखंड के कृषि सचिव पहुंचे सिमडेगा विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

रांची। सिमडेगाःझारखंड के कृषि,पशुपालन सह सहकारिता विभाग के सचिव अबुबकर सिद्दिख शुक्रवार को सिमडेगा पहुंचे। कृषि, पशुपालन सह सहकारिता विभाग के सचिव अबुबकर सिद्दिख सिमडेगा परिसदन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सिमडेगा में चल रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभागों के समीक्षा के बाद उन्होंने बताया कि सिमडेगा में विभागों के कार्य कुल मिलाकर ठीक चल रहे हैं, कहीं कुछ कमियां है उसे पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा की मैन पावर की कमी है जिसके कारण कुछ दिक्कत आती है। इसे जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

कोकड़ाछेरा गांव में भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने की ग्रामीणों संग बैठक

सिमडेगा। कुरडेग प्रखंड अंतर्गत कुटमाकछार के कोकड़ाछेरा ग्राम में श्रद्धानन्द बेसरा ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। श्री बेसरा ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि गांव के चापाकल खराब है , एक ही जलमिनार है जिसमें अपर्याप्त पानी के कारण पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है।वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने विद्युत तार में कवरीकरण नहीं होने से बर्षा होने पर पेड़ पौधे की डालियां विद्युत तार प्रभावित करती हैं आदि समस्या भी बताई।दूसरी ओर ग्रामीणों ने उन्होंने सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि कुटमाकछार से कोकड़ाछेरा को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण विगत कई सालों से निमार्ण कार्य नहीं होने से काफी लम्बी दुरी तय करनी पड़ती है।

ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के समापन मैच में रांची ने मारी बाजी

सिमडेगा। सिमडेगा इंडोर स्टेडियम में चल रहे ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का आज समापन किया गया। जिसमे कृषि सह पशुपालन सचिव अबूबकर सिद्धकी मुख्य अतिथि के रूप में और सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सिमडेगा के इंडोर स्टेडियम में चल रहे ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के कोर्ट में आज समापन मैच के पूर्व कृषि सचिव अबूबकर सिद्धकी और सिमडेगा डीसी अजय सिंह भी खेल कर अपने पसीने बहाए। इसके बाद समापन मैच रांची और जमशेदपुर के बीच खेला गया। जिसमे अंतिम सेट में रांची की टीम ने 21_13 से मैच जीत कर चैंपियन बनी। झारखंड सरकार के सचिव अबूबकर सिद्धकी और डीसी अजय कुमार सिंह ने विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किए।मौके पर कृषि सचिव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए सिमडेगा में खेल के और अधिक विकास करने की बात कही। वहीं सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल की नगरी सिमडेगा में हॉकी के साथ साथ अन्य खेल भी बढ़ रहे हैं, ये खेल जगत के भविष्य के लिए एक सुखद संकेत है।

मतदान केंद्रों पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया की हो जानकारी : डीसी

सिमडेगा। डीसी अजय कुमार सिंह ने आगामी विस चुनाव के मद्देनजर मास्टर ट्रेनरों को दी जा रही प्रशिक्षण में पहुंचे सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीसी ने सभी मास्टर ट्रेनरों को कहा कि मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया एवं इससे संबंधित सभी आवश्यक प्रबंधों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए सभी पोलिंग पार्टियों को पर्याप्त एवं बेहतर प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यशाला के बाद सभी मास्टर ट्रेनर्स मतदान कर्मियों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षण देंगे किसी भी मतदान कर्मियों के मन में कोई शंका न रहे इस स्तर तक का प्रशिक्षण देंगे। डीसी ने मास्टर ट्रेनर्स के साथ अन्य प्रबंधों को लेकर भी व्यापक चर्चा की। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली, डाक मतपत्रों और मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया।

संपादकीय

बढ़ती आत्महत्याएं कब तक ?

महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल समेत कई आदिवासी विधायकों ने मंत्रालय में सुरक्षा जाल पर छलांग लगा दी। यह विरोध प्रदर्शन पेसा (पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) के प्रावधान) के तहत अधिसूचित अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की नियुक्ति बंद करने और विधानसभा चुनाव से पहले धनगर को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के खिलाफ किया गया था। रांची पिछले दो दिनों में तीन आत्महत्या के प्रयास हुए जिसमें एक असफल रहा। कोटा में इंजीनियरिंग मेडिकल के विद्यार्थियों की अत्महत्या दुखद होते हुए भी चौंकाती नहीं है ।इंजीनियरिंग, मेडिकल और मैनेजमेंट में कैरियर संवारने लिए सबसे लोकप्रिय और महंगी सपनों की नगरी कोटा के कोचिंग संस्थानों में बीते एक साल में 23 और राजस्थान स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में राज्य में आत्महत्या के कुल 5658 मामले सामने आए थे, कोटा सिटी में कुल 173 मामले और कोटा रूरल में 126 मामले सामने आए थे। कोटा को अब लोग आत्महत्या की फैक्ट्री बताने लगे हैं। जो शहर हजारों को प्रशिक्षित कर मेडिकल, इंजीनियरिंग या ऐसे ही प्रतिष्ठित संस्थानों में नामांकन दिला रहा हो दिनों दिन हताशा का माहौल क्यों बना रहा है? क्या योग्यता से अधिक की चाहत की अंधी दौड़ में बच्चे पिछड़ जा रहे हैं या अभिभावकों को दमित महत्वाकांक्षा को पूरी करने में असमर्थ बच्चे माता-पिता के अत्यधिक दवाव के शिकार हो रहे हैं जैसा मोदी जी ने कहा था या हीन भावना के शिकार होकर अपने दुर्लभ जीवन का अंत कर गरीब मां- बाप को कभी न मिटने वाला संताप दे रहे हैं? बचाने के लिए संघर्ष करते अभिभावकों पर अपने कलेजे के टुकड़ों की मौत बहुत भारी पड़ रही है। हर आत्महत्या के बाद थोड़ी सुगबुगाहट होती है फिर मामला किसी बड़े उद्योग की छोटी दुर्घटना की तरह सामान्य बन जाती है। यहां एक बात उल्लेखनीय है कि बंगाल, केरल और कुछ अन्य राज्यों में जहां सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहतर है, इतने कोचिंग संस्थान भी नहीं है और वहां के बच्चों की भीड़ भी यहां नहीं है। राजस्थान भी अपने इस उद्योग को पनपते देखना चाहता है और इसके नेता भी जो बयानबाजी कर इन संस्थानों से मोटी राशि भी कथित रूप से वसूलते हैं। आत्महत्या के बाद कुछ दिनों में लोग भूल जाते हैं, क्योंकि बिहार,यूपी और झारखंड जैसे राज्यों में इंजीनियर और डॉक्टरों को भारी भरकम दहेज मिलता है और समाज में पूछ के साथ पैसा कमाने का भरपूर अवसर भी। यश, पैसा और सफलता के लिए देश में बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा से जूझ रहे अभिभावक अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, मैनेजर या अफसर बनाने की अंधी दौड़ में शामिल हैं और इसके लिए भ्रष्टाचार से लेकर पैसा जुटाने के हर तरीके आजमाने को तैयार हैं। ऐसे बेचैन माता-पिता का दबाव बच्चे के ऊपर रहता है और वह लगातार होते टेस्ट के कम अंक को अंतिम अवसर मानकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेता है। तनाव तो है, पर मूल कारण को भी जानना-समझना होगा, और तब ही इस समस्या का समाधान निकल सकता है।

क्या योग्यता से अधिक की चाहत की अंधी दौड़ में बच्चे पिछड़ जा रहे हैं, या अभिभावकों की दमित महत्वाकांक्षा को पूरी करने में असमर्थ बच्चे माता-पिता के अत्यधिक दबाव के शिकार हो रहे हैं, जैसा मोदी जी ने कहा था, या हीन भावना के शिकार होकर अपने दुर्लभ जीवन का अंत कर गरीब मां-बाप को कभी न मिटने वाला संताप दे रहे हैं?

'क्रिएट इन इंडिया' के मायने

अगली सदी की गाथा व अर्थव्यवस्था पर प्रभुत्व के लिए भारत की कुंजी

अनुराग सक्सेना

पश्चिमी देशों ने नवाचार, बौद्धिक संपदा (आईपी) और तकनीकी प्रगति पर सदियों से अपना फोकस निरंतर बनाए रखने का लाभ उठाया है। अक्सर विनिर्माण और सेवा की तुलना में सृजन को महिमामंडित करके, इन देशों ने न केवल अपने आविष्कारों का आर्थिक लाभ प्राप्त किया है, बल्कि अपनी अवधारणाओं को वैश्विक स्तर पर निर्यात भी किया है। इन उपायों से वे आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल और एयरोस्पेस जैसी विघटनकारी तकनीकों के माध्यम से उद्योग जगत को बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप, उनके उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग पैदा हुई। इसी तरह, यूरोपीय देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे- रेलमार्गों के आर्थिक लाभ), ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और लक्जरी सामान जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, जहां नवाचार और बौद्धिक संपदा (आईपी) उनके वैश्विक प्रभुत्व के मूल में हैं।

इसके विपरीत, भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से विनिर्माण और सेवाओं पर अपने विकास को टिकाया है। यह दोनों ही क्षेत्र मूल्य-संवर्धन के परिदृश्य में निचले स्थान पर हैं। यह दृष्टिकोण, औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी होने के बावजूद, नवाचार या आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं देता है। वास्तव में बौद्धिक संपदा आर्थिक लाभ उठाने योग्य है। यही कारण है कि ये देश उन्नत प्रौद्योगिकियों के निमार्ता बनने के बजाय उपभोक्ता बन गए हैं। हालांकि, चीन ने हाल के वर्षों में इस मॉडल को तोड़ दिया है। इसने नवाचार, बौद्धिक संपदा और तकनीकी प्लेटफार्मों में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। देश ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया है। हुआवेई, टिकटोक और टेंसेंट जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां इसके उदाहरण हैं। इन प्रयासों ने चीन की घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। इतना ही नहीं, इसे एक मजबूत वैश्विक निर्यातक के रूप में स्थापित किया है, और इसे दुनिया भर के अमूल्य डेटा तक पहुंच प्रदान की है।

दूसरी ओर, भारत ने एक अलग तीव्र प्रगति का अनुसरण किया। उत्पादीकरण और प्रौद्योगिकी निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, भारत संपर्क केंद्रों, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और आईटी सेवाओं का पर्याय बन गया। इस स्थिति ने भारत को 'दुनिया का बैकरूम' का नाम दिया। यह एक ऐसी भूमिका है, जिसने आर्थिक रूप से लाभकारी होने के बावजूद, नवाचार और उच्च-मूल्य प्रौद्योगिकी निर्माण के मामले में देश को पिछड़ा बना दिया। जबकि भारत ने सेवाएं प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की, इसने अक्सर अन्य देशों के नवाचार और उत्पाद विकास से जुड़े प्रयासों का नेतृत्व करने के बजाय उनका समर्थन किया।

हालांकि, पिछले दशक में भारत के वैश्विक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। भारत एक भू-राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है और इसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखाई है। कूटनीतिक रूप से, भारत ने वैश्विक मंच पर एक अधिक मुखर स्थिति अपनाई है, अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी स्वायत्तता बनाए रखते हुए प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी भी कायम की है। भू-राजनीतिक क्षेत्र में, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है और क्वाड जैसी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ताकि भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। व्यापार के मोर्चे पर, भारत ने व्यापार सौदों पर फिर से बातचीत की है और इसे खासकर कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक व्यवधानों के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण हस्ती के रूप में देखा जा रहा है।

यह नई मुखरता इस बात को निहित करती है कि भारत का 'क्रिएट इन इंडिया' पर वर्तमान ध्यान समयोचित और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्यों है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन करके, भारत आर्थिक रूप से और सॉफ्ट पावर के मामले में, अगली सदी पर प्रभुत्व कायम करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। आर्थिक रूप से, सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से भारत मूल्य श्रृंखला में ऊपर उठ सकेगा, अपनी बौद्धिक संपदा पर अधिक लाभ अर्जित कर सकेगा और विदेशी प्रौद्योगिकियों पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। सॉफ्ट पावर के मामले में, मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने से भारत को विकृत पश्चिमी कथानकों पर लगातार प्रतिक्रिया करने के बजाय अपने खुद के कथानकों को आकार देने की सुविधा मिलेगी।

जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया, आइए हम सब मिलकर 'क्रिएट इन इंडिया' यानी भारत में सृजन करें' आंदोलन शुरू करें। ऐसे में हर कोई इसके दूसरे और तीसरे क्रम के प्रभावों, खासकर कथानक-सुधार और हमारे सभ्यतागत विचारों को वैश्विक स्तर पर निर्यात करने पर पड़ने वाले प्रभाव को नहीं समझ पाया। ईस्टमैन कलर और विनाइल रिकॉर्ड की 'प्रौद्योगिकियों' ने अमेरिका को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद की। एक्सआर और गेमिंग का युग भारत को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने हाल ही में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के तत्वावधान में 'क्रिएट इन इंडिया' चैलेंज की घोषणा की। यह एक अनूठा आयोजन है, जो दुनिया के सामने हमारे एवीजीसी सेक्टर के भविष्य को दशार्ता है। यह ब्रॉड स्पेक्ट्रम चैलेंज 25 प्रकार के कंटेंट और गेम में हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। भारत को ऐसे और भी दृश्यमान समारोहों की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि दुनिया हमारी रचनात्मकता और हमारी महत्वाकांक्षा को देखे। हालांकि, इस क्षमता के द्वार को पूरी तरह से खोलने के लिए, भारत को भी भारी निवेश करना होगा। एवीजीसी सेक्टर डिजिटल इंटरैक्शन और मनोरंजन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। भविष्य के इस द्वार को खोलने के लिए कौशल-विकास, निवेश पाइपलाइन, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जो मायने रखते हैं। इसके लिए एक प्रगतिशील नियामक प्रणाली के साथ-साथ और भी कई आवश्यकताएं हैं। यह वास्तव में एक कठिन काम है। लेकिन यहां गंगोत्री स्थापित करके, भारत आने वाले वर्षों के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था और कथानक में अपना नेतृत्व सुनिश्चित कर सकता है।

अनुराग सक्सेना नीतिगत मामलों के विशेषज्ञ और ऑपएड स्तंभकार हैं। उनका लेखन वाशिंगटन पोस्ट, बीबीसी, वाइस, द डिप्लोमैट, फाइनेंशियल एक्सप्रेस, संडे गार्जियन, स्पैन, ऑर्गनाइजर और पांचजन्य में छप चुका है। ये भारत सरकार की राष्ट्रीय पर्यटन सलाहकार परिषद के मनोनीत सदस्य हैं, सेंटर फॉर इन्सॉल्वेंसी एंड फाइनेंशियल लॉज के बोर्ड सदस्य हैं ई-गेमिंग फेडरेशन के सीईओ हैं। ये @anuraag_saxena पर ट्वीट करते हैं।

आपकी बात

देवी उपासक है भारत का लोकजीवन

हृदयनारायण दीक्षित

मां प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। हम सबका अस्तित्व माँ के कारण है। माँ न होती तो हम न होते। माँ स्वाभाविक ही दिव्य हैं, देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में ह्लया देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमोनमःह्व कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए माँ को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है। हमारी भाषा में निकटता के लिए 'उप' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'उप' बड़ा प्यारा है। इसी से 'उपनिषद' बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद् का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ 'उप-वास' निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियम पालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में 'नियम से भोजन करने को व्रत' कहा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं। ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो। दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप माँ की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में 'जल माताएं' आपः मातरम हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

हवस का मौलवी, सार्थकता और निरर्थकता के बीच शब्द की महिमा

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

यह शब्द 'हवस का मौलवी' आज के जमाने को दर्शा रहा है! वैसे, जब कोई भी शब्द प्रचलन में आता है, तब तक वह एक लंबी यात्रा कर परिष्कृत और परिमार्जित होकर अपने ठेठपन में बहुत कुछ सुधार कर चुका होता है, फिर जो शेष होता है, उस रूप में वह शब्द अपने अर्थ को बहुत अच्छे से व्याख्यायित करता हुआ मिल जाता है। अभी पिछले दिनों इससे जुड़ा शब्द प्रचलन में था हवस का पुजारी यह विचार करने योग्य है कि यह वाक्य गढ़ा किसने होगा? और क्यों निर्माण किया होगा? क्या वास्तव में 'पुजारी' हवस के भूखे या हवसी होते हैं? देश में स्त्रियों से संबंधित हर रोज कितनी ही अप्रिय घटनाएं घटती हैं, किंतु उसके लिए 'पुजारी बिरादरी' को दोषी ठहराया जा सकता है क्या? किंतु जो शब्द चल पड़ा वह दौड़ गया, अब उसके मायने कौन बदले! उसके सेट नैरेटिव को बदलना आसान नहीं है। यदि यह किसी की शरारत है तब भी वह कितना होशियार रहा होगा, यह सोचा जा सकता है! उसने हिंदू समाज के उस प्रतिमान को ध्वस्त करने का काम किया, जिसके प्रति हिंदू अपार श्रद्धा भाव रखते हैं, उन पुजारियों से जोड़ कर यह नया शब्द रचा गया जो सनातन हिंदू धर्म की समय-समय पर ०?याख?या तक करते हैं। अब हवस के भी मायने कई हैं। इसके अर्थ में जाएं तो वह इच्छा जिसकी संतुष्टि बार-बार की जाती हो, पर फिर भी जो और अधिक संतुष्टि के लिए उत्कट रूप धारण किये रहती हो अथवा हवस का अर्थ वासना से है। अधिक से अधिक पाने की चाहत, उत्कंठा, लालसा, बढ़ा हुआ शौक, लोभ, लालच कामना, तीव्र इच्छा, कामवासना से है। यह एक मानसिक विकार की तरह है। अक्सर इसे यौन इच्छाओं से जोड़कर देखा जाता है और जब सोच विकृत होकर इंसान के वश से बाहर हो जाये, तो उसे हवस कहते हैं। कुल मिलाकर हवस किसी की भी हो सकती है, यह एक ऐसी इच्छा है जिसकी कभी पूर्ति नहीं होती और जो पास है उससे कभी संतुष्टि नहीं। नकारात्मक अर्थों में एक स्त्री के प्रति पुरुष की बुरी दृष्टि भी हवस है जो एक स्त्री से नहीं, कई स्त्रियों के होने से भी नहीं भरती, तो यह अवगुण हवस के पुजारी में ही होना चाहिए? किसी मुल्ला, मौलवी या चर्च पादरी में नहीं हो सकती है! अब आप सोच सकते हैं कि जो हिन्दू विरोधी हैं, उनकी इस संबंध में नैरेटिव गढ़ने की कितनी अधिक गहरी सोच है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

बोधि वृक्ष

अपने भीतर से सर्वश्रेष्ठ को व्यक्त करना

श्री श्री परमहंस योगानंद

स्वयं से पूछें, क्या यह अच्छी इच्छा है अथवा बुरी जिसे मैं पूरा करना चाहता हूँ? भौतिक इच्छाएँ सन्तुष्टि एवं प्रसन्नता की झूठी आशाओं को बढ़ा कर हमारी बुरी आदतों को प्रोत्साहित करती हैं। ऐसे समयों पर व्यक्ति को सच्चाई प्रकट करने के लिए अपनी विवेक शक्तियों को बुलाना चाहिए: बुरी आदतें अन्ततः दुःख की ओर ले जाती हैं। इस प्रकार अनावृत करने से, बुरी आदतें मनुष्य को प्रभावित करके दुःख बढ़ाने में असमर्थ हो जाती हैं। प्रलोभनों का विरोध करना जीवन के सभी सुखों का परित्याग करना नहीं है; यह तो जो आप करना चाहते हैं उस पर दैवी नियन्त्रण प्राप्त करना है। मैं आपको वास्तविक मुक्ति का मार्ग दिखा रहा हूँ, न कि स्वतन्त्रता का झूठा भाव जो वास्तव में आपको ऐसा करने के लिए बाध्य कर रहा है जैसा आपकी आदतें आपसे करवाती हैं। पुराना रुढ़िवादी ढंग प्रलोभन या वासना को नकारना, उसका दमन करना है। परन्तु आपको उस प्रलोभन को नियन्त्रित करना अवश्य सीखना होगा। प्रलोभित होना कोई पाप नहीं है। चाहे आप प्रलोभन से आवेशित भी हो रहे हों, तब भी आप बुरे नहीं हैं; परन्तु यदि आप उस प्रलोभन के आगे झुक जाते हैं, तो आप बुराई की शक्ति द्वारा अस्थायी रूप से पकड़े गए हैं। आपको अपने चारों ओर ज्ञान की सुरक्षात्मक दीवारें खड़ी कर लेनी चाहिए। **(क्रमशः)**

भौतिक इच्छाएं संतुष्टि एवं प्रसन्नता की झूठी आशाओं को बढ़ा कर हमारी बुरी आदतों को प्रोत्साहित करती हैं। ऐसे समयों पर व्यक्ति को सच्चाई प्रकट करने के लिए अपनी विवेक शक्तियों को बुलाना चाहिए : बुरी आदतें अंततः दुःख की ओर ले जाती हैं।

फेसबुक वॉल से

Kanchan Ugursandi @Biker... · 18h
वीडियो पिछले चुनाव के ठीक पहले का है। झूठ बोलकर सत्ता में आए जामतारा से कांग्रेस विधायक और हेमंत सरकार में मंत्री मो. ईरफान अंसारी और गठबंधन के नेताओं मंत्रीयों की पोल युवा लागातार खोल रहे हैं। इनके झुठ और फर्जीबाडे को बेनकाब करने के लिए भाजपा ने कैम्पेन शुरू किया है।

हमे तो Show more

19 110 192 4.1K

X से

Naval Singh Azad ASP @Navalsi... · 1d
मिलिए #चमार_रेजिमेंट के एकमात्र जीवित सिपाही चौधरी चुन्नीलाल जी जिनकी उम्र 107 साल है हरियाणा के महेंद्रगढ़ के रहने वाले, जो की चमार रेजिमेंट के पहले हवलदार थे, चुन्नीलाल जी ने नेता सुभाषचंद्र बोस को मारने का ओर्डर देने वाले अंग्रेज अफसर को गोली मार दी थी।

41 1.9K 9.7K 427K

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आज का दोहा

धुआं ठोस हो ले रहा, आकृतियों का रूप।
देश पितामह भीष्म सा खड़ा सेकता धूप।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

विश्व शिक्षक दिवस पर विशेष

समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम


डॉ दीपक प्रसाद
सहायक आचार्य
शिक्षा संकाय, कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला
रांची विश्वविद्यालय, रांची

प्रत्येक वर्ष 5 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो समाज में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को पहचानने और उन्हें सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। शिक्षकों की भूमिका केवल पाठ्यक्रम को पढ़ाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे समाज निर्माण, नैतिक मूल्यों की स्थापना, और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दिन का उद्देश्य शिक्षकों के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाना और शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियों पर चर्चा करना है। 1966 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने शिक्षकों की स्थिति के संबंध में सिफारिशें जारी कीं, जिनका उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता और समानता को बढ़ावा देना था। इन सिफारिशों में शिक्षकों के प्रशिक्षण, उनके कार्य की स्थिति और पेशेवर विकास पर जोर दिया गया। इन्हीं सिफारिशों की स्मृति में 1994 से हर साल 5 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस वैश्विक स्तर पर शिक्षा के महत्व और उसमें शिक्षकों की भूमिका को मान्यता देता है। शिक्षक न केवल छात्रों को ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें नैतिकता, सहानुभूति और अनुशासन जैसे गुणों का विकास भी करते हैं। वे विद्यार्थियों को जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महान दार्शनिक अरस्तू ने कहा था, ₹शिक्षक वो नहीं होता जो छात्रों के दिमाग में सिर्फ जानकारी डालता है, बल्कि वह होता है जो उन्हें सही दिशा में सोचने और समझने की शक्ति देता है। समाज में शिक्षक एक ऐसा स्तंभ होते हैं, जो भविष्य के नागरिकों को तैयार करते हैं। वे छात्रों को न केवल एक सफल करियर के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। आज के युग में शिक्षकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बदलते शिक्षा तंत्र, नई तकनीकों का समावेश, और विद्यार्थियों की बदलती आवश्यकताएं शिक्षकों के लिए कई तरह की जटिलताएं उत्पन्न करती हैं। डिजिटल शिक्षा के आगमन से शिक्षकों को अपनी पारंपरिक शिक्षण विधियों में परिवर्तन लाना पड़ा है। इसके अलावा, शिक्षा क्षेत्र में अपर्याप्त संसाधन, कम वेतन, और पेशेवर विकास के अवसरों की कमी जैसी समस्याएं भी शिक्षकों के लिए कठिनाई का कारण बनती हैं। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में, शिक्षकों को कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। जहां उन्हें संसाधनों की कमी, सीमित बुनियादी ढांचे, और अपर्याप्त प्रशासनिक समर्थन का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद, वे समाज के लिए अपना योगदान देते रहते हैं और अपने छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। हमारे जीवन में कई शिक्षक ऐसे होते हैं जिनके योगदान को हम शायद कभी शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाते। उन्होंने हमें न केवल शिक्षित किया, बल्कि हमें अच्छे इंसान बनने की दिशा भी दिखाई। एक शिक्षक का योगदान उनके पढ़ाए गए विषयों से कहीं अधिक होता है; वे जीवन के महत्वपूर्ण सबक सिखाते हैं, हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, और हमें सही निर्णय लेने की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं।शिक्षक दिवस पर हम अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और उनके अमूल्य योगदान को नमन करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारे जीवन में शिक्षकों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है और हमें उनका सम्मान करना चाहिए। शिक्षा प्रणाली में निरंतर परिवर्तन हो रहे हैं, और भविष्य में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। वैश्विक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण और उनके पेशेवर विकास पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। डिजिटल युग में, जहां विद्यार्थियों के पास सूचनाओं की भरमार है, शिक्षकों को उन सूचनाओं का सही तरीके से उपयोग करना सिखाना और छात्रों को आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता की ओर प्रेरित करना होगा। इसके अलावा, समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने और शिक्षकों के लिए बेहतर कार्य स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए नीति निमार्ताओं और सरकारों को शिक्षकों के अधिकारों और उनकी आवश्यकताओं पर ध्यान देना होगा। विश्व शिक्षक दिवस हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करें और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान, मार्गदर्शन और समर्थन को सराहें। एक अच्छा शिक्षक केवल शिक्षा प्रदान करने वाला नहीं होता, वह छात्रों के भविष्य का निर्माता होता है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता ने सीएम को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये राज्य की जनता के हित में पूर्ववर्ती राज्य सरकार के जरिये लागू लैंड बैंक को समाप्त करने, 2017 में भूमि सुधार कानून में किए गए संशोधन को समाप्त करने तथा पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं सामाजिक विकास के लिए अलग पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्यहित में यह एक जरूरी कदम है जो सीधे जनजीवन को प्रभावित करने वाला है। पिछली सरकार द्वारा जो लैंड बैंक बनाया गया है उससे झारखंड में लाखों परिवार आज भी सीधे प्रभावित हो रहे हैं। लैंड बैंक,भूमि सुधार कानून में परिवर्तन ने झारखंड में विवादों की संख्या बढ़ा दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली अधिकांश ग्रामीण आबादी आज इन कानूनो से प्रभावित है, इन कानूनो का

अपरोक्ष रूप से फायदा पूंजीपतियों को हो रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में झारखंड में पिछड़ी जाति की घोर उपेक्षा की गई है उनके आरक्षण का दायरा 27 प्रतिशत से घटकर 14प्रतिशत भाजपा के शासनकाल में कर दिया गया। आज भी भाजपा पिछड़े जातियों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती है। झारखंड में पिछड़ी जातियों के सामाजिक, आर्थिक विश्लेषण और अध्ययन तथा उनके विकास के लिए अलग से पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन किया जाना आवश्यक है ताकि झारखंड के विकास में पिछड़ी जातियां समाज की एक मजबूत धुरी बन सके।

राज्य के सबसे बड़े दुर्गा पंडाल का उद्घाटन आज करेंगे राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। दुर्गा पूजा को लेकर रांची के धुर्वा स्थित पुरानी विधानसभा मैदान में बने राज्य के सबसे बड़े पंडाल का उद्घाटन पांच अक्टूबर को राज्यपाल करेंगे। उद्घाटन के साथ ही मां के दर्शन के लिए पंडाल के पट खोल दिए जाएंगे। श्री राम लला मंदिर अयोध्या के प्रारूप का निर्माण किया गया है। इसमें मां भवानी विराजेगी।

उद्घाटन कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सी पी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल भी शामिल होंगे। राज्य के सांसद विधायक सहित रांची महानगर, रांची जिला दुर्गा पूजा समिति को भी आमंत्रित किया गया है। श्री राम लला पूजा समिति, रांची के सानिध्य में पुराना विधानसभा मैदान, धुर्वा में अयोध्या के नवनिर्मित श्री राम मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है।

मंदिर के प्रारूप के स्तम्भ, शिखर और अन्य डिजाइनों का निर्माण अयोध्या के प्रारूप जैसा साथ ही पंडाल का प्रारूप अयोध्या धाम के श्री राम लला के श्री राम मंदिर जैसा आपको दिखेगा।

पंडाल में भक्त श्री राम लला के दर्शन भी कर पाएंगे। साथ ही मैदान में 30 फीट ऊंची श्री बजरंगबली की विशाल 4 डी मूर्ति आकर्षण का केंद्र रहेगी। आगामी नवरात्र में पंडाल के गर्भ गृह में मां भवानी का दर्शन दशहरे में 5 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर विजयादशमी तक लोग यहां दर्शन कर सकेंगे। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव कुणाल अजमानी ने बताया कि पंडाल की लंबाई 170 फीट और चौड़ाई 120 फीट सहित पंडाल की 120 फीट ऊंचाई ने भव्य रूप ले लिया है। मां की मूर्ति विशाल , अद्भुत, अलौकिक है। प्रभु श्री राम की प्रतिमा सिलिकॉन की बनायी गयी है। जो प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से अयोध्या में स्थापित भगवान श्री राम की प्रतिमा जैसी रहेगी जिसका भक्तजन दर्शन करेंगे। इस बार का पूजा पंडाल पूरे झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा पंडाल होगा और श्रद्धालु भक्तों के लिए एक आकर्षण का केंद्र भी रहेगा। ज्यादा से ज्यादा लोग पंडाल में आकर श्री अयोध्या धाम के श्री राम जन्म भूमि के श्री राम मंदिर के प्रारूप का दर्शन प्रतिपदा से पूरे नवरात्र में लगातार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि धुर्वा वासियों के जरिये काफी उत्साह के साथ समिति को पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। झारखंड सरकार, प्रशासन, एचईसी का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से पूरे मैदान में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया। सुरक्षा में 50 से ज्यादा प्राइवेट सिक्योरिटी पंडाल में अपनी सेवा देंगे।

न्यूज बॉक्स

राजस्व कर्मचारी सहित 11 आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

रांची (हि.स.)। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल की 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद सहित 11 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि 16 नवंबर तक बढ़ा दी है।इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो. सद्दाम, मो. अफसर अली, विपिन कुमार सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। मामले में जमानत पर चल रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की हाजिरी भी दी गई। तीन आरोपितों आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन एवं मनोज कुमार यादव ने व्यक्तिगत रूप से पेश होकर जज के सामने हाजिरी लगाई।

पूजा सिंघल ने जब्त दस्तावेज का कोर्ट में किया अवलोकन

रांची। मनरेगा घोटाले के जरिए अवैध कमाई करने और उन पैसों की मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने शुक्रवार को ईडी की ओर से जब्त दस्तावेज का पी कोर्ट रूम में बैठकर अवलोकन किया। उनके साथ जमानत पर चल रहा आरोपित अभिषेक झा का सीए सुमन कुमार ने भी साथ में दस्तावेज को पढ़ा और कुछ बिंदुओं को नोट किया। पूजा सिंघल की ओर से पिछले दिनों एक याचिका दाखिल कर कोर्ट से अनुरोध किया था कि ईडी ने अनुसंधान के क्रम में कई और दस्तावेज बरामद किया है, जो दाखिल चार्जशीट में और आपूर्ति किए गए पुलिस पेपर में नहीं है। ऐसे बरामद दस्तावेज को अवलोकन करने की अनुमति दी जाए। अदालत में उसकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद पूजा सिंघल की ओर से दाखिल याचिका को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने स्वीकार किया। अदालत के स्वीकार करने के बाद ईडी ने उन दस्तावेज को कोर्ट में जमा किया। पूजा सिंघल को उन दस्तावेज को देखने के लिए जेल से कोर्ट लाया गया। जहां बैठकर उन दस्तावेजों का अवलोकन किया। साथ ही अपने अधिवक्ता से इस पर जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

पीसीसी निर्माण में बालू का किया जा रहा है अवैध भंडारण

नवीन मेल संवाददाता

हेरहंज। प्रखंड क्षेत्र में लगातार अवैध बालू की उठाव कर भंडारण किया जा रहा है। भंडारण करने के बाद कार्य करने का काम किया जा रहा है। अखबार में खबर छपने के बाद भी कोई कारवाई नहीं हो रही है। ऐसा ही मामला एक और सामने आया है। प्रखंड क्षेत्र के चिरु पंचायत अंतर्गत लावागड़ा ग्राम के पतराटोली में डीएमएफटी फंड से

रिंकू भुइयां के घर से सरेवा भुइयां के घर तक पीसीसी पथ निर्माण किया जाना है। जिसका प्राक्कलित राशि 11 लाख 48 हजार 09 सौ रुपया है। यह कार्य का संवेदक दीपक कुमार सिंह बताया जा रहा है। हालांकि सूत्रों के हवाले बताया गया कि लावागड़ा निवासी नवीन सिंह द्वारा पीसीसी पथ निर्माण कार्य करने के लिए बालू का भंडारण किया गया है। ज्ञात हो कि प्रखंड परिसर में बन रहे एफसीआई गोदाम भवन निर्माण में बालू का भंडारण करने की खबर छपने के बाद भी कोई कारवाई नहीं कि गई। कार्य अभी भी किया जा रहा है।

नकद पुरस्कार से सम्मानित 529 खिलाड़ी मिली 4.3 करोड़ रूपये की इनामी राशि

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड खेल विभाग ने शुक्रवार को राजधानी रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में खिलाड़ी का सम्मान नकद पुरस्कार राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि खेलमंत्री मिथिलेश ठाकुर, खेल सचिव मनोज कुमार और खेल निदेशक संदीप कुमार ने खिलाड़ियों के बीच इनामी राशि का वितरण किया।

21 खेलों के खिलाड़ी को मिली इनामी राशि : उक्त समारोह में 21 खेलों में पदक जीतने वाले 529 खिलाड़ियों को इनामी राशि से सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच लगभग 4.3290 करोड़ रुपए की इनामी राशि का वितरण हुआ। इस कार्यक्रम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, नारायण महतो और सिम्पा मिंज को 7-7 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। इस मौके पर खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने झारखंड खेल प्राधिकरण के नए वेबसाइट का अनावरण भी किया। खेलमंत्री ने किया खिलाड़ियों को संबोधित कार्यक्रम के दौरान खेलमंत्री ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को हमेशा मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास कर रहा है। इसके अलावा समय पर खेल उपकरण और इनामी राशि का वितरण हो पाए, इसे भी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है।

ठाकुर ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन खेल के विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं और वह हमेशा खिलाड़ियों के लिए बातें करते हैं। इस कार्यक्रम में रांची डीएसओ शिवेंद्र कुमार, रूपा रानी, खेल विभाग के अधिकारी, स्पोटर्स को-ऑर्डिनेटर समेत सभी कर्मचारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

चिनियां छापेमारी अभियान चलाकर बेस कीमती लड़कियों को किया जब्त

चिनियां। चिनियां थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव में बीती रात वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाकर मौके से शखुआ का बना बनाया हुआ बेस कीमती चार पीस लड़कियों को जब्त किया है। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तथा वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बीती रात करीब 10 बजे छापेमारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव निवासी गोपाल यादव के घर के पीछे से स्थित छपरी के नीचे से दो पीस व उसके पास ही खेतों से दो पीस सखुआ का बना बनाया हुआ बोटा को जब्त किया गया है।

रातू रोड में श्रीलेदर्स का तीसरा शोरूम खुला

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्रीलेदर्स ने रातू रोड स्थित पिस्का मोड़ के समीप अपने तीसरे शोरूम को लांच किया है। शुक्रवार से यहां बिक्री शुरु हो गयी है। नये शोरूम में जूते की किफायती रेंज, प्रीमियम जूते,चमड़े का सामान, बैग, यात्रा बैग, खेल के जूते व एक्टिववियर की व्यापक रेंज उपलब्ध है। शोरूम में ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल सं०-2,राँची

शुद्धि -पत्र

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No.337851 Building (24-25)#D से प्रकाशित ई0 निविदा सख्या–11/2024–25 में निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान 15.10.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची प्रकाशित किया गया है। ई0 निविदा सख्या–11/2024–25 के जगह पर 10/2024–25 पढ़ा जाय। शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2,राँची

PR 338042 Building(24-25).D

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम समेत 8 की पेशी, बढ़ी हिरासत अवधि

रांची। ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम की मनी लॉउंड्रिंग करने के मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत 8 आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। वहीं, जमानत पर चल रहे तीन आरोपियों ने कोर्ट के समक्ष हाजिरी लगाई। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 12 नवंबर निर्धारित की है। मामले में अगली निर्धारित तारीख को 12 आरोपियों के आरोप गठन पर सुनवाई होगी। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में आलमगीर आलम, उनके आप्त सचिव संजीव कुमार लाल, नौकर जहांगीर आलम, वीरेंद्र राम, आलोक रंजन, नीरज मित्तल, सहयोगी तारा चंद एवं राम प्रकाश भाटिया की पेशी की गई।

कांग्रेस ने पांचों प्रमंडल में जनसंवाद अभियान के लिए छह टीम का किया गठन

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से महात्मा गांधी की जयंती पर राज्य में आसन्न चुनाव की शंखनाद कांग्रेस ने की है। इसके तहत जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 की शुरूआत शुक्रवार से राज्य के पांचों प्रमंडल में शुरू कर दी गई है। जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 के तहत प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर प्रदेश चुनाव अभियान समिति के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय ने पांच प्रमंडलों में छह टीम का गठन किया। पांच प्रमंडल में यह छह टीम जनसंवाद लक्ष्य 2024 को लेकर नुक्कड़ सभा, जनसभा, जनता से सीधी संवाद करने का काम शुरू किया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रथम चरण में कोल्हान प्रमंडल के लिए जहां स्वयं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बागडोर संभाली। वहीं पलामू प्रमंडल के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए चुनाव अभियान समिति के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, दक्षिणी छोटानागपुर के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू और संथाल परगना के लिए सुखदेव भगत, सांसद, को जिम्मा दी गई है।

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉची

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 70/24–25

International Dyslexia Awareness Month के अवसर पर राजभवन, रॉची को लाल रंग से रौशन करने एवं धनतेरस, दिपावली एवं छठ पूजा 2024 के शुभ अवसर पर रॉची स्थित राजभवन, मुख्य मंत्री आवास, विधान सभा अध्यक्ष आवास, मान्नीय झरखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायाधिशों के आवास आदि महत्वपूर्ण भवनों के विद्युत साज–सज्जा हेतु अस्थायी विद्युतीकरण कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्राधारी सम्वेदकों से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1.परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :–22.10.24 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
2.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, राँची/ विद्युत कार्य अंचल, रॉची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांक – 23.10.24 को 1.00 बजे अपराह्ण तक, नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
4.निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांक–23.10.24 को 2.00 बजे अपराहण में,विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
5.परिमाण विपत्र का मूल्य :–नियमानुसार रू0 500/–, 750/–, 1250/–,2500/– एवं 5000/–
6.अग्रधन राशि :–प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 338026 (Energy)24-25*D

जिलेवासियों ने जांबाज पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह की बलिदान को याद किया

उग्रवादियों से संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहूति दी थी अजय सिंह ने

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। चार अक्तूबर 2000 को लोहरदगा के पेशरार में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान हुए जिले के जांबाज पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह को लोहरदगा वासियों ने नमन किया। पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत अन्य ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शहर के बरवाटोली स्थित अजय उद्यान में जिलेवासियों ने बलिदानी एसपी को श्रद्धांजलि अर्पित की।अधिकारियों और जवानों द्वारा सशस्त्र सलामी के बाद तमाम लोगों ने पुष्प अर्पित किया। चार अक्टूबर 2000 को लोहरदगा के तत्कालीन एसपी अजय कुमार सिंह नक्सलियों से लोहा लेते हुए पेशरार में बलिदान हो गए थे। जाबांज, मिलनसार और मृदुभाषी शहीद एसपी अजय कुमार सिंह आज भी लोहरदगा जिलावासियों के दिलों में बसे हुए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद के अधूरे सपने को पूरा करने को लेकर अपनी सहभागिता निभाने पर बल दिया। ट्रस्ट के सचिव चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि यह अजय उद्यान बलिदानी अजय कुमार सिंह की यादगार में समर्पित है ।आज हम उनकी स्मृति को नमन करते हैं। उनकी वीरता और कर्तव्य परायणता को याद करते हैं। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि आईपीएस अधिकारी अजय सिंह के बलिदान को सार्थक करने के लिए पुलिस ने जो संकल्प लिया था, उसमें सफल रही है। मौके पर रामाश्रय प्रसाद सिंह, समेत जिले के प्रबुद्धगण समेत अन्य लोग मौजूद थे।

बिहार के पहले आईपीएस थे जो वर्दी में शहीद हुए

4 अक्टूबर 2000 को माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर नाम के आतंकवादी ग्रुप ने लोहरदग्गा के पेशरार गांव में अजय को गोली मार दी थी। 1995 बैच के आईपीएस अजय अपने बेखौफ तेवरों के लिए मशहूर थे और वह बिहार के पहले ऐसे आईपीएस अधिकारी थे, जो वर्दी में नक्सलवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए।

फायरिंग की खबर सुनकर गए थे पेशरार

पेशरार गांव तीन जिलों की सीमा पर स्थित है। लोहरदग्गा, गुमला और पलामू। ये तीनों ही जिले नक्सलियों के बहुत अधिक प्रभाव में माने जाते हैं। यहां पर उस समय माओवादियों ने गांव वालों को डराने के लिए खुलेआम दिन दहाड़े पुलिस पर फायरिंग की थी। इसी बात को ध्यान में रखकर अजय ने गांव का दौरा करने का फैसला किया। वह अपने ऑफिस से जिप्सी पर सवार होकर निकले। उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड के अलावा बिहार मिलिट्री पुलिस के चार जवान थे। गांव के पास पहुंचकर उन्होंने एक ढाबे पर गाड़ी रुकवाई और उस जगह के बारे में जानकारी हासिल की, जहां फायरिंग हुई थी। गाड़ी कुछ आगे पहाड़ियों की तरफ बढ़ी ही थी कि जोरदार धमाका हुआ।

फायरिंग की खबर सुनकर गए थे पेशरार

पेशरार गांव तीन जिलों की सीमा पर स्थित है। लोहरदग्गा, गुमला और पलामू। ये तीनों ही जिले नक्सलियों के बहुत अधिक प्रभाव में माने जाते हैं। यहां पर उस समय माओवादियों ने गांव वालों को डराने के लिए खुलेआम दिन दहाड़े पुलिस पर फायरिंग की थी। इसी बात को ध्यान में रखकर अजय ने गांव का दौरा करने का फैसला किया। वह अपने ऑफिस से जिप्सी पर सवार होकर निकले। उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड के अलावा बिहार मिलिट्री पुलिस के चार जवान थे। गांव के पास पहुंचकर उन्होंने एक ढाबे पर गाड़ी रुकवाई और उस जगह के बारे में जानकारी हासिल की, जहां फायरिंग हुई थी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।
ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:–14/RI/2024-25/RWD/KHUNTI, दिनांक– 04.10.2024
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम:–

क्र० सं०	आई०डी० सं०/पैकेज सं०	प्रखण्ड	पथ का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि	टेंडर कॉल नं०
1	RWD-KHUNTI-12/2024-25	तमाड़	दिवड़ी दलभंगा आर०ई०ओ० पथ से कोकाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 2.570 कि०मी०)।	2,77,69,100.00 (दो करोड़ सतहत्तर लाख उनहत्तर हजार एक सौ रू० मात्र।)	5,56,000.00 (पाँच लाख छप्पन हजार रू० मात्र।)	12 माह।	द्वितीय।

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 07.10.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 14.10.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 16.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 337961 Rural Development (24-25)D

एक नजर

नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा

चांडिल। चौका नवदुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा व भक्तिभाव से किया गया. देवी के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता का आशीर्वाद लिया. श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या अधिक थी. वहीं श्रद्धालु हाथों में भक्ति की थाली लिये सुबह और शाम मंदिर में पहुंचे. इसके पूर्व सुबह पहले मां ब्रह्मचारिणी का कलश यात्रा निकाला गया. मंदिर से चौका तालाब तक गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. कलश स्थापना करने के बाद देवी पूजन शुरू किया गया. इसके साथ ही मंदिर में चंडीपाठ भी शुरू हुआ. चौका में भक्तों ने देवी की पूजा-अर्चना के बाद मां का जयकारा लगाया.

ठेका कंपनी मजदूरों को नहीं दे रही ओवरटाइम का पैसा

चाईबासा। उलीझरी गांव में बन रहे मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले मजदूरों की शुक्रवार को बैठक हुई. बैठक में मजदूरों ने कहा कि ठेका कम्पनी 8-10 घंटे काम ले रही है, लेकिन ओवर टाइम का पैसा नहीं दे रही है. पीएफ भी नहीं काटा जा रहा है. इसके अलावा बाहरी मजदूर बहुत ज्यादा काम कर रहे हैं. दूसरी ओर सरकार 75 % लोगों को रोजगार देने का घोषणा की है, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है. जॉन मिरन मुंडा ने कहा कि मजदूरों का हक नहीं मारना चाहिए, लेकिन सरकार इस पर मौन है. सरकार मजदूरों का पलायन रोकने को लेकर गंभीर नहीं है. इसके लिए श्रम विभाग को लिखा जायेगा, लेकिन वर्तमान में विधायक दीपक बिरुवा मंत्री के पद पर रहकर भी जिला में मजदूरों को लेकर काम नहीं कर रहे हैं. आगामी विधानसभा चुनाव में मजदूर इसका जवाब देंगे.

रेलवे साइडिंग से लौह अयस्क तस्करी में शामिल हैं बड़ी हस्तियां

किरीबुरू। गुवा रेलवे साइडिंग के लाइन नंबर 5 और 6 और बड़ाजामदा रेलवे साइडिंग की कुछ लाइनों की साफ-सफाई के नाम पर लौह अयस्क की तस्करी के बड़े खेल में जमशेदपुर के विनय पंकज, अमर सिंह के अलावे कुछ अन्य बड़ी हस्तियां शामिल हैं. इन लोगों को जमशेदपुर की ही एक बड़ी राजनीतिक हस्ती का आशीर्वाद प्राप्त है. सूत्रों का कहना है कि दोनों रेलवे साइडिंग से सेल, टाटा स्टील समेत दर्जनों खदानों (अब बंद) से लौह अयस्क की ढुलाई होती रही थी अथवा है. कई वर्षों में उक्त खदानों से लम्प, फाइन्स, ब्लू डस्ट समेत अन्य प्रकार की लौह अयस्क रेलवे साइडिंग में परिवहन हेतु आता था. रैक लोड होने के बाद उक्त रूपों में अयस्क अलग-अलग परत दर परत तथा हर परत में अलग-अलग ग्रेड के रूप में लाइन किनारे जमा होता था।

झालोक्रांमो ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की : रमेश कुमार महतो

स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे, झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति की मांग पार्टी करती आ रही है

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (झालोक्रांमो) रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने 4 अक्टूबर को विज्ञप्ति जारी कर कहा की झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने राज्य के 6 विधानसभा सीटों से अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो डुमरी विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने डुमरी ,जमुआ राजमहल, तमाड, सरायकेला और छतरपुर सीट से प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है । पार्टी अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने बुधवार को पारस नाथ के तलहटी में आयोजित केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से 6 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की और एक-दो दिनों में पार्टी की दूसरी सूची भी जारी की जाएगी। छह प्रत्याशियों में से दो महिलाओं को उन्होंने टिकट देकर आधी आबादी का भी सम्मान किया है। मीडिया प्रभारी ने कहा की अपनी दूसरी सीट के बारे में टाइगर जयराम महतो ने कहा कि टुंडी, बाघमारा, मांडू गोमिया या बेरमो में से किसी एक सीट पर और चुनाव लड़ेंगे। जल्दी इसकी भी घोषणा कर देंगे। उम्मीद जतायी जा रहा है कि लगभग 70 सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी है। टाइगर जयराम महतो ने जमुआ से रोहित कुमार दास, राजमहल से मोतीलाल सरकार, तमाड़ से दमयंती मुंडा, छतरपुर से प्रीति राज को जेएलकेएम का प्रत्याशी घोषित किया है। हमारी पार्टी चाहती है कि झारखंडी हित की बात करने वाले नेता ही मिलकर चुनाव लड़े तो बेहतर है ,क्योंकि टाइगर जयराम महतो ने कहा कि स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे। झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उधोग नीति की मांग पार्टी करती आ रही है। इस मुद्दे को वह जनता के बीच में ले जाएंगे। सभी जनता से अपील है कि अपने हक अधिकार, बाल बच्चों के भविष्य के लिए टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करें।

कल्याण गुरुकुल खूंटी के छात्रों को मिली नौकरी, प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खूंटी। मल्टी स्किल कल्याण गुरुकुल खूंटी के इलेक्ट्रिशियन बैच नंबर 70 के 30 विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को संस्थान परिसर में भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परीय प्राचार्य केशव चंद्र मोहंती ने ने सभी विद्यार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरीय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर बेंगलुरू, कोच्चि और पुणे के लिए रवाना किया। सीनियर प्रिंसिपल मोहंती ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन के सहयोग से पूरे झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल, आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज और एक आईटीआई का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रवाना हुए सभी छात्रों को शेभा लिमिटेड में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन के पद पर अच्छे वेतन पर नौकरी मिली है।

दुर्घटना को आमंत्रित कर रही क्षतिग्रत पुलिया

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत तुईयो के ग्राम खैरा - चांदगढ़ के बीच स्थित पुलिया बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। इस संबध में ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पुलिया मरम्मत की मांग की है। ज्ञात हो कि पुलिया एक साइड से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे भविष्य में इसके ढहने की पूरी आशंका ग्रामीणों द्वारा व्यक्त की जा रही है। यह मार्ग कोडरमा और गिरिडीह जिला को जोड़ती है। अगर समय रहते पुलिया की मरम्मत नहीं हुई तो आवागमन पूरी तरह अवरूद्ध हो जाएगा साथ ही पुलिया टूटने से कई गांवों का संपर्क टूट सकता है।स्थानीय लोगों ने प्रशाशन से पुलिया अतिशीघ्र बनवाने की मांग की है।

20वें एसडीपीओ ने बरही में ग्रहण किया पदभार

बरहीवासियों को अपराध नियंत्रण व प्रशासनिक सुधार की जगी है उम्मीद

बरही । नव पदस्थापित एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बरही के 20वें एसडीपीओ के रूप में शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया. जिन्हे स्थानांतरित एसडीपीओ सुरजीत कुमार सहित कार्यालय कर्मियो ने बुके देकर स्वागत किया. नव पदस्थापित एसडीपीओ जेपीएस चतुर्थ बैच के पुलिस अधिकारी हैं. जो राजधानी रांची में अपराध अनुसंधान विभाग में बतौर पुलिस उपाधीक्षक पदस्थापित थे. इनके अपराध अनुसंधान व प्रशासनिक अनुभवों का बरही को विशेष लाभ मिलेगा. जानकारी के अनुसार इन्होंने अब तक रांची कोतवाली, पाकुड़, घाटशिला और मुसाबिनी में एसडीपीओ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं. पुलिस और जनता के बीच विश्वास और बेहतर पुलिसिंग बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. जीटी रोड पर अवस्थित होने के कारण अनुमंडल के विभिन्न होटलों, ढाबों सहित विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे शराब या नशीले पदार्थो के अवैध व्यापार, जीटी रोड के मार्ग रात्रि में प्रतिबंधित पशुओं की ढुलाई पर अंकुश, बरही की ट्रैफिक आदि जैव समस्याओं का समाधान नए एसडीपीओ के लिए कड़ी चुनौती होगी. नए एसडीपीओ से अनुमंडलवासियों को अनुमंडल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, प्रशासनिक सुधार और सामुदायिक विकास की उम्मीद की किरण जगी है.

तालाब में डूबकर मजदूर की मौत

गिरिडीह। जिले के गांवा थाना इलाके के नोकी आहार तालाब में हासिम अंसारी का शव शुक्रवार को तैरता हुआ मिला। हरला गांव निवासी हासिम अंसारी का शव तलाब में मिलने की सूचना पर पूरे गांव के लोगो की भीड़ जुट गई। जानकारी मिलने के बाद गांवा थाना पुलिस लाके भी घटनास्थल पहुंच कर जांच की। बताया गया कि तलाब में शव को सबसे पहले वही के एक होटल के कर्मी में देखा, उसने घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को दिया। इसके बाद परिजनों को जानकारी मिलने के बाद परिजन भी पहुंचे। पुलिस के अनुसार मृतक का चप्पल तालाब के बाहर मिला, मृतक हासिम अंसारी की पत्नी डोजी खातून ने बताया कि उसके पति गुरुवार को ही मजदूरी करने घर से निकले थे, इसके बाद वापस नहीं लौटे, वही दूसरे दिन शुक्रवार को उसका शव तालाब में पड़ा मिला। गांवा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

बाइक चोरी मामले का हुआ खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

चोरी हुई काले रंग की मोटरसाइकिल बरामद पुलिस कर रही आगे की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा शहर में बाइक की चोरी का मामला दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। चोरों का गिरोह पलक झपकते हुए बाइक लेकर फरार हो जाते हैं। कुछ इसी तरह का मामला जिले में बाइक चोरी मामले का उद्भेदन करते हुए दो आरोपित गिरफ्तार किये गए हैं। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थानान्तर्गत अज्ञात चोरो के द्वारा एक मोटरसाईकिल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है और उसे लेकर भागने की कोशिश कर रहा है। उक्त सूचना पर विनय कुमार थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चोरी की गई काले रंग की मोटरसाईकिल को बरामद किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 246/24 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।अभियान में चंदन कुमार उर्फ फतु, उम्र 19 वर्ष, पिता स्व मंगन सिंह सा विशुनपुर पुर्वी टोला, थाना- तिलैया, जिला कोडरमा व संदीप कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता जुगन सिंह, सा झर्की विशुनपुर पुर्वी टोला, थाना तिलैया, को गिरफ्तार किया गया जबकि मौके से पुलिस ने काले रंग का स्पेलेंडर मोटरसाईकिल को जब्त किया।

खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा हर दिन अपने आवास में लगाते हैं जनता दरबार

खूंटी। खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने अपने आवासीय कार्यालय में प्रतिदिन सुबह जनता दरबार लगाने की अनोखी पहल शुरू की है। जनता दरबार में सांसद आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। सांसद न केवल लोगों की समस्याओं से अवगत होते हैं, बल्कि तत्काल निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इसके अलावा कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निवारण भी किया जाता है। ग्रामीणों ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि खूंटी में कालीचरण मुंडा पहले ऐसे सांसद हैं, जा हर दिन आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करते है।

एसपी के निर्देश पर रामगढ़ पुलिस केंद्र में मॉक ड्रिल

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ दुर्गा पूजा-2024 त्योहार के मद्देनजर किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, विधि-व्यवस्था संधारण के पूर्वाभ्यास के लिए 4 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के आदेशानुसार पुलिस केन्द्र रामगढ़ परिसर में राईट कंट्रोल मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। मॉक ड्रील में मन्टू यादव परिचारी प्रवर रामगढ़, सन्नी कच्छप सर्जेट रामगढ़, अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी एवं डीएपी/सैट के सशस्त्र बलों ने हिस्सा लिया और किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने का मॉक ड्रील किया। पूजा के समय अपराधियों का तांडव ज्यादा ही बढ़ जाता है जिसको लेकर कड़ी स्थिति अपनाई गयी है।

खिलाड़ियों ने आंदोलन का किया समर्थन, सीईओ को सौंपा ज्ञापन

फुटबॉल मैदान को सेना के अधिकार से मुक्त कराने को लेकर पूर्व उपाध्यक्ष ने दिया धरना

छावनी परिषद का विलय नगर परिषद रामगढ़ में किए जाने की संवैधानिक प्रक्रिया जारी है

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ अक्टूबर (हि.स.)। छावनी परिषद रामगढ़ कैंट में एकमात्र सुभाष चंद्र बोस क्रीड़ा स्थल फुटबॉल मैदान को सेना के अधिकार से मुक्त कराने को लेकर शुक्रवार को छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह ने छावनी परिषद कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। धरना पर बैठे अनमोल सिंह को स्थानीय खिलाड़ियों और लोगों का समर्थन मिला। इस दौरान डॉ संजय प्रसाद सिंह, सूर्यवंशी श्रीवास्तव, जिला फुटबॉल संघ के महासचिव मुस्तफा आजाद, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, अजीत गुप्ता, आरजेडी के प्रदेश सचिव बद्री विश्वकर्मा, राजीव जायसवाल सहित कई लोगों ने आंदोलन को समर्थन दिया। धरना के उपरांत छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए पत्र में कहा है कि छावनी परिषद रामगढ़ की जनता एवं खेल प्रेमियों को खेलते हुए तथा सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए एकमात्र स्टेडियम सुभाष चंद्र बोस क्रीड़ा स्थल शहर के मध्य में अवस्थित है। छावनी परिषद का विलय नगर परिषद रामगढ़ में किए जाने का संवैधानिक प्रक्रिया जारी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोक यानी जनता जनार्दन सर्वोपरि है। जनता की मांग है कि विगत कई वर्षों से युक्त फुटबॉल ग्राउंड आम जनता की उपयोग के लिए उपलब्ध रहा है। परंतु आए दिन चर्चा है कि उक्त स्टेडियम सेना के अधिकार में चला जाएगा यह रामगढ़ की आम जनता एवं खिलाड़ियों के लिए चिंता का विषय है।

खूंटी के खिलाड़ियों को मंत्री ने नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

खूंटी। राज्य सरकार की ओर से शुक्रवार को शौर्य भवन, जैप1 रांची में खिलाड़ी सम्मान समारोह (नगद पुरस्कार राशि वितरण) का आयोजन किया गया। मिथिलेश कुमार ठाकुर मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी जो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए हैं, उन सभी खिलाड़ियों को समारोह में नकद पुरस्कार देकर कर सम्मानित किया गया। खूंटी जिले के हॉकी, रग्बी, नेटबॉल समेत अन्य खेलों के खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार देकर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों में मुख्य रूप से मैनुअल कंडुलना, रेमिश भेंगरा, अजय हेमरोम, प्रवीण कोंगड़ी, सुखु गुड़िया, जेसन कंडुलना, डेविड मुंडा, नमिता धान, सेलेस्टियन होरो, संजना होरो समेत अन्य को 60 हजार एवं 50 हजार रुपये का चेक सौपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना मंत्री ने की। खूंटी जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने उनहें बधाई दी।

बरकनगांगो और जतघघरा में सास, बहू व पति सम्मेलन का आयोजन

लड़का हो या लड़की, 21 वर्ष में शादी करना कानूनन सही : बसंती

2 साल बाद पहला बच्चा हो, दो बच्चे के बीच 3 साल का अंतराल हो तथा दो बच्चे के बाद स्थायी विधि अपनाना चाहिए

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवन बरकनगांगो व जतघघरा में सास,बहू व पति सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को सहिया साथी बसंती देवी की अध्यक्षता में की गयी। संचालन सहिया दीदी हेमंती देवी ने किया। कार्यक्रम बीटीटी प्रकाश पंडित के देखरेख में किया गया। इस दौरान सहिया साथी बसंती देवी ने सास, बहू एवं पति सम्मेलन में परिवार नियोजन से संबंधित लोगों को जानकारी दी एवं चार गाठ- लड़का हो या लड़की 21 वर्ष में शादी करना, शादी के 2 साल बाद पहला बच्चा हो, दो बच्चे के बीच 3 साल का अंतराल हो तथा दो बच्चे के बाद स्थाई विधि अपनाना चाहिए, के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि लड़का या लड़की शादी 21 वर्षों में करना कानूनन जायज है। वहीं बीटीटी ने परिवार नियोजन का अस्थाई विधि के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने गुब्बारा का खेल खेलाकर कम परिवार सुखी परिवार के बारे में बताया। वहीं उपस्थित योग्य दंपति को चार गाठ अपनाने वाले लाभार्थियों को स्टील बर्तन देकर कुल 20 लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर श्याम सुंदर यादव, सहिया दीदी उषा देवी,सुषमा देवी, संगीता देवी, काजल कुमारी, रेखा देवी, नीतू देवी, प्रियंका देवी ,रानी देवी समय तो दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

बच्चों के अधिकार एवं उनके संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

अधिकार के लिए महिलाओं को आगे आना होगा, तभी होगा विकास : राजश्री

खूंटी। झालसा रांची के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए के अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में बच्चों के अधिकार एवं उनके संरक्षण के लिए शुक्रवार को खूंटी प्रखंड सभागार में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में डीएलएसए की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं जागरूक होकर अपने हक के लिए आगे नहीं बढेंगी, तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा, आपको मालूम होगा कि समाज में ज्यादातर हिंसा महिलाओं के साथ होती है, क्योंकि उन्हें कमजोर समझ जाता है। इसलिए महिलाओं को अपनी शक्ति को पहचानना होगा। एनसीडब्ल्यू और डीएलएसए से चिह्नित महिलाएं हैं, जो पंचायत स्तर पर महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के लिए कार्य करती हैं। सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि यह कार्यशाला महिलाओं से जुड़ी सभी प्रकार की समस्याओं प्रभावित महिलाओं को न्याय पाने की हिम्मत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम सब बच्चों के हक एवं उनको न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहें। बाल विवाह की रोकथाम के लिए सभी पीएलवी को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक जागरूकता शिविर लगाने का सुझाव भी सचिव ने दिया।

कर्रा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

सोशल मीडिया की अफवाहों पर ध्यान न दें : अशोक कुमार सिंह

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी दुर्गा पूजा को लेकर कर्रा थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता तोरपा के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, अंचलाधिकारी वंदना भारती और प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेशिया ने संयुक्त रूप से की। बैठक में गणमान्य लोगों ने कर्रा और लोधमा में दुर्गा पूजा को हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर अपने विचार रखे। तोरपा के इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान किसी प्रकार की व्हाट्सएप ग्रुप में आये अफवाहों को ध्यान न देकर अपने विवेक से काम लें। किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत कर्रा थाना को दें। बीडीओ स्मिता नगेशिया ने कहा कि कर्रा और लोधमा के दुर्गा पूजा आयोजन समिति के सभी लोग अपने वोलेंटियर्स की सूची, महिला और पुरूषों के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकासी द्वार बनाने का निर्देश दिया। महिलाओं के साथ चैन स्नेचिंग, छेड़छाड़, व बैड टच नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। सीओ वंदना भारती ने कहा कि सभी पंडालों में सीसीटीवी केमरा, फायर एक्टीवेशन की सुविधा, पूजा में डीजे व भड़काऊ एवं अष्लील गीत नहीं बजाने, विसर्जन के दिन तालाब व घाटों में वोलेंटियर्स और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रखने के साथ कर्रा व लोधमा के सभी पंडालों की मूर्तियों का विसर्जन का समय करने और रूट चार्ट थाना में जमा करने का निदेर्शा दिया। कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने सरकार द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर 112 पर पुलिस सेवा, स्वस्थ्य सेवा, अग्नी समन सेवा सहित विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई।

झारखंड आएं तो जरूर लें इन जायकों का लुत्फ

खांटी देशज स्वाद, पौष्टिकता बेहद खास

झारखंड के पकवानों में हम धुस्का से तो परिचित हैं लेकिन इसके अलावा भी यहां के कुछ पकवान ऐसे हैं जो खाने में बेहद लजीज होते हैं। इनमें से ज्यादातर चावल के बने होते हैं क्योंकि यहां खरीफ की फसल में मूल रूप से धान की पैदावार की जाती है।

इतने टेस्ट के बाद पीएम मोदी तक पहुंचता है खाना-पानी, हजारीबाग में बन थे खास पकवान

हजारीबाग । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को हजारीबाग पहुंचे। जिसको लेकर तैयारियां जोरशोर से चली थी। ऐसे में प्रधानमंत्री क्या खाना खाएंगे? क्या पियेंगे? इसे लेकर भी विशेष तैयारी हुई थी। हजारीबाग जिला प्रशासन की ओर से फूड सेफ्टी ऑफिसर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खानपान की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी के खानपान के लिए हजारीबाग फूड सेफ्टी ऑफिसर के साथ चतरा और रामगढ़ के दो फूड सेफ्टी ऑफिसर को भी इसके लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। इन फूड सेफ्टी ऑफिसर की उपस्थिति में ही हर एक सामान की खरीदारी हुई। साथ ही पका कर परोसा जाएगा। इसके अलावा और भी कई तरह की सतर्कता बरती गई थी।

हर जगह मौजूद थे फूड इंस्पेक्टर

इस संबंध में हजारीबाग फूड सेफ्टी ऑफिसर प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बताया कि हर वह सामान जो प्रधानमंत्री के उपयोग के लिए है, इसकी खरीदारी फूड सेफ्टी ऑफिसर के सामने की जाएगी। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में अगर प्रधानमंत्री कुछ खाने की इच्छा जाहिर करते हैं तो उसके लिए अलग व्यवस्था की गई थी। एक अलग केटरर पीएम के खान-पान का इंतजाम किया। गांधी मैदान में भाजपा का अपना कार्यक्रम है। वहां खानपान के लिए अलग इंतजाम किया गया था। इसी तरह हेलीपैड में भी व्यवस्था थी। सभी जगह एक-एक फूड इंस्पेक्टर उपस्थित थे।

झारखंड जाएं तो खाना न भूलें यहां की ये **लाजवाब डिशेज**

झारखंड की कला और संस्कृति की पहचान पूरे देश में है। यहां का खान-पान भी देश के बाकी राज्यों से काफी अलग है। यहां का अधिकांश हिस्सा जंगल से जुड़ा होने के कारण यहां के खाने-पीने में भी आदि संस्कृति की छाप दिखती है। यहां के व्यंजनों में जंगली साग और चावल का प्रयोग सर्वाधिक किया जाता है। जब झारखंड के लाजवाब खाने की बात आती है तो यहां चावल से बने व्यंजन सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं और खाने-खिलाने में पसंद भी किये जाते हैं। झारखंड के लगभग सभी इलाकों में चावल की पैदावार होती है और यही कारण है की चावल से बने विभिन्न व्यंजन को अलग-अलग रूपों में पेश किया जाता है। इसे आटा, सूजी और चावल से मिलाकर बनाया जाता है। इसमें सब्जियों और दाल की स्टफिंग रहती है। हालांकि कई अन्य राज्यों में भी पीठा बनाया जाता है। लेकिन झारखंड जैसा स्वाद किसी राज्य के पीठे में आपको नहीं मिलेगा। इसको यहां धनिए की चटनी के साथ खाए जाने का चलन है।

हांडिया, लिक्चर ऑफ झारखंड

इसे झारखंड की देसी शराब भी कहा जाता है। 20 से 25 जंगली जड़ीबूटियों को उबले चावलों के साथ मिलाकर कुछ दिनों के लिए छोड़ दिया जाता है। यह एक हफ्ते में तैयार हो जाती है। इसे यहां राइस बीयर के नाम से भी जाना जाता है।

बिहार व झारखंड के ठेकुए की महक

ठेकुआ मुख्य रूप से बिहार और झारखंड की डिश मानी जाती है। इसे गेहूं और चावल के आटे के मिश्रण से तैयार किया जाता है। छठ के महापर्व में ठेकुए से छठ मैय्या को भोग लगाया जाता है। समय के साथ-साथ अब ठेकुए के स्वाद में भी परिवर्तन आ गया है। कुछ लोग अब इसे अधिक स्वादिष्ट बनाने के लिए मावे, नारियल और तिल का भी प्रयोग करने लगे हैं।

मालपुआ : देसी पैनकेक झारखंड के प्रसिद्ध भोजन

हमारी सूची में सबसे आखिरी लेकिन कम महत्वपूर्ण नहीं है मालपुआ-देसी पैनकेक। झारखंड के प्रसिद्ध खाद्य पदार्थों की सूची इसके बिना अधूरी रहेगी।

यह एक बहुत ही लोकप्रिय व्यंजन है जो देश भर के विभिन्न राज्यों में पाया जा सकता है, लेकिन यह मुख्य रूप से बिहार और अब झारखंड की परंपरा है। झारखंड में, मालपुआ होली से संबंधित है। होली की पूर्व संध्या पर, झारखंड में शायद ही कोई ऐसा परिवार हो जो मालपुआ की सुखद सुगंध से वंचित न हो। यह कई स्वादिष्ट चीजों की तरह कैलोरी में भारी होता है, लेकिन मालपुआ का लुभावना स्वाद इसके लायक है!

झारखंड के कुछ बेहद लजीज व पौष्टिक पकवान

रांची। झारखंड भारत का एक ऐसा राज्य है, जो न केवल अपनी प्राकृतिक खूबसूरती व आदिवासी संस्कृति के लिए जानी जाती है, बल्कि यहां के लजीज पकवानों के भी लोग कायल हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी ही झारखंडी व्यंजनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो स्वादिष्ट होने के साथ ही यहां की पहचान हैं। ऐसे में अगर आप भी कहीं झारखंड के दौरे पर जाएं, तो इनका लुत्फ उठाना न भूलें।

धुस्का : धुस्का-बर्रा खाएंगे झारखंड में बस जाएंगे...ठीक है। यह गाना तो आपने सुना ही होगा। यह झारखंड का एक ऐसा पकवान है, जिसके बिना यहां के लोगों का नाश्ता ही अधूरा रहता है। ऐसे में यहां के गली-चौराहों में ठेला लगाकर इसकी बिक्री होते देख सकते हैं। धुस्का आमतौर चावल और उड़द के दाल से बनाया जाता है और इसे आलू-चने की सब्जी के साथ पत्तल पर परोसा जाता है। कई बाद उड़द के साथ चना दाल भी मिलाकर इसे बनाया जाता है।

छिलका रोटी : गेहूं के आटे की रोटी खा-खाकर अगर बोर हो गए हैं, तो आप इस झारखंडी डिश को अपने खानपान में शामिल कर सकते हैं, जो चावल को पीस कर बनाया जाता है। इसमें चावल को धोकर साफ पानी में पूरी रात या चार-पांच घंटे के लिए भिगो दिया जाता है। फिर इसे पीस लिया जाता है और फिर इसमें पानी मिलाकर इसका एक घोल तैयार कर लिया जाता है। इसमें नमक मिला लें। इसके बाद तवे पर तेल या घी डालकर इसे अच्छे से दोनों ओर से सेंक लेंगे। इसका जायका आलू-चने की सब्जी या चिकन या मटन करी के साथ खाने से और बढ़ जाता है।

पत्ता रोटी : इसके लिए सबसे पहले चावल और उड़द दाल को भिगोंकर इसे पीस लिया जाता है। यह थोड़ा मोटा पीसा हुआ होता है। इसके बाद इसे एक मिट्टी के बर्तन में ढककर कुछ देर (2-3 घंटे) के लिए छोड़ देते हैं। फिर इसमें नमक मिला लें। अब साल के पत्ते को अच्छे से धोकर इन्हें सुखाकर इन्हें कोन का आकार दिया जाता है। फिर पहले से तैयार पेस्ट को डाला जाता है। फिर इसे कूकर या स्ट्रीमर के भाप में पकाया जाता है। आखिर में इसे चिकन या मटन करी या टमाटर की चटनी के साथ परोसा जाता है।

ढकनी रोटी : इस पकवान को बनाने के लिए भी भिगोंकर रखे गए चावल की जरूरत पड़ती है, जिसे हल्के गुनगुने पानी के साथ पीस लिया जाता है। इसे न ज्यादा पतला और न मोटा पीसना है। ढकनी या डब्बा रोटी बनाने के लिए एक खास मिट्टी का बर्तन आता है, जो यहां आसानी से मिल जाता है। फिर बर्तन को हल्की आंच पर चढ़ाकर इसमें चावल का मिश्रण थोड़ा-सा डालकर ढक देना है। फिर चार से पांच मिनट तक इसे पका लिया जाता है और गर्मागर्म किसी सब्जी या करी के साथ परोसा जाता है।

बांस करील : यह कुछ और नहीं, बल्कि बांस के छोटे-छोटे नए पौधे हैं। इसे मसालों के साथ फ्राई कर खाया जाता है। इसे सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद माना जाता है।

फुटका रुगड़ा: झारखंड में इसे लोग वेज मटन भी कहते हैं। यह यहां के जंगलों में पायी जाने वाली मशरूम की एक प्रजाति है, जिसका स्?वाद बिल्?कुल मटन जैसा होता है। यह दिखने में छोटे आकार के आलू की तरह होता है, जो प्रोटीन से भरपूर होता है। इसे मिट्टी से निकालकर, अच्?छे से धोकर, मसालों के साथ पकाकर खाया जाता है।

खुखड़ी की सब्जी : झारखंड में लोग खुखड़ी की सब्जी भी बेहद चाव से खाते हैं। यह भी मशरूम की ही एक प्रजाति है। यह एक ऐसी सब्जी है, जो चिकन-मटन से भी महंगी बिकती है। इसकी कीमत लगभग 1200 रुपये प्रति किलो है। यह भी जंगलों में पाई जाती है, जिसे लोग खूब अच्छे से मसालों के साथ भुनकर चावल या रोटी के साथ खाते हैं। इसके अलावा भी अनरसा या अरसा, पीठा, बर्रा या कचड़ी, मड़ुआ रोटी जैसे कई ऐसे स्थानीय पकवान है, जिनका स्वाद झारखंड जाने पर एक बार चखना तो बनता है।

आज शाम बेहद करीब होंगे वीनस और क्रिसेंट मून, दिखेगा अद्भुत नजारा

▸ सिंदूरी शाम में दिखेगी शुक्र और चंद्र की नजदीकी

एजेंसी। भोपाल

खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए शनिवार की शाम बेहद खास होगी। इस दौरान शाम को दक्षिण-पश्चिमी आकाश में सूर्य के अस्त होने के तुरंत बाद हंसियाकार चंद्रमा (मून) और बिंदी के रूप में चमकता शुक्र (वीनस) जोड़ी सी बनाते नजर आएंगे। किसी भी खुले स्थान से इस खगोलीय घटना को बिना किसी टेलिस्कोप के खाली आंखों

से ही देखा जा सकेगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शुक्रवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वीनस और मून आपस में सिमटे से पांच डिग्री से कम के अंतर पर होंगे। इन दोनों आकाशीय पिंडों की नजदीकी को टेक्नीकल रूप (खगोल विज्ञान में) से एपल्स कहा जाता है। सारिका ने बताया कि यह खगोलीय जोड़ी क्षितिज से लगभग 14 डिग्री ऊपर रहकर धीरे-धीरे नीचे आते जाएंगे। इस जोड़ी को सूर्यास्त के बाद एक घंटे से कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा। इस समय हंसियाकार चंद्रमा माइनस 9.9 के मैग्नीटयूड से चमक रहा होगा जबकि वीनस की चमक माइनस 4 मैग्नीटयूड रहेगी। उन्होंने बताया कि सिंदूरी शाम को दोनों आकाशीय पिंडों की यह समीपता केवल सीमित समय तक ही दिखेगी। इसीलिए इस आकाशीय जोड़ी से साक्षात्कार करने से चूकिए मत।

सीएम योगी ने लिटिल चैंप कुशाग्र संग खेला शतरंज

एजेंसी। गोरखपुर

खेल और खिलाड़ियों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लगाव जगजाहिर है। इसकी बानगी शुक्रवार को देखने को मिली। जब गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सीएम योगी ने देश के सबसे कम उम्र के फीडे (विश्व शतरंज महासंघ) रेटेड खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेलकर उसका उत्साहवर्धन किया। सीएम योगी ने इस लिटिल चैम्प से शतरंज के खेल में मोहरों की चाल और शह-मात पर खूब बात की। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिटिल चैम्प के साथ कुछ फोटो भी शेयर किए। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ''लिटिल चैंपियन कुशाग्र... प्रभु श्री राम आप पर आशीर्वाद बनाए रखें।'' कुशाग्र अग्रवाल, शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ का आशीर्वाद लेने गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। कुशाग्र अभी सिर्फ 5 साल 11 माह के हैं और यूकेजी में पढ़ते हैं। लेकिन, उनकी उपलब्धि उम्र से काफी बड़ी है। 1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल कर वह इस समय भारत में सबसे कम उम्र के फीडे-रेटेड खिलाड़ी हैं। उन्होंने 4 साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया और अपनी प्रतिभा के दम पर एक साल में ही फीडे रेटिंग हासिल कर ली।

कांग्रेस अब 'कोकीन' का कारोबार करने वाले नेताओं की पार्टी बन गई

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने ड्रग रैकेट पर कांग्रेस को घेरते हुए पार्टी को कोकीन का कारोबार करने वाले नेताओं की पार्टी करार दिया है। भाजपा ने 5,600 करोड़ रुपये की प्रतिबंधित दवाओं की जब्ती के मामले में तुषार गोयल की गिरफ्तारी को लेकर विपक्षी दल पर हमला तेज करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अब 'कोकीन' में कारोबार करने वाले नेताओं की पार्टी बन गई है। भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित

करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि एक ओर जहां मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। उन्होंने कांग्रेस युवा विंग के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि गोयल को 17 अक्टूबर, 2022 को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया गया था। उन्होंने कहा, यह एक जालसाजी है, जिसके लिए कांग्रेस प्रसिद्ध है। जैसे ही वह मामले में आरोपित बने, संगठन से उनके निष्कासन का एक पत्र जारी किया गया। उन्होंने अपने दावे की सत्यता का 'डिजिटल प्रमाण' मांगा। साथ ही पूछा कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। भाटिया ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा जब्त मादक पदार्थ की बरामदगी से पता चलता है कि इसका एकमात्र उद्देश्य 'हरियाणा और देश के युवाओं' को नशे की लत में धकेलना था। उन्होंने कहा कि यह किस तरह की कांग्रेस है? कांग्रेस का पहला अक्षर सी भ्रम के लिए, सी भ्रष्टाचार के लिए और अब सी कोकीन के लिए है। कांग्रेस जो अब तक भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती थी, अब कोकीन के लिए जानी जाती है। यह कोकीन कांग्रेस बन गई है।

चिटफंड मामले में दिल्ली सहित दो दर्जन से अधिक जगहों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को चिटफंड मामले में कोलकाता, पंजाब, दिल्ली, मुंबई सहित देशभर में 24 से अधिक जगहों पर छापेमारी की। ये छापेमारी चिटफंड में शामिल लोगों के खिलाफ की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने कोलकाता, पंजाब, दिल्ली और मुंबई में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों से जुड़े चिटफंड मामले में जारी जांच के सिलसिले में की गई है। हालांकि, इस कार्रवाई की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिली है।

उत्तर प्रदेश में तीन लाख मुसलमान भाजपा से जुड़े

एजेंसी। लखनऊ

भाजपा के आंकड़ों के अनुसार, 30 सितंबर, 2024 तक 4.12 लाख से अधिक मुस्लिम पार्टी में शामिल हो गए हैं। ये आंकड़ा 2014 में पिछले अभियान से तीन गुना अधिक है, जब लगभग 1.25 लाख मुस्लिम सदस्य बने थे। सदस्यता में इस उछाल को एक बड़े राजनीतिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, खासकर यह देखते हुए कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय को ऐतिहासिक रूप से भाजपा विरोधी मतदाता आधार माना जाता है। 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान, कुछ राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने उत्तर प्रदेश में भाजपा की कम सीटों की संख्या को रणनीतिक मुस्लिम वोटिंग के लिए जिम्मेदार ठहराया। बीजेपी के मुस्लिम

मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि अभियान तेज होने के कारण राज्य में मुस्लिम सदस्यों की संख्या जल्द ही 5 लाख को पार करने की उम्मीद है। अली ने कहा कि अब बीजेपी कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और मुस्लिम परिवारों से मिलकर हमारी पहुंच को और बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का दूसरा चरण, जो 17 सितंबर से शुरू हुआ, 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

बौद्धिक दिवालियापन है 75 प्रतिशत आरक्षण की मांग : आंबेडकर

मुंबई। वंचित बहुजन अघाडी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार द्वारा महाराष्ट्र में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने की मांग को लेकर शुक्रवार को उन्हें आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि पवार की मांग 'बौद्धिक दिवालियापन' का संकेत हैं। उन्होंने सवाल किया कि निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ कब मिलेगा जिसमें अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेताओं का प्रभुत्व है। आंबेडकर ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा, ''यह बौद्धिक दिवालियापन है। आरक्षण विकास का मुद्दा नहीं है। यह प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है।'' शरद पवार ने सांगली में कहा था, ''वर्तमान आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत है।

राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष बनना देश पर एक 'श्राप' : किरेन रिजिजू

एजेंसी। नागपुर

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनना देश के लिए 'श्राप' है। उन्होंने नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी जैसे इंसान का नेता प्रतिपक्ष होना देश के लिए एक 'श्राप' है। जिस व्यक्ति ने न तो संविधान को पढ़ा है, और न ही संविधान की मूल भावनाओं को समझता है, जिसके पूरे परिवार ने बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया है, उसके मुंह से संविधान

शब्द का निकलना भी अपमान है। मैं यह मानता हूं कि ऐसे इंसान का संविधान की किताब पर हाथ रखना भी उचित नहीं है। यह तो हमारे देश की बदकिस्मती है कि ऐसा आदमी नेता प्रतिपक्ष बन गया है और मुझे उनसे सरोकार रखना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा, मेरे अपने एससी/एसटी समुदाय के लोग, बौद्ध समाज के लोग राहुल गांधी को रिसीव करने जाते हैं तो उनकी जयकार करते हैं। धिक्कार है। शर्म आनी चाहिए। मैं मानता हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं देश में पहला बौद्ध कैबिनेट मंत्री हूं। इतना समय इंतजार करना पड़ा। जब मोदी प्रधानमंत्री बने तो हमें सत्ता संचालन में हिस्सेदार बनने का मौका मिला। कांग्रेस को 70 साल तक सत्ता में रहते हुए केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनाने के लिए कोई बौद्ध नजर नहीं आया।

ऑर्डर कैंसिल होने के नाम पर अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले 15 गिरफ्तार

एजेंसी। नोएडा

पुलिस ने सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कॉल सेंटर से जुड़े 15 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो एप्पल प्रॉडक्ट्स के ऑर्डर कैंसिल होने के नाम पर ठगी कर रहे थे। यह गिरोह अमेरिकी नागरिकों को ठगी का शिकार बना रहा था। यह गिरोह विदेशी नागरिकों को फर्जी हेल्पलाइन नंबर जारी कर झांसे में लेकर उनके सिस्टम को हैक कर जानकारी हासिल करता था। इसके बाद उन्हें डॉलर, गिफ्ट कूपन और क्रिप्टोकरेंसी के रूप में भुगतान करने पर मजबूर किया जाता था।पुलिस ने मौके से 18 लैपटॉप, चार इंटरनेट

राउटर, 24 मोबाइल फोन, तीन बाइक, तीन लग्जरी कार और 98 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि ने पुलिस ने सेक्टर-100 स्थित एक इमारत पर छापा मारा। जहां यह फर्जी कॉल सेंटर संचालित हो रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया। जबकि गिरोह का सरगना फरार है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह गिरोह अब तक 300 से अधिक अमेरिकी नागरिकों को ठगी का शिकार बना चुका है। एसीपी ने बताया कि आरोपी वीओआईपी कॉल, टीएफएन और सॉफ्ट फोन का इस्तेमाल कर विदेशी नागरिकों से संपर्क करते थे, जिससे पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों से बचा जा सके। आरोपी डार्क वेब के माध्यम से विदेशी नागरिकों का डेटा हासिल करते थे।

आईपीएस प्रोबेशनर्स ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा के 76 आरआर (2023 बैच) के प्रोबेशनर्स के एक समूह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रोबेशनर्स से बातचीत की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि आज सुबह 76 आरआर के आईपीएस प्रोबेशनर्स से बातचीत की। लोगों की सेवा करने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। चर्चा की कि पिछले कुछ वर्षों में पुलिसिंग में किस तरह से बदलाव आया है और साइबर अपराध जैसी नई चुनौतियों से निपटना किस तरह से महत्वपूर्ण हो गया है।

सीबीआई ने बिहार में डीएसपी को 20 लाख रिश्वत मामले में किया गिरफ्तार

एजेंसी। पटना/गया

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के पटना शाखा में कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक अजय प्रताप सिंह एवं दो मध्यस्थ व्यक्तियों को 20 लाख रुपये रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया है कि इस मामले में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व विधान परिषद सदस्य मनोरमा देवी के बेटे रॉकी से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई है। इस केस के आईओ अजय प्रताप सिंह थे। यह मामला तब प्रकाश में आया जब सीबीआई को इस संदर्भ में सूचना मिली और उन्होंने तुरंत जांच शुरू की। सीबीआई ने पटना में इस मामले की जांच करते हुए डीएसपी को रंगे हाथों पकड़ा। इसके साथ दो अन्य एजेंटों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो इस भ्रष्टाचार में शामिल थे। एनआईए और सीबीआई ने जाल बिछाया, जिसमें अजय प्रताप फंस गए और उन्हें रिश्वत लेते धर दबोचा गया।

आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

वृष : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा।

मिथुन : विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कर्क : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

सिंह : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

कन्या : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

तुला : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अ'छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही।

धनु : धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

मकर : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर।

कुंभ : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

मीन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

'टॉयलेट टैक्स' जैसा कोई कर नहीं : सीएम सुक्खू

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में टॉयलेट सीट टैक्स लगाए जाने के विवादों के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इसको निराधार बताते हुए कहा कि 'टॉयलेट टैक्स' जैसा कोई टैक्स नहीं है। इसका राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहिए। सुखविंदर सिंह सुखू ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा , चुनाव से पहले भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में 5 हजार करोड़ की रेवड़ियां बांटी थी, जिसमें उन्होंने मुफ्त पानी के मीटर लगाने का वादा किया था, और कहा था कि पानी का कोई बिल नहीं लेंगे। हमने प्रति परिवार से 100 रुपये का बिल लेने की बात कही। जिसमें ओबेरॉय और ताज जैसे पांच सितारा होटल भी शामिल थे।

चंद्रबाबू नायडू को माफी मांगनी चाहिए जगन मोहन रेड्डी

एजेंसी। अमरावती

तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के

इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी गठित करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश का स्वागत करते हुए वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को रद्द करके उच्चतम न्यायालय ने नायडू की ''असली तस्वीर'' सामने ला दी है। जगन ने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) की कुछ सोशल मीडिया पोस्ट दिखाकर अपने प्रतिद्वंद्वी पर निशाना साधते हुए कहा, ''...जब उच्चतम न्यायालय ने ऐसी टिप्पणी की है, यदि उनमें (नायडू) ईश्वर के प्रति कोई श्रद्धा है, तो उन्हें लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें तिरुमला वेंकटेश्वर स्वामी के समक्ष प्रार्थना करके कहना चाहिये कि उनसे गलती हुई। उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है, बल्कि वे (तेदेपा) अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से पोस्ट जारी कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने लड्डू में मिलावट मुद्दे पर नायडू द्वारा नियुक्त एसआईटी को भी रद्द कर दिया है।

कांग्रेस हाईकमान नजरअंदाज नहीं करेगा

मैं भी सीएम उम्मीदवार : शैलजा

एजेंसी। हरियाणा

हरियाणा चुनाव के दौरान मुखर रहीं रहीं कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने एक एजेंसी से बात करते हुए हरियाणा के संभावित मुख्यमंत्री के सवाल पर कहा कि अगर कांग्रेस जीतती है तो सीएम का चयन पार्टी हाईकमान करेगा लेकिन उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सीएम फेस नहीं बनाए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि इसका जवाब देना केवल आलाकमान को है और उन्हें सीएम उम्मीदवार के बारे में फैसला करना होगा। विचार क्षेत्र में कुछ लोग होंगे और मुझे लगता है कि शैलजा उनमें से होंगी। शैलजा ने आगे कहा कि वरिष्ठता, काम और इन सभी चीजों को हाईकमान देखेगा, इसलिए इसमें हाईकमान शैलजा को नजरअंदाज नहीं

करेगा। पार्टी के प्रति मेरी प्रतिबद्धता कभी भी सवालों के घेरे में नहीं रही है, यह एक ऐसी चीज है जिसे वे जानते हैं और वे इसके बारे में आश्वस्त हैं। कांग्रेस से खुद की नारागजी को लेकर भी उन्होंने जवाब दिया। कुमारी शैलजा ने कहा कि मैं कांग्रेस से नाराज नहीं हूं। बहुत सारी चर्चाएँ होती हैं, और कई स्थितियाँ सामने आती हैं। ये होती रहती हैं। सम्मान तो है। इसके बारे में कोई संदेह नहीं है। पद है, सम्मान है। उन्होंने आगे कहा कि कई बार कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिससे लोगों को लगता है कि पूरा सम्मान नहीं दिया गया। राजनीति धारणा का खेल है। किसी को 100% टिकट नहीं मिल सकता, ये संभव नहीं होता। ये पार्टी का आंतरिक मामला है। मैं भी पार्टी का हिस्सा हूं और अन्य भी। इन अफवाहों पर कि वह परेशान हैं और सौदेबाजी कर रही हैं क्योंकि वह सीएम नहीं बन सकतीं, कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि कैसी सौदेबाजी? हर कोई ऐसी बातें कहता है। कांग्रेस पार्टी में हमारी प्रतिबद्धता आलाकमान के प्रति है। सैलजा ने कहा कि मैं अब भी उनके (गांधी परिवार) साथ खड़ी हूं, खड़ी रहूंगी।' उन्हें इसकी जानकारी है। राहुल गांधी यहां नहीं थे। मैडम (सोनिया गांधी) अब उस स्तर की दिलचस्पी नहीं ले रही हैं, जब वह अध्यक्ष थीं ।

स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही संभव है समग्र स्वास्थ्य : द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी। सिरोही

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने माउंट आबू में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता विषय पर वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस मौके पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि जब हम अपनी आंतरिक पवित्रता को पहचान लेंगे, तभी हम एक स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण समाज की स्थापना में योगदान दे पाएंगे। उन्होंने कहा, आध्यात्मिकता का मतलब धार्मिक होना या सांसारिक कार्यों का त्याग कर देना नहीं है। आध्यात्मिकता का अर्थ है, अपने भीतर की शक्ति को पहचान कर अपने आचरण और विचारों में शुद्धता लाना। इंसान अपने कर्मों का त्याग करके नहीं, बल्कि अपने कर्मों को सुधार कर बेहतर इंसान बन सकता है। विचारों और कर्मों में शुद्धता जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और शांति लाने का मार्ग है। यह एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज के निर्माण के लिए भी आवश्यक है। आध्यात्मिक मूल्यों का तिरस्कार कर केवल भौतिक प्रगति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी ही सिद्ध होता है। स्वच्छ मानसिकता के आधार पर ही समग्र स्वास्थ्य संभव होता है। राष्ट्रपति ने कहा, ब्रह्माकुमारी जैसे संस्थानों से यह अपेक्षा की जाती है कि आध्यात्मिकता के बल पर लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ जीवन जीने के लिए जागरूक करते रहेंगे।

बिहार के सुपौल में 20 लोगों से भरी नाव कोसी नदी में पलटी

पटना। बिहार में सुपौल जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिरगंज ठाड़ी धत्ता के पास शुक्रवार कोसी नदी में 20 लोगों से भरी नाव पलट गई। नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार थे। भार अधिक होने के कारण नाव अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची आपदा मित्र की टीम ने रेस्क्यू कर सभी को बचा लिया। पुलिस के मुताबिक किसनपुर थाना क्षेत्र के बाढ़ की चपेट में आने से पीरगंज से दुबियाही जाने वाली सड़क बाढ़ के पानी में बह चुकी है, जिसके कारण क्षेत्र के लोग नाव के जरिए आवागम कर रहे हैं। शुक्रवार को 20 लोग छोटी नाव पर सवार होकर नदी पार कर रहे थे। इस बीच नाव अनियंत्रित होकर कोसी नदी में पलट गई। हादसे के बाद नाव सवार लोगों में चीफ-पुकार मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया।

सीएम हाउस छोड़ नए आवास में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल

एजेंसी। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। वह सिविल लाइंस स्थित 6, फ्लैगस्टाफ रोड के सीएम आवास से लुटियंस दिल्ली के फिरोजशाह रोड पर बने बंगले में शिफ्ट हो गए है। शुक्रवार को केजरीवाल और उनके परिवार द्वारा नए घर में प्रवेश करने से पहले यहां फिरोजशाह रोड के इस आवास में बाकायदा पूजा कराई गई। फिरोजशाह रोड का यह सरकारी आवास आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के समीप है। यह सरकारी आवास, पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित है। दिल्ली विधानसभा के निकट सिविल लाइंस का सरकारी बंगला केजरीवाल को मुख्यमंत्री रहते हुए आवंटित हुआ था। शुक्रवार 4 अक्टूबर को अरविंद केजरीवाल ने सीएम आवास खाली दिया। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि केजरीवाल ने शुक्रवार को ही अपने सारे सामान और परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास खाली दिया है । और वह नए आवास में शिफ्ट हो गए हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का यह नया ठिकाना नई दिल्ली में उनके विधानसभा क्षेत्र के भी समीप है।

मान्यता है कि यहां पर जो भी सच्चे मन से मन्नत मांगी जाती है, उसे माता अवश्य पूरी करती हैं। इसके बाद यहां लोग आकर मुंडन संस्कार करवाते हैं। माता के इस मंदिर में साल भर भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है, लेकिन नवरात्रि में और अधिक भक्त यहां पहुंचते हैं।

झारखंड की सांस्कृतिक अस्मिता का साक्षी कौलेश्वरी पर्वत के आंचल में बिखरा पड़ा इतिहास



झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड में कौलेश्वरी पहाड़ पर माता कौलेश्वरी का दिव्य मंदिर स्थापित है। मान्यता है कि माता कौलेश्वरी संतान और कुल की रक्षा करती हैं। इसे कोल्हुआ पहाड़ के नाम से भी जाना जाता है। माता का यह मंदिर एक शक्तिपीठ है।

चतरा। कौलेश्वरी पर्वत झारखंड की सांस्कृतिक अस्मिता का साक्षी कौलेश्वरी पर्वत के आंचल में इतिहास बिखरा पड़ा है। सनातन, बौद्ध और जैन संकृतियों के इस अनूठे संगम में पुरातात्विक महत्व के अवशेष सदियों से सुधी शोधकतार्ओं की बाट जोह रहे हैं। आश्चर्यजनक बात यह कि अभी तक उन सांस्कृतिक-ऐतिहासिक अवशेषों के संरक्षण के प्रति किसी भी स्तर पर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। विडंबना यह कि उस पर्वत को पर्यटन विभाग के हवाले किए जाने के बावजूद सरकार उसकी सुध लेना मुनासिब नहीं समझ पा रही है। यह दीगर बात है कि चार वर्ष पूर्व राज्य के तत्कालीन पर्यटन मंत्री अमर कुमार बाउरी ने इस अंतर्राष्ट्रीय पर्यटनस्थल के विकास का स जबाग दिखाया था। इस बीच भले ही उनकी सरकार चली गई, मगर वह कौलेश्वरी और भद्रकाली को मिलाकर तत्काल शाइन बोर्ड गठन का अपना वादा पूरा नहीं कर सके। इतना ही नहीं तब वह दो महीने के भीतर पर्वत पर प्रस्तावित रोपवे के उद्घाटन का वादा भी कर गये थे, मगर अपने पूरे कार्यकाल के दौरान उसका शिलान्यास तक नहीं कर पाए।

माता के इस मंदिर की पूजारन रुकमणी देवी बताती है कि माता कौलेश्वरी का इस मंदिर की स्थापना लगभग 40 साल पहले की गई थी। उस समय इस पहाड़ पर कई लोगों ने माता को नृत्य करते हुए देखा था। इसके साथ ही कई ग्रामीण को माता ने स्वप्न दिया था। तब ग्रामीणों ने यहां माता का मंदिर बनाया था। धीरे धीरे माता के महिमा के कारण यहां भक्तो की आस्था और भी बढ़ने लगी।

झारखंड : कोख और कुल की रक्षा करती हैं मां कौलेश्वरी, बच्चे की तिरछी आंख भी कर देती हैं ठीक

यहां ऐसी भी मान्यता है कि जिन बच्चों की आंख जन्म से तिरछी होती है, उनकी आंख भी मां के आशीर्वाद से ठीक हो जाती है। इसके बाद भक्त मां के मंदिर में सोने या चांदी की आंख भेंट करते हैं। इस मंदिर में माता की मूर्ति की स्थापना राजा विराट के द्वारा कराई गई थी।

झारखंड के चतरा जिले में कौलेश्वरी पहाड़ पर अवस्थित है मां कुलेश्वरी का मंदिर। माता पर लोगों की गहरी आस्था है। मां कुलेश्वरी कोख व कुल की रक्षा करती हैं। मान्यता है कि बच्चे की तिरछी आंख भी मां की कृपा से ठीक हो जाती है। कहते हैं पहाड़ पर स्थित सरोवर का जल कभी भी नहीं सूखता। चतरा, चतरा के हंटरगंज प्रखंड के कौलेश्वरी पहाड़ पर स्थित है मां कुलेश्वरी का मंदिर। मां कुलेश्वरी को माताओं की कोख और कुल की रक्षा करनेवाली भी कहा जाता है। दुर्गा सप्तशती में भी ह्वरक्षेत्कुलेश्वरीह्व का जिक्र किया गया है। यह एक शक्तिपीठ है। इस जगह को कोल्हुआ पहाड़, कौलेश्वरी पर्वत व मां कुलेश्वरी पहाड़ के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि यहां जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं, मां कुलेश्वरी उसे अवश्य पूरा करती हैं। विशेष रूप से श्रद्धालु यहां संतान प्राप्ति की मन्नत मांगने आते हैं। मन्नत पूरी होने के बाद भक्त अपने संतान के साथ आकर मां की पूजा-अर्चना करते हैं और मुंडन संस्कार कराते हैं। ऐसी मान्यता है कि यदि किसी बच्चे की आंख तिरछी हो जाये तो मां कुलेश्वरी से मन्नत मांगने पर ठीक हो जाता है। संतान की आंख ठीक होने पर भक्त माता की नेत्र के बराबर सोना अथवा चांदी से बना आंख चढ़ाते हैं।

तीन धर्मों का है समागम स्थल

हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर पूर्व की दिशा में अवस्थित है ख्याति प्राप्त सिद्ध पीठ मां कुलेश्वरी का मंदिर। कौलेश्वरी पहाड़ की चोटी पर तीन धर्मों का समागम सनातन, बौद्ध व जैन धर्म का संगम स्थल माना जाता है। महाभारत काल में यह स्थल राजा विराट की राजधानी थी। धर्मपरायण राजा विराट ने ही मां कुलेश्वरी की प्रतिमा को पर्वत पर स्थापित किया था। महाकाव्य काल एवं पुराणकाल से भी इस पवित्र स्थल का रिश्ता जुड़ा हुआ है। सनातनी यहां पूजा के साथ शादी व बच्चों का मुंडन संस्कार कराने आते हैं। बौद्धों के लिए कुलेश्वरी पहाड़ भगवान बुद्ध की तपोभूमि के साथ ही मोक्ष प्राप्त करने का एक पवित्र स्थल रहा है। ह्वडॉ एमए स्टिनह्व व ह्वजैन विद्वानोंह्व का मानना है कि इस पर्वत शिखर पर जैनियों के 10वें तीर्थंकर शीतलनाथ जी का जन्म हुआ था। उन्होंने यहीं साधना की थी। मंदिर के पास एक गुफा है, जिसमें 23वें जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ की प्रतिमा देखी जा सकती है। उनकी इस प्रतिमा के गले में सांप लिपटे हुए हैं। महापुराण रचयिता आचार्य जनसेन ने भी इसे अपना साधना स्थल बनाया था। पर्वत पर कई स्थानों पर जैन व बौद्ध धर्म से संबंधित कई आकृतियों पत्थरों में उकेरी हुई दिखती हैं।

महाभारतकालीन शिव मंदिर

मां कुलेश्वरी पहाड़ पर महाभारतकालीन शिवलिंग है। माना जाता है कि पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान भगवान शिव की आराधना की थी। पांडव पांचाली के साथ इस पहाड़ पर अज्ञातवास में थे। वर्तमान सरोवर में सभी स्नान कर भगवान शिव को जलाभिषेक किया करते थे। शिवलिंग की जगह अब एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जा चुका है। वर्तमान समय में श्रद्धालु इस शिव मंदिर में रात भर भजन कीर्तन करते हैं। भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए पहाड़ पर ही एक प्राकृतिक सरोवर है। श्रद्धालु जिसमें स्नान कर भीगे बदन ही जल लेकर भगवान शिव को अर्पित करते हैं। चतरा के कौलेश्वरी पहाड़ पर अवस्थित है मां कुलेश्वरी का मंदिर दुर्गा सप्तशती में भी ह्वरक्षेत्कुलेश्वरीह्व का जिक्र किया गया है मान्यता है कि बच्चे की तिरछी आंख भी मां की कृपा से ठीक हो जाती है पहाड़ पर स्थित सरोवर का जल कभी भी नहीं सूखता कौलेश्वरी पहाड़ पर पहुंचने के लिए एक अरब की लागत से बनेगा रोपवे ऐसे पहुंचें माता के दर्शन के लिए मां कुलेश्वरी पर्वत जाने के लिए दो रास्ते हैं। चतरा के जोरी प्रखंड के बानसिंह से गया जानेवाले एनएच से दाहिने मुड़कर दंतार गांव होते हुए नेढ़ो नदी पार कर पहुंचा जा सकता है।

कौलेश्वरी पहाड़ पर महाभारत कालीन शिवलिंग स्थापित है। मान्यता है कि पांडवों ने अज्ञातवास में यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। उन्होंने अपना एक लंबा समय इस पहाड़ पर बिताया था। साथी यहां के जलाशय से शिव की रोजाना आराधना करते थे। आज भी जलाशय और शिवलिंग यहां स्थापित है।

झारखंड के चतरा में आस्था का केंद्र हैं माता कौलेश्वरी

कहा जाता है कि महाभारत काल में ये राजा विराट की राजधानी थी। राजा विराट ने ही मां कौलेश्वरी की प्रतिमा को स्थापित किया था। तब से लेकर आज तक मां कौलेश्वरी जन-जन की आस्था का केंद्र बनी हुई हैं। बौद्ध धर्म के लोगों के लिए ये पहाड़ भगवान बुद्ध की तपोभूमि के साथ-साथ मोक्ष प्राप्त करने का एक पवित्र स्थल है। यहां के मांडवा-मांडवी नाम के स्थल पर बौद्ध धर्मावलंबी बाल और नाखून का दान कर मोक्ष प्राप्त करने का संस्कार करते हैं। पहाड़ के कई पाषाणों में बौद्ध भिक्षुओं की प्रतिमाएं उकेरी गई हैं।

- **विदेशों के आते हैं पर्यटक :** कौलेश्वरी पर्वत पर हर साल चीन, बर्मा, थाईलैंड, श्रीलंका, ताइवान जैसे तमाम देशों से काफी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इस पर्वत का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है। मनोहारी वादियों के बीच मां कौलेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर, जैन मंदिर और बौध स्थल स्थित है। इनके इर्द-गिर्द स्थित 3 झीलनुमा तालाबों की नैसर्गिकता शानदार नजारा पेश करती है।
- **खाली हाथ पहुंचते हैं श्रद्धालु :** कौलेश्वरी पहाड़ गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 45 किमी, जीटी रोड पर डोभी से 25 किमी दूर है। हंटरगंज मुख्यालय से इसकी दूरी 7 किमी और चतरा से ये 37 किमी दूर है। यहां ऑटो या निजी वाहन से आ सकते हैं। कौलेश्वरी पर्वत के शिव मंदिर में भोले का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं को अपने साथ कुछ भी ले जाने की आवश्यकता नहीं है। मंदिर के इर्द-गिर्द पूजा सामग्री उपलब्ध हो जाती है। श्रद्धालु शिव तालाब में डुबकी लगाकर मंदिर प्रांगण से फूल, बेलपत्र, जल लेते हैं और भगवान को अर्पण करते हैं।
- **महाभारत कालीन है कौलेश्वरी शिव मंदिर, जहां पांडवों ने की थी महादेव की आराधना :** कौलेश्वरी पर्वत तीर्थ और पर्यटन के लिए जाना जाता है। ये स्थान देवी कौलेश्वरी के दिव्य दर्शन और भगवान शिवजी की आराधना के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि पर्वत के शिखर पर महाभारत कालीन भोलेनाथ का मंदिर है। अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने इस मंदिर में महादेव की पूजा की थी। लगभग 2 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित कौलेश्वरी पर्वत के शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए प्राकृतिक सरोवर है। यहां भक्त स्नान कर शंकर का अभिषेक करते हैं। हर सोमवार को शिव मंदिर में विशेष भजन-कीर्तन होता है।
- **माता कौलेश्वरी आस्था का केंद्र हैं :** सपने में आते हैं मर चुके लोग, तो क्या हैं संकेतह्ण।।। प्रेमानंद जी महाराज ने बताया ह्वसपने में आते हैं मर चुके लोग, तो क्या हैं संकेतह्ण।।। प्रेमानंद जी महाराज ने बताया
- पौराणिक कथा के अनुसार महाभारत काल में ये राजा विराट की राजधानी थी। राजा विराट ने माता कौलेश्वरी की प्रतिमा को स्थापित किया था। तब से देवी कौलेश्वरी आस्था का केंद्र बनी हुई है। बौद्ध धर्म के लिए के लिए ये पहाड़ भगवान बुद्ध की तपोभूमि के साथ मोक्ष प्राप्त करने का स्थल है। पहाड़ में बौद्ध भिक्षुओं की कई प्रतिमाएं उकेरी हैं। यहां हुआ था अभिमन्यु-उत्तरा विवाह

हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित माता कालेश्वरी मंदिर तीन धर्म का संगम स्थल है। महाभारत काल के राजा विराट की ये राजधानी थी। वहीं, बौद्ध धर्म में यह मानता है कि ये पहाड़ी महात्मा बुद्ध की तपोभूमि रही है, जहां ज्ञान की प्राप्ति के लिए महात्मा बुद्ध ने तप किया था। वहीं, जैन धर्म के लोगों के अनुसार, इसी पहाड़ पर 10वें शीतलनाथ जी का जन्म हुआ था।

कौलेश्वरी पहाड़ की हैं कई खूबियां

हंटरगंज । बिहार की भांति झारखंड में भी सनातन, बौद्ध व जैन धार्मिक स्थलों व अति प्राचीन तीर्थों की कमी नहीं है। इसमें एक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के चतरा जिला का हंटरगंज प्रखंड है। जहां कौलेश्वरी पहाड़ है। जहां वैदिक मान्यता का शक्ति एवं सिद्ध पीठ तथा ह्वदू, बौद्ध एवं जैन धर्मों का संगम स्थल है। यह स्थल पुरातात्विक अवशेषों का सांस्कृतिक धरोहर है। पहाड़ और तीर्थ क्षेत्र का उल्लेख महाकाव्य काल में मिलता है। बौद्धों के मोक्ष प्राप्ति का अंतिम संस्कार स्थल और जैनियों के तीर्थंकरों की तपो भूमि एवं कर्म भूमि है। निर्वाण कांड में इस तीर्थ क्षेत्र पहाड़ का वर्णन दशरथ राजा के सुप्त कहे कच्लग, आठ सोलहे, कोटि शीला मुनि, कोटि-कोटि प्रणाम, जोरी के रूप में किया गया है। पहाड़ पर प्राचीन मंदिर, प्रतिमाएं एवं प्राकृतिक अवशेषों का वर्णन है। पहाड़ पर स्थापित माता कौलेश्वरी की प्रतिमा काले व दुर्लभ पत्थर की है। मान्यता है कि माता के दर्शन व स्मरण मात्र से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जबकि पहाड़ पर स्थित कमल सरोवर का पानी औषधीय गुणों से भरपूर है।

हॉकी इंडिया लीग की सात साल के अंतराल के बाद वापसी

2025 में

26 जनवरी से महिलाओं का फाइनल लीग रांची में होगा

01 फरवरी से पुरुषों का का फाइनल लीग राउरकेला में होगा

एजेंसी। नई दिल्ली

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सात साल के अंतराल के बाद ऐतिहासिक वापसी करने के लिए तैयार है। इस प्रतियोगिता के लिए पुरुष और महिला फ्रेंचाइजी की शुक्रवार को घोषणा कर दी गई।

एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें शामिल होंगी, यह पहली बार होगा जब एक स्टैंडअलोन महिला लीग पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी।

एचआईएल 2024-25 के मैच दो स्थानों पर खेले जाएंगे; झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम।

महिलाओं का लीग फाइनल 26 जनवरी, 2025 को रांची में और पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी, 2025 को राउरकेला में होगा।

हर मैच का नतीजा आना तय है और बराबरी वाले मैचों के लिए शूटआउट से नतीजा आएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक मुकाबला निर्णायक रूप से समाप्त हो। एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के सीईओ महेश भूपति ने कहा, हम देश में हॉकी की नई लहर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) अपने पहले कुछ सत्रों में तेजी से आगे बढ़ेगी। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, देश में खेल का विकास हो रहा है। हमें विश्वास है कि हमारे पास वह सब कुछ है जो इस गति को आगे बढ़ा सकता है।

आठ पुरुष फ्रेंचाइजी और उनके मालिक हैं

चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), **लखनऊ** (यदु स्पोर्ट्स), **पंजाब** (जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स), **पश्चिम बंगाल** (श्राची स्पोर्ट्स), **दिल्ली** (एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट), **ओडिशा** (वेदांता लिमिटेड), **हैदराबाद** (रेसोल्यूट स्पोर्ट्स), **रांची** (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड)

हरियाणा (जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स), **पश्चिम बंगाल** (श्राची स्पोर्ट्स), **दिल्ली** (एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट), **ओडिशा** (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) चार महिला फ्रेंचाइजी हैं, जिनकी घोषणा की गई है; शेष दो की घोषणा आने वाले दिनों में कानूनी कार्यवाही समाप्त होने के बाद की जाएगी।

खिलाड़ियों की नीलामी **13 से 15** अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रैंचाइजी 24 खिलाड़ियों की टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों का अनिवार्य समावेश) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे।

दक्षिण अफ्रीका की टीम पहनेगी विशेष जर्सी, प्रियजनों के नाम होंगे अंकित

नई दिल्ली (हि.स.)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दौरान अपने करीबी दोस्तों और परिवार को समर्पित विशेष अनुकूलित शर्ट पहनकर मैदान में उतरेंगे। खिलाड़ी जब मैदान में उतरेंगे तो उनकी प्लेइंग शर्ट पर उनके जीवन के अधिकतम पांच महत्वपूर्ण लोगों के नाम अंकित होंगे, ताकि वह घर पर अपने सबसे प्रिय और समर्थित मित्रों और परिवार की याद दिला सके। नाम प्रत्येक खिलाड़ी की शर्ट के कॉलर और नीचे की हेम के अंदर दिखाई देंगे। दक्षिण अफ्रीका की विकेटकीपर सिनालो जाफ्ता का मानना है कि यह पहल एक उत्कृष्ट विचार है।

दिल्ली प्रीमियर लीग : रॉयल रेंजर्स और डीएफसी ड्रा खेले

नई दिल्ली। कर्मण्य बंसल के दो दर्शनीय गोलों की मदद से रॉयल रेंजर्स ने दिल्ली एफसी को शुक्रवार को 3-3 की बराबरी पर रोक कर न सिर्फ अंक बांटे, बल्कि खूब वाहवाही भी लूटी। दिल्ली प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण के उतार-चढ़ाव से भरपूर मुकाबले में युवा खिलाड़ियों से सजी दिल्ली एफसी ने तीन बार बढ़त बनाई और हर बार अनुभवी रॉयल रेंजर्स के खिलाड़ी बराबरी पाने में सफल रहे। दिल्ली एफसी के लिए जगमीत, वेनलालझाहामा और थांगखोंगमायूम ने गोल किए, जिन्हें बिजोय और कर्मण्य (2) ने बराबर कर दिखाया। राजधानी दिल्ली स्थित डॉ. बीआर अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले के 33वें मिनट में जगमीत ने दिल्ली एफसी का खाता खोला, जिसे दस मिनट बाद बिजोय ने बराबर कर दिया।

स्मृति दीदी की टाइमिंग और बड़ी पारी खेलना सराहनीय : शेफाली

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप 2024 का आगाज आज न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं, इससे पहले भारत की ओपनर शेफाली वर्मा ने अपनी साथी स्मृति मंधाना को लेकर एक बड़ी बात कही है।

भारत की बेहतरीन ओपनिंग जोड़ी शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना शुक्रवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में महिला टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए तैयार हैं। शेफाली और स्मृति के बीच साझेदारी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे शानदार जोड़ी बन गई है, इस जोड़ी ने 73 मैचों में 2,483 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतकीय साझेदारी और 16 अर्धशतकीय साझेदारियां शामिल हैं।

टीम की सफलता में उनका तालमेल एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। शेफाली ने खुलासा किया कि 2019 में एक साथ ओपनिंग करने के बाद से मैदान पर उनका संबंध मजबूत हुआ है।

20 वर्षीय स्टार खिलाड़ी ने कहा कि वह और मंधाना एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं, जो उनके प्रदर्शन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, खासकर महत्वपूर्ण पावरप्ले ओवरों में वो एक दूसरे की काबिलियत पर भरोसा करती हैं।

शेफाली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं पिछले 2-3 वर्षों से स्मृति के साथ ओपनिंग कर रही हूं और अब हम बल्लेबाजी करते समय अपने चेहरे के भावों से ही एक-दूसरे की भावनाओं को समझ सकते हैं। हम एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जानते हैं और एक-दूसरे की हौसलाअफजाई करते हैं। हम समझते हैं कि हम दोनों टीम के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, खासकर पावरप्ले के दौरान, इसलिए हम अपने लिए, अपने साथियों और देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं।

स्मृति मंधाना

सबसे सफल महिला क्रिकेट जोड़ियों में से एक, शेफाली और स्मृति विश्व कप के पहले मैच में भारत की जीत के लिए महत्वपूर्ण होंगी।

शेफाली वर्मा

मां पीतांबरा की शरण में पहुंचे भारतीय टीम के कोच गौतम

दतिया (हि.स.)। भारतीय टीम ने हाल ही में बांग्लादेश को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया है। टेस्ट सीरीज के बाद भारतीय टीम अब बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है। सीरीज का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को ग्वालियर के नए माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों ही टीमें ग्वालियर पहुंच चुकी हैं। मैच की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। मैच से पहले शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने दतिया के प्रसिद्ध पीतांबरा माई मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने इस दौरान पीला कुर्ता पहन रखा था। शुक्रवार सुबह गौतम गंभीर दतिया पहुंचे और मां पीतांबरा माई के दर्शन किए। गंभीर ने मंदिर में पीतांबरा माई के दर्शन कर वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया और भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

गंभीर, मैच से पहले लिया माई का आशीर्वाद

नेशंस लीग मैचों के लिए फ्रांस की टीम से बाहर हुए एमबाप्पे

पेरिस(हि.स.)। फ्रांस के कप्तान काइलियन एमबाप्पे को इस महीने अपनी टीम के यूईएफए नेशंस लीग मैचों से बाहर रखा गया है, कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने गुरुवार को टीम की घोषणा की। रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी एमबाप्पे जांघ की चोट के कारण थोड़े समय के लिए मैदान से बाहर रहे और बुधवार को चैंपियंस लीग में लिली के खिलाफ 1-0 की आश्चर्यजनक हार में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में नजर आए। हालाँकि, 25 वर्षीय एमबाप्पे इजराइल और बेल्जियम के खिलाफ फ्रांस के खेलों में कोई भूमिका नहीं निभाएंगे, यह निर्णय स्पष्ट रूप से एमबाप्पे को आराम करने और अपनी फिटनेस पर काम करने का मौका देने के लिए लिया गया है। फ्रांस गुरुवार, 10 अक्टूबर को इजराइल से खेलेगा, जो मध्य पूर्व में सुरक्षा स्थिति के कारण बुडापेस्ट में स्थानांतरित किया गया था। 2021 में नेशंस लीग विजेता लेस ब्लेस, इसके बाद सोमवार, 14 अक्टूबर को ब्रुसेल्स में बेल्जियम से भिड़ेंगे।

फ्रांस की टीम इस प्रकार है-

गोलकीपर: अल्फोंस एरियोला (वेस्ट हैम यूनाइटेड/इंग्लैंड), माइक मेगनन (एसी मिलान/आईटीए), ब्राइस सांबा (लेंस)।

डिफेंडर: जोनाथन क्लॉस (नाइस), लुकास डिग्ने (एस्टन विला/इंग्लैंड), वेस्ले फोफाना (चेल्सी/इंग्लैंड), थियो हर्नांडेज (एसी मिलान/आईटीए), इब्राहिमा कोनाटे (लिवरपूल/इंग्लैंड), जूल्स कोंडे (बार्सिलोना/ईएसपी), विलियम सलीबा आर्सेनल/इंग्लैंड), डेयोट उपमेकानो (बायर्न म्यूनिख/जर्मनी)।

मिडफील्डर: एडुआर्डो कैमाविंगा (रियल मैड्रिड/ईएसपी), यूसुफ फोफाना (एसी मिलान/आईटीए), माटेओ गुएन्डौजी (लाजियो/आईटीए), मनु कोन (रोमा/आईटीए), ऑरेलियन टचौमेनी (रियल मैड्रिड/ईएसपी), वॉरेन जैरे-एमरी (पेरिस सेंट-जर्मेन)।

अर्जुन और प्रज्ञानानंद के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला ड्रॉ पर हुआ समाप्त

लंदन(हि.स.)। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण के सबसे प्रतीक्षित खेलों में से एक पहले दिन हुआ। शतरंज ओलंपियाड में भारत की जीत में शामिल दो युवा सितारे गुरुवार को फ्रेंड्स हाउस में एक-दूसरे से भिड़े। गंगा ग्रैंडमास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले अर्जुन एरिगैसी और अल्पाइन एसजी पाइपर्स के लिए खेल रहे आर. प्रज्ञानानंद ने अपना खेल बराबरी पर समाप्त किया। हालांकि, अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने मैच 11-6 से जीत लिया।

अन्य मैचों में, अमेरिकन गैम्बिट्स ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को 11-6 से हराया और पीबीजी अलास्का नाइट्स ने गत विजेता त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स को 15-3 से हराया। इस व्यापक जीत ने अलास्का नाइट्स को शुरूआती बढ़त हासिल करने में मदद की। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, शखरियार ममीदारोव और निहाल सरीन की जीत ने अलास्का नाइट्स को पाइपर्स और मुंबा मास्टर्स से आगे निकलने में मदद की।

दिनेश कार्तिक टी20 क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में से एक हैं : संगकारा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। श्रीलंका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर और राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को टी20 क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में से एक बताया है। 39 वर्षीय दिनेश कार्तिक, जिन्होंने जून की शुरूआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। अब 9 जनवरी से 8 फरवरी तक होने वाले एसए 20 में भाग लेने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। आईपीएल समेत अलग-अलग टीमों के लिए टी20 प्रारूप में दिनेश कार्तिक ने 401 मैचों में 136.96 की स्ट्राइक रेट से 7,407 रन बनाए हैं। उन्होंने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट इस साल के आईपीएल के दौरान आरसीबी के लिए खेला था, जहां उन्होंने 14 मैचों में 187.36 की स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाकर टीम के प्लेऑफ क्वालीफिकेशन में अहम भूमिका निभाई थी।

व्यापार/लाइफ व साइंस

अगले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय कम से कम 2000 डॉलर बढ़ेगी : वित्त मंत्री

2047 तक अर्थव्यवस्था बढ़कर 30 ट्रिलियन डॉलर होगी

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ने के कारण अगले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय कम से कम 2,000 डॉलर बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से शुक्रवार को यह बयान दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को प्रति व्यक्ति आय 2,730 डॉलर करने में 75 वर्ष का समय लगा है, लेकिन अगली छलांग तेज होने की उम्मीद है। इसकी वजह देश में निवेश का बढ़ना और सरकार द्वारा नीतिगत सुधारों को जारी रखना है। वित्त मंत्रालय द्वारा परिकल्पित और इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (आईईजी) द्वारा आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि देश के पास डेमोग्राफिक डिविडेंड है और 43 प्रतिशत जनसंख्या 24 साल के कम की है, जिसके कारण भारत में खपत तेजी से बढ़ रही है। हम अन्य देशों की अपेक्षा काफी अच्छा कर रहे हैं। इसमें विकसित देश भी शामिल है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि आज के समय में उन देशों के लिए अर्थव्यवस्था को बढ़ना मुश्किल हो रहा है। वहीं, हमारे देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और दुनिया की सबसे तेजी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। नीति आयोग के एक दस्तावेज के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक बढ़कर 30 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और इस दौरान प्रति व्यक्ति आय 18,000 डॉलर होने का अनुमान है। भारत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2032 जीडीपी के 10 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है।

प्रति व्यक्ति आय 18,000 डॉलर होने का अनुमान

लगातार पांचवें दिन लाल निशान में शेयर बाजार बंद

एजेंसी। मुंबई

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। यह लगातार पांचवें दिन था, जब बाजार में गिरावट देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 808 अंक या 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,688 और निफ्टी 235 अंक या 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,014 पर था। दिन के कारोबार के दौरान शेयर बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स ने 81,532 से लेकर 83,368 और निफ्टी ने 24,966 से लेकर 25,485 की रेंज में कारोबार किया। गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप संयुक्त रूप से करीब 4 लाख करोड़ रुपये कम होकर 461 लाख करोड़ रुपये हो गया है। बीएसई बेंचमार्क में एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, एचयूएल, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे।

व्हाइट कॉलर नौकरियों में 6 प्रतिशत की वृद्धि, आईटी क्षेत्र में बढ़े अवसर

नई दिल्ली। भारत में व्हाइट-कॉलर हायरिंग एक्टिविटी में सितंबर में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। इस तेजी की वजह आईटी और एफएमसीजी क्षेत्र में क्रमशः 18 प्रतिशत और 23 प्रतिशत नौकरियों का बढ़ना रहा। यह जानकारी शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) से जुड़ी नौकरियों में भी 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि टेक टैलेंट की बढ़ती मांग को दशार्ता है। नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स के अनुसार, भारत का लीडिंग व्हाइट-कॉलर हायरिंग एक्टिविटी इंडीकेटर सितंबर में 2,727 अंक तक पहुंच गया। टेक के साथ तेल और गैस जैसे क्षेत्रों को लेकर मजबूत वृद्धि देखी गई।

देश के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 2023 में पैदा हुए 10 लाख से अधिक रोजगार

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अवसरों को लेकर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि इस सेक्टर में पिछले साल 10.02 लाख नए रोजगार सृजन का अनुमान है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर पैदा होना स्वच्छ ऊर्जा में देश के बढ़ते नेतृत्व को दिखाता है। इसी के साथ यह सरकार के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली हरित रोजगार सृजन पर फोकस को दशार्ता है। पिछले साल भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में जलविद्युत सबसे बड़ा नियोक्ता था, जिसने लगभग 4,53,000 नौकरियां प्रदान की। वैश्विक स्तर पर कुल रोजगार में इसका योगदान 20 प्रतिशत था, जो चीन के बाद सबसे अधिक था। देश में सोलर पीवी सेक्टर में ऑन-ग्रिड और ऑफ ग्रिड सिस्टम में 3,18,600 पदों पर भर्ती हुई। भारत ने 2023 में 9.7 गीगावाट सौर पीवी क्षमता जोड़ी और नए इंस्टॉलेशन में विश्व स्तर पर पांचवें स्थान पर रहा। यह सौर पीवी क्षमता वर्ष के अंत तक 72.7 गीगावाट तक पहुंच गई थी। अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के अनुसार, वैश्विक अक्षय ऊर्जा कार्यबल 2022 में 1.37 करोड़ से बढ़कर 1.62 करोड़ हो गया।

बीएमडब्ल्यू ने बेची 10 प्रतिशत ज्यादा कारें

एजेंसी। नई दिल्ली

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने इस साल जनवरी-सितंबर की अवधि में देश में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक की सर्वश्रेष्ठ लग्जरी कार बिक्री दर्ज की है। पहले नौ महीनों में 10,556 कार (बीएमडब्ल्यू और मिनी) और 5,638 मोटरसाइकिल (बीएमडब्ल्यू मोटरराड) की डिलीवर की गई है। कार सेगमेंट में बीएमडब्ल्यू ने 10,056 यूनिट्स और मिनी ने 500 यूनिट्स की ब्रिकी की। लग्जरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेगमेंट में, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने समीक्षा अवधि में फुली-इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू और मिनी कारों की 725 यूनिट्स की डिलीवरी की। कंपनी ने जानकारी दी कि बीएमडब्ल्यू आई7 सबसे ज्यादा बिकने वाली ईवी रही। लग्जरी श्रेणी के वाहनों का कुल बिक्री में योगदान 17 प्रतिशत रहा और बीएमडब्ल्यू एक्स 7 सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल रहा। कंपनी ने कहा कि बीएमडब्ल्यू एक्स 7 सिग्नेचर जैसे नए एक्सक्लूसिव एडिशन को लॉन्च करने का भी फायदा मिला। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ विक्रम पावाह ने कहा, इस साल जनवरी से सितंबर के दौरान अब तक की सबसे ज्यादा कार डिलीवरी एक सफल रणनीति और बेहतरीन ग्राहक अनुभव के बीच तालमेल को दशार्ती है।

एक नजर

26वें उपायुक्त के रूप में उत्कर्ष गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया

लातेहार। लातेहार जिले के 26 वें उपायुक्त के रूप में उत्कर्ष गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया। उत्कर्ष गुप्ता ने लातेहार जिले के नए उपायुक्त के रूप में अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम नवनियुक्त उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय सभागार में उपस्थित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा की लातेहार ज़िले में विकास योजनाओं में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर सफल रूप प्रदान करना पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह ज़िले की बेहतरी एवं आम जनों के कल्याण के लिए सदैव तत्परता से कार्य करेंगे।

विक्षिप्त के हमले से महिला घायल, रांची रिम्स रेफर

चंदवा। शहर से सटे सरोज नगर मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह एक विक्षिप्त ने सड़क से जा रही महिला प्रतिमा देवी पर हमला कर दिया। विक्षिप्त के अचानक हुए हमले से महिला बुरी तरह से घायल हो गयी। स्थानीय लोगो ने निजी वाहन से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के रिम्स रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार महिला के सिर पर गंभीर चोटें आई है। जानकारी के अनुसार महिला सरोज नगर स्थित ग्रीन फील्ड विद्यालय में अपने बच्चे का रिजल्ट लेने के लिए स्कूल आ रही थी, इसी दौरान विक्षिप्त ने उस पर हमला बोल दिया।

चंदवा में अलग-अलग सड़क हादसे में तीन घायल

चंदवा। थाना क्षेत्र में शुक्रवार को रफ़्तार का कहर देखने को मिला जहां तीन अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में 3 लोग घायल हो गए। जिसमें एक घायल युवक उपेंद्र कुमार छोटू कुमार गम्भीर चोटें आई है। पहली घटना रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर लुकुईया मोड़ के समीप हुई जहां रांची की ओर से आ रही चेचिस वाहन और ब्रेजा कार के बीच जोरदार टक्कर हो गयी जिसमे कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कार में बायर क्रॉप साइंस के ट्रेटरी मैनेजर अमन कुमार सिंह बाल-बाल बच गए। वहीं दूसरी घटना चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप हुई जहां दीप ज्योति नामक यात्री बस ने मोपेड सवार को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोपेड सवार उपेंद्र कुमार उर्फ छोटू व सुनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए।

सिमरिया के छठे एसडीपीओ बने प्रदीप कुमार, पदभार लिया

चतरा (हि.स.)। सिमरिया सीडीपीओ के रूप में प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने निवर्तमान एसडीपीओ अजय कुमार केसरी से पदभार लिया। मौके पर पत्थलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, सिमरिया, कुंदा और लावालौंग थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर सीडीपीओ प्रदीप कुमार ने कहा कि उग्रवाद, अपराध और अफीम की खेती और तस्करी को रोकना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में क्षेत्र में अफीम की खेती नहीं होने दी जाएगी। पुलिस और प्रशासन ग्रामीणों के सहयोग से जहर की खेती को रोकेगी।

साध्वी नीलम ने पेट पर कलश रखकर नवरात्र शुरू की, क्षेत्र में चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। खरौंधी प्रखंड स्थित हुसरू गाँव में साध्वी नीलम ने शारदीय नवरात्र का अनोखे ढंग से आरंभ किया। उन्होंने पेट पर कलश रखकर नवरात्र की शुरूआत की, जो गाँव और आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अनोखी साधना के बारे में लोग अचंभित हैं और इसकी काफी चर्चा हो रही है।साध्वी नीलम का इससे पहले का भी एक रहस्यमय अनुभव सामने आया है। करिवाडीह पंचायत के बीडीसी विकास कुमार सिंह के अनुसार, साध्वी नीलम ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के रानी डीह स्थित गुप्ता धाम गुफा में 72 दिनों तक साधना की थी। इस दौरान वह नागिन के रूप में रहने का दावा की थी एवं उसका व्यवहार भी नागिन जैसा ही था। जिससे वह और भी अधिक चर्चा में आ गईं। उनका यह दावा स्थानीय लोगों के बीच कौतूहल और श्रद्धा का विषय बना हुआ है। साध्वी नीलम की इस विशेष साधना और उनके रहस्यमय अनुभवों के कारण क्षेत्र में उनकी चर्चा तेजी से फैल रही है। लोग न केवल उनकी साधना की विधियों के बारे में जानना चाहते हैं, बल्कि उनके नागिन रूप में रहने के दावे के बारे में भी जानने को उत्सुक हैं। शारदीय नवरात्र की इस अनोखी शुरूआत ने क्षेत्र में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को और अधिक रोचक बना दिया है।

राज्य में फिर से बनेगी महागठबंधन की सरकार : डॉ रामेश्वर उरांव

जनसंवाद अभियान लक्ष्य कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस ने विस चुनाव को लेकर बिगुल फूंका

नवीन मेल संवाददाता

मनिका। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र जनता से मिलकर जनता की राय से बनायेंगे। उक्त बाते शुक्रवार दिन को मनिका प्रखंड मुख्यालय समीप हाईस्कूल के खेल मैदान में कांग्रेस पार्टी के द्वारा आयोजित जनसंवाद अभियान लक्ष्य 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के वित मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा। आगे उन्होंने कहा की भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में चार सौ पार सीट लाने का नारा देकर देश के संविधान को खत्म करना चाहती थी ।देश की जनता ने भाजपा के कद को छोटा कर संविधान बचाने का काम किया। पहले केंद्र मे भाजपा अपनी सरकार कह कर ताल ठोकती थी। आज वे लोग केंद्र में भाजपा अपनी सरकार कहने से हिचकिचाते है। क्योकि देश की जनता ने उन्हे खुद की अपनी बहुमत लाने से रोक दिया। वित मंत्री ने आगे कहा की केंद्र की सरकार झारखंड की सरकार से सौतेला व्यवहार कर रही है। बीजेपी चाहती है की इस राज्य में डबल इंजन की सरकार चले। संविधान मे कही ऐसा लिखा है क्या की केंद्र मे जिसकी सरकार रहेगी राज्य मे भी उसकी सरकार रहेगी? संविधान को बदलने की भावना रखने वाली सरकार चाहती है की देश के कई राज्य मे होने वाले विधानसभा चुनाव जीतकर फिर से संविधान बदलने की चाल चल सके। देश का संविधान बचा रहेगा तभी देश में लोकतंत्र भी रहेगा। वित मंत्री ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी फिर से विजयी होगी ये उनका भविष्यवाणी है। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा की उनके कार्यकाल में मनिका विधानसभा क्षेत्र में जितना विकास हुआ उतना कभी नही हुआ था। विधायक ने कहा की हमने गांव के अंतिम छोर सड़क बनाया पुल पुलिया का निर्माण कराया। पिछली सरकार से लंबित मनिका सामुदायिक अस्पताल को पुनः टेंडर कराकर उसे बनाने का काम किया। डीएमएफटी फंड के द्वारा मनिका विधानसभा क्षेत्र में दुर दराज के ग्रामीण क्षेत्रो के स्कुलो में चहारदिवारी का निर्माण कराने का काम करने सहित कई जनहित समस्याओ का हल निकाला है। वही कार्यक्रम को पुर्व मंत्री केऐन त्रिपाठी सहित कांग्रेस के पुर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा, जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, सुरेंद्र भारती आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सदस्य कामेश्वर यादव, इस्तेखार, सुरेंद्र पासवान, अहमद चेरो, संघ के जिला अध्यक्ष संजय सिंह बीस सुत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान वृंदबिहारी यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने किया ऐतिहासिक काम : मंत्री

पलामू (हि.स.)। कांग्रेस पार्टी जन संवाद अभियान के तहत जिले के सतबरवा के बीआरसी परिसर में शुक्रवार को चौपाल लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने की, संचालन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद यादव के द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि राज्य के खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने विकास की कई इबारतें लिखी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 साल तक की किशोरी और महिलाओं को सलाना 12000 की राशि दे रही है। अबुआ आवास योजना से गरीबों का आवास निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के ऋण माफी योजना, बिजली माफी योजना चलाई जा रही। मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को खत्म करने की मुहिम चला रही है, जिसे लोकसभा में हमारे विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी ने संविधान तथा आरक्षण बचाने के लिए मुहिम छेड़ दिया है। उन्होंने कहा कि आज जो भी दलित, आदिवासी, पिछड़ा तथा अल्पसंख्यकों को अधिकार मिला है, वह संविधान की वजह से मिला है। भाजपा संविधान को खत्म कर तानाशाही शासन चलाना चाहती है। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महागठबंधन सरकार ही राज्य की जनता की शुभचिंतक है। भाजपा बहरूपिया की तरह रंग बदलकर लोगों को परेशान करने में लगी हुई है। आज हेमंत जी एवं कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार ने जो जन सरोकार का कार्यक्रम चलाया है, उसकी पूरे देश के साथ विदेश में चर्चा हो रही है। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कांग्रेस पर आरोप-प्रत्यारोप करते आ रही है।

जीजा के ब्लैकमेल से तंग आकर साली ने की आत्महत्या

पलामू (हि.स.)। एक जीजा के ब्लैकमेल से तंग आकर एक साली के द्वारा आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। घटना पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की गांव की है। यहां पूजा कुमारी (24) ने जीजा चैनपुर के सलतुआ निवासी विजय सिंह के ब्लैकमेल से तंग आकर गुरूवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को एमआरएमसीएच में महिला के शव का पोस्टमार्टम किया गया। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। महिला के पति ने एमआरएमसीएच में बताया कि उसका ससुराल सतबरवा के दुलसुलमा में है। वहीं पर विजय सिंह का भी ससुराल है। पति के अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहने पर पूजा कुमारी मायके में भी ज्यादा समय तक रहा करती थी। यहां जीजा विजय सिंह के साथ उसकी नजदीकियां बढी एवं अवैध संबंध स्थापित हुआ। पति के रहने के बाद भी विजय पुनः अवैध संबंध बनाने को लेकर जीजा विजय पूजा को ब्लैकमेल कर रहा था। ऐसे में तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। इस संबंध में पति मिथिलेश का फर्द बयान पुलिस ने लिया है और कार्रवाई की बात कही है।

विस चुनाव को लेकर आईएलएमएस ऐप का दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

पलामू। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को इंटीग्रेटेड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐप से संबंधित समाहरणालय के सभागार में विभिन्न बीडीओ, सीओ व अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी को ट्रेनिंग दी गयी। सभागार में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने बड़े स्क्रीन पर आईएलएमएस ऐप को डाउनलोड कर सभी को ऐप के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया।

उन्होंने सभी से कहा कि ऐप में छः अलग-अलग विंडो है। पहला विंडो लाइब्रेरी है जिसमें एलेक्शन्स मैन्युअल, लैंडमार्क जजमेंट, चेकलिस्ट, विभिन्न विषयों पर संशोधन आदि के मैनुअल्स है। इन्हें अपने आवश्यकतानुसार अवलोकन किया जा सकता है। वीडियो वाले सेक्शन में चुनाव से जुड़े विभिन्न तरह के वीडियो, असेसमेंट में क्विज आदि का टेस्ट लिया जा सकता है। इसी तरह उन्होंने वेबसाइट, रिव्यू, लाइव टेस्ट आदि पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

बैठक में उपायुक्त ने सभी बीडीओ-सीओ को आगामी दुगार्पूजा के मद्देनजर अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव नजदीक है, ऐसे में आप सभी को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को अलर्ट मोड में रहने की बात कही। उन्होंने सभी को अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहने पर बल दिया।

इनामी माओवादी गुलशन उरांव उर्फ फूलचंद उरांव गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। लातेहार पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने भाकपा माओवादी के एक लाख इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली गुलशन उरांव उर्फ फुलचंद उरांव पिता नेरू उरांव (हाटा, कुमंडीह, मनिका) का रहने वाला है। इसकी जानकारी बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने पुलिस सभागार मे प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि एसपी कुमार गौरव की गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी के नक्सली को कुमंडीह रेलवे स्टेशन के आस पास घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम कुमंडीह रेलवे स्टेशन के पास पहुंची और नक्सली गुलशन उरांव को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली गुलशन उरांव गोली चलाने में माहिर है। गुलशन की गिरफ्तारी होना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। गिरफ्तार नक्सली के ऊपर बारेसाढ़ थाना में एक 17 सीएलए के तहत मामला दर्ज हैं। छापेमारी अभियान में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, आरक्षी उमेश कुमार सिंह, उदित कुमार व तकनीकी शाखा के कर्मी के शामिल थे।

विकास का दावा महज सपना या जलमग्न हकीकत?

वीआईपी एरिया बना डूब क्षेत्र!

पलामू (हि.स.)। जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत जो विकास और आधुनिकता के नाम पर किए जा रहे बड़े-बड़े दावों के साथ चल रहा है, आज जलमग्न हो गया है। शहर के प्रमुख इलाके जैसे सिद्धनाथ नगर, कपूर्री मैदान, अनुमंडल अस्पताल, पोस्टमार्टम हाउस और अनुमंडल कार्यालय समेत बड़े हिस्से पानी में डूबे हुए हैं। यह स्थिति सिर्फ इलाके की जल निकासी की खराब व्यवस्था का परिणाम नहीं है, बल्कि शहर के विकास की असलियत भी बयां करती है।

गौर करने वाली बात यह है कि हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह और भाजपा नेता विनोद सिंह का घर भी इसी क्षेत्र में स्थित है। अनुमंडल पदाधिकारी एवं एसडीपीओ का सरकारी आवास और कार्यालय भी है। नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन को भी इस रास्ते से रोज गुजरना पड़ता है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि हुसैनाबाद का वीआईपी एरिया यही है। फिर भी, यह सारे दावे मात्र खोखले प्रतीत होते हैं, क्योंकि इस क्षेत्र की जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। हुसैनाबाद को आधुनिक शहर बनाने का दावा करने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के प्रयासों की हकीकत इस जलजमाव से सामने आ गई है।

शहर में विकास के नाम पर केवल झूठे आश्वासन ही दिए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम हाउस की दुर्दशा तो इस विकास की पोल खोलने के लिए पर्याप्त है। यह पानी में तैरता हुआ प्रतीत होता है, जैसे किसी मृतक के पोस्टमार्टम के लिए नहीं बल्कि नरक ले जाया जा रहा हो। ग्रामीण क्षेत्रों में जब किसी पर गुस्सा होता है तो लोग कहते हैं, 'तू नरक में जाएगा', हुसैनाबाद का पोस्टमार्टम हाउस भी मानो इसी गुस्से का शिकार हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की यह अनदेखी न सिर्फ मृतक बल्कि उनके परिजनों के लिए भी कठिनाई का सबब बन गई है। पिछले एक दशक में हुसैनाबाद की आबादी में भारी वृद्धि हुई है, जिससे नए घर और पक्कीकरण का कार्य तेजी से हुआ है। हालांकि, इन विकास कार्यों में एक महत्वपूर्ण कमी नजर आई हैकृजल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। केवल पीसीसी सड़कें बनाई जा रही हैं, लेकिन नालियों का निर्माण अधूरा रह गया है,जो नाली निर्माण हुआ है, उसमें भी पानी की निकासी का सही इंतजाम नहीं किया गया है। यह नालियाँ सिर्फ दिखावटी तौर पर बनाई गई हैं, बिना किसी योजना के। परिणामस्वरूप, पानी की निकासी न होने के कारण पूरा शहर जलमग्न हो चुका है।

अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो हुसैनाबाद का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। शहर के जलमग्न होने की यह स्थिति इसके डूब क्षेत्र में तब्दील होने का संकेत है। विकास के खोखले दावों के बीच, हुसैनाबाद की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। ऐसे में नगर प्रशासन को सिर्फ आधुनिकता के सपने दिखाने के बजाय जमीनी हकीकत पर ध्यान देना होगा, ताकि शहर के नागरिकों को विकास का वास्तविक लाभ मिल सके।

पुलिस प्रशासन ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाया छापेमारी अभियान

हरिहरगंज। दुर्गा पूजा को लेकर पिपरा अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने पुलिस टीम गठित कर शुक्रवार को अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। अभियान के क्रम में थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगलवाडीह टोला में 9 संदिग्ध घरों में छापेमारी की गयी। तलाशी के दौरान शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट कर दिया गया। उनके घरों से 50 लीटर निर्मित शराब, करीब 5 क्विंटल जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। हालांकि पुलिस को देख अवैध शराब के धंधे में शामिल कारोबारी भाग गए। थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों के विरोध में आगे भी करवाई जारी रहेगा। छापेमारी दल में एसआई तसदुक अंसारी सहित पुलिस के कई जवान शामिल थे।

न्यूज बॉक्स

झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुए समाजसेवी पंकज सिंह

केतार। केतार प्रखंड के युवा समाजसेवी पंकज सिंह शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। भवनाथपुर विधायक भानू प्रताप शाही ने टाउनशिप स्थित अपने आवास पर समाजसेवी पंकज सिंह को पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर पंकज सिंह ने कहा की विधायक भानू प्रताप शाही के विकास कार्यों को देखकर प्रभावित हुए और पुनः विधायक भानू प्रताप शाही के साथ पार्टी जुड़े हैं। उन्होंने कहा की इस बार विधानसभा चुनाव में विधायक भानू प्रताप शाही का हैट्रिक जीत होगी। इसके लिए क्षेत्र में भ्रमण कर इनके पक्ष में प्रचार प्रसार करूंगा। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महिनों से पंकज सिंह झामुमो और पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव से नाराज चल रहे थे उसी समय से कयाश लगाया जा रहा था की वो भाजपा में शामिल होंगे। पंकज सिंह को भाजपा में शामिल होने से झामुमो को विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। केतार बाजार के चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

पेज एक के शेष

चुनौतीपूर्ण कार्यों को...

अभी सिरमटोली चौक के पास एक ऐसा पुल हमलोग बना रहें हैं, जो देश के इतिहास में रेलवे क्रॉसिंग पर इस तरह का पुल शायद ही देखने को मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्य बहुत ही चुनौती भरा है लेकिन राज्य सरकार के प्रयास से यह सभी कार्य हो रहें हैं। आने वाले दो-तीन महीने के अंदर कांटाटोली-सिरमटोली-मेकॉन चौक तक बनाए जा रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा तथा रांचीवासियों की सेवा में समर्पित रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शिलान्यास हो रहे दो और महत्वपूर्ण फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अगले डेढ़ वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा।

सीईसी ने भजंत्री...

होने के बाद आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सांसद निशिकांत दूबे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। चुनाव आयोग ने सीइओ की रिपोर्ट पर डीसी से स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन उन्होंने संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने के बाद छह दिसंबर, 2021 को आयोग ने उपायुक्त को हटाने और भविष्य में आयोग की अनुमति के बिना चुनाव से जुड़े काम में पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था लेकिन फिर भी सरकार ने उन्हें पद से नहीं हटाया। चुनाव आयोग ने पत्र में लिखा है कि 23 दिसंबर, 2021 को कार्मिक विभाग की ओर से आयोग को एक पत्र लिखा गया। इसमें कहा गया कि आयोग अपना आदेश वापस ले। क्योंकि, आचार संहिता समाप्त होने के बाद इस तरह का आदेश देने का अधिकार आयोग को नहीं है। इस तरह के आदेश से राज्य की संप्रभुता प्रभावित होती है। इसके बाद आयोग ने 15 दिसंबर, 2022 को पत्र भेज कर इस मामले में मुख्य सचिव की राय मांगी लेकिन उन्होंने अपनी राय नहीं दी। इसके बाद 26 दिसंबर, 2022 को मंजूनाथ भजंत्री से जिला निर्वाचन पदाधिकारी का काम वापस ले लिया गया था और उसे डीडीसी को सौंप दिया।

उल्लेखनीय है कि मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन डीसी ने आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश करने को लेकर चुनाव आयोग ने छह दिसंबर, 2021 को मंजूनाथ भजंत्री को उपायुक्त के पद से हटाने का आदेश दिया था। मंजूनाथ भजंत्री ने आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका (5716/22) दायर की थी। मंजूनाथ भजंत्री ने याचिका में चुनाव आयोग के आदेश को नियम के विरुद्ध बताया था। सिंगल बेंच ने भजंत्री की याचिका को स्वीकार कर ली। इसके बाद आयोग ने सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में एलपीए (244/24) दायर की। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद 30 सितंबर को फैसला सुनाया और चुनाव आयोग के आदेश को सही करार दिया। न्यायालय ने आदेश में कहा था कि आयोग का आदेश नहीं मानना संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार करने जैसा है। उसका निर्देश मानना राज्य के लिए बाध्यकारी है।

छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में...

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में अब तक 36 के शव बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों में मोस्टवांटेड डिविजनल कमेटी सदस्य नीति और डिविजनल कमेटी सदस्य कमलेश नक्सली कमलेश भी शामिल है। इनपर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल और एक एसएलआर समेत हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया है। इलाके में सघन सर्चिंग अभियान जारी है। बताया गया है कि नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार और दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी समरूथिक राजानाला, डीएसपी प्रशांत देवांगन और डीएसपी राहुल ऊईके घटना स्थल पर मौजूद हैं। पुलिस के अनुसार इस मुठभेड़ के बाद इस साल अबतक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में 185 से अधिक नक्सली मारे गए हैं।

कोटा के भीतर...

कुछ उप-जातियों को वरीयता देने के खिलाफ फैसला सुनाया गया था। अपने आदेश में न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा, जब इंद्रा साहनी मामले में 9 न्यायाधीशों की पीठ ने माना था कि अन्य पिछड़ा वर्ग के संबंध में क्रीमी लेयर की व्यवस्था संविधान में निहित समानता को बढ़ावा देगी, तो फिर इसे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर भी लागू क्यों नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, क्या आईएएस/आईपीएस या सिविल सेवा अधिकारियों के बच्चे की तुलना किसी गांव में ग्राम पंचायत/जिला परिषद स्कूल में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के वंचित सदस्य के बच्चे से की जा सकती है?

गोलियों की तड़तड़ाहट...

हवाई फायरिंग की गई। फायरिंग के बाद भी ग्रामीण डटे रहे। एक ग्रामीण और कंपनी के एक सिक्योरिटी गार्ड के जख्मी होने की सूचना है। घटनास्थल पर जवान एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। जवानों और पदाधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को रोकने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने कहा की हमलोग नहीं चाहते हैं की कोई भी कंपनी यहां खुले। जो पोर्टा कैबिन लगाया गया है उसे जल्द से जल्द कंपनी हटा ले। वही ग्रामीणों ने कहा की पुलिस के जवानों ने एक व्यक्ति को मार कर घायल कर दिया तब ग्रामीण उग्र हुए। मौके पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने कहां की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना उपरांत डीएसपी पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी छोटू उरांव सहित सीआईएसएफ के जवान मौके पर तैनात है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

तिरुपति विवाद, जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने गठित की स्वतंत्र एसआईटी

एजेंसी। नई दिल्ली

कोर्ट के मुताबिक ये जन भावनाओं से जुड़ा मामला है इसलिए इसे लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए

इस प्रसाद को न सिर्फ भगवान को चढ़ाया गया बल्कि भक्तों के बीच भी इसे बड़े पैमाने पर बांटा भी गया था।

तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतंत्र एसआईटी का गठन कर दिया है। अब इस पूरे मामले की जांच आंध्र प्रदेश राज्य सरकार की विशेष जांच टीम (एसआईटी) नहीं करेगी। कोर्ट के मुताबिक ये जन भावनाओं से जुड़ा मामला है इसलिए इसे लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि स्वतंत्र एसआईटी में सीबीआई के दो अधिकारी, आंध्र प्रदेश पुलिस के दो अधिकारी और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के एक अधिकारी शामिल रहेंगे। जांच की निगरानी सीबीआई के डायरेक्टर करेंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम नहीं चाहते कि यह एक राजनीतिक ड्रामा बने। यह दुनिया भर के करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा मामला है। सौभाग्य या दुर्भाग्य से, इसमें दोनों पक्ष शामिल हैं। बता दें कि आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने हाल ही में दावा किया था कि पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी के दौर में प्रसादम में मिलावट की गई थी। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के तहत सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइव स्टॉक एंड फूड लैब की रिपोर्ट में हुए खुलासे में यह बात सामने आई थी कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया जा रहा है। एनडीडीबी की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में जानवरों की चर्बी और फिश ऑयल का इस्तेमाल किया गया। दावा किया गया कि यह सब कुछ उस घी में इस्तेमाल किया गया है, जिसका उपयोग प्रसाद बनाने के लिए किया जाता है। इस प्रसाद को न सिर्फ भगवान को चढ़ाया गया बल्कि भक्तों के बीच भी इसे बड़े पैमाने पर बांटा भी गया था।



चंद्रबाबू नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का किया स्वागत



अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे व कैबिनेट मंत्री नारा लोकेश ने तिरुपति लड्डू में कथित मिलावट की सीबीआई की निगरानी में जांच के लिए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया। नायडू ने ट्वीट कर लिखा, मैं तिरुपति लड्डू में मिलावट के मामले की जांच के लिए सीबीआई, एपी पुलिस और एफएसएसएआई के अधिकारियों वाली एसआईटी गठित करने के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत करता हूं। सत्यमेव जयते। ओम नमो वेंकटेशाय। वहीं शिक्षा मंत्री नारा लोकेश ने भी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि गठित की जाने वाली नई विशेष जांच टीम (एसआईटी) राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जगह लेगी। सुप्रीम कोर्ट के 30 सितंबर के आदेश के बाद, आंध्र प्रदेश पुलिस ने एसआईटी द्वारा की जा रही जांच को अस्थायी रूप से रोक दिया था, क्योंकि शीर्ष अदालत ने मौखिक रूप से एसआईटी को 3 अक्टूबर तक जांच रोके रखने के लिए कहा था।

जाकिर नाइक को पाक में मिला स्वागत निंदनीय: विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली। विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक की पाकिस्तान यात्रा आजकल सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। विदेश मंत्रालय ने भगोड़े नाइक को वहां मिले स्वागत को निंदनीय एवं निराशाजनक बताते हुए कहा है कि पाकिस्तान की हरकतों को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने रिपोर्टें देखी हैं कि जाकिर नाइक का पाकिस्तान में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हमारे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि एक भारतीय भगोड़े का पाकिस्तान में उच्चस्तरीय स्वागत किया गया। यह निराशाजनक और निंदनीय है लेकिन आश्चर्य की बात नहीं है। जाकिर नाइक एक विवादित भारतीय इस्लामी उपदेशक हैं। उन्हें 2016 में भारत से भागने के बाद से भगोड़ा घोषित किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा

पत्रकार के विरुद्ध इसलिए आपराधिक मामला नहीं चलाया जा सकता कि वह सरकार की आलोचना करता है

- पत्रकारों के अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत संरक्षित हैं

ब्यूरो

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस हृषिकेश रॉय व जस्टिस एसवीएन भट्टी की खंडपीठ ने शुक्रवार 4 अक्टूबर को उप्र के पत्रकार अभिषेक उपाध्याय को अंतरिम सुरक्षा प्रदान की। उप्र की योगी सरकार ने उपाध्याय पर उत्तर प्रदेश प्रशासन में नियुक्तियों में जातिगत गतिशीलता पर एक्स पर एक पोस्ट लिखने के लिए एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में उपाध्याय द्वारा उनके खिलाफ मामला रद्द करने के लिए दायर याचिका पर उप्र सरकार से भी जवाब मांगा है, और इस बीच याचिकाकर्ता को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, अपने आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत पत्रकारों के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर भी टिप्पणी की। सुको ने कहा कि किसी पत्रकार के खिलाफ सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला नहीं चलाया जा सकता क्योंकि वह सरकार की आलोचना करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतांत्रिक देशों में अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाता है। पत्रकारों के अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत संरक्षित हैं। केवल इसलिए कि किसी पत्रकार के लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है, लेखक के खिलाफ आपराधिक मामला नहीं चलाया जाना चाहिए। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि उपाध्याय को आज प्रदान की गई सुरक्षा भविष्य में उसी मुद्दे पर उनके विरुद्ध दर्ज की जाने वाली सभी प्राथमिकी (एफआईआर)/आपराधिक मामलों पर भी लागू होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पत्रकार अभिषेक उपाध्याय ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, '"सुप्रीम" न्याय। सुप्रीम कोर्ट ने उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ को ईश्वर बताकर मेरे खिलाफ की गई एफआईआर पर मुझे प्रोटेक्शन देते हुए यूपी सरकार को नोटिस जारी कर दी है। पत्रकारीय धर्म को निभाने के क्रम में हुई ऐसी किसी भी एफआईआर में पुलिस को दंडात्मक कार्रवाई से रोक दिया है।' उपाध्याय ने आगे लिखा कि मैं उन सभी के सहयोग और सद्भाव का हृदय से आभारी हूं, जो इन विषम परिस्थितियों में भी साथ डटे रहे।

एससी की टिप्पणी के बावजूद सीएम फैला रहे झूठ : जगन मोहन

अमरावती। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि अदालत के आदेश के बाद भी मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू मामले तिरुपति प्रसादम के मामले में झूठ फैला रहे हैं। यहां तक कि अदालतों ने भी टीटीडी पर आरोप लगाने के लिए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से सवाल पूछे हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आया कि उनके शासनकाल के दौरान 14 बार टैंकरों को वापस भेजा गया। प्रसादम के निर्माण के लिए टैंकरों को बिना पास के प्रवेश की अनुमति नहीं है गुणवत्ता की जांच की जाती है। उत्पाद का उपयोग करने से पहले तीन बार जांच की जाती है। यदि कोई टैंकर एक भी जांच में उत्तीर्ण नहीं होता है, तो उसे उपयोग किए बिना वापस भेज दिया जाता है।

'बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ हिंसा हो बंद' न्यूयॉर्क में लहराया बैनर

न्यूयॉर्क । न्यूयॉर्क में लोगों ने हडसन नदी के ऊपर और स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के चारों ओर लहराते एक विशाल एयरलाइन बैनर को देखा। इस बैनर में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा को रोकने की अपील की गई। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से देश के अल्पसंख्य हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। 5 अगस्त, 2024 बांग्लादेश की तत्कालीन पीएम शेख हसीना अपनी सत्ता छोड़ भारत भाग गई थीं। इसके बाद से अब तक हिंदू समुदाय पर लगभग 250 वेरिफाइड अटैक हुए हैं और 1,000 से अधिक घटनाओं की सूचना दी गई। बांग्लादेशी हिंदू और इस इवेंट के आयोजकों में से एक सीतांगशु गुहा के मुताबिक, देश में हिंदू विलुप्त होने के कगार पर हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर एससीओ शिखरवार्ता के लिए पाक जाएंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में पड़ोसी देश जाएंगे। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। हालांकि भारत-पाकिस्तान के संबंधों के कारण यह माना जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल नहीं होंगे। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है जो सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। भारत, पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री का पाकिस्तान जाना केवल बहुपक्षीय बैठक में सम्मिलित होना है। इसका द्विपक्षीय पक्ष कुछ नहीं है। प्रवक्ता ने बांग्लादेश के नेता मोहम्मद युनुस के सार्क (दक्षिण एशिया सहयोग संगठन) को दोबारा सक्रीय किए जाने के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत क्षेत्रीय सहयोग और संपर्क बढ़ाने का पक्षधर है तथा विभिन्न मंचों से इसके लिए प्रयास करता रहा है।

जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार को परेशान कर रहा मृतक का भूत

बेंगलुरु। जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन ने दावा किया है कि रेणुकास्वामी का भूत उन्हें परेशान कर रहा है, जिसकी हत्या का आरोप उन पर है। बेल्लारी जेल के सूत्रों के अनुसार, सुपरस्टार दर्शन ने जेल अधिकारियों को बताया है कि उन्हें मृत फैन का भूत परेशान कर रहा है। दर्शन ने शिकायत की है कि रेणुकास्वामी उनके सपनों में आता है और उन्हें परेशान कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों से भी इस मामले पर चर्चा की है कि उनके लिए इस स्थिति का सामना करना मुश्किल हो रहा है। वह अपने सेल में अकेले हैं और डर के कारण सो नहीं पा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने दर्शन को तड़के सोते समय चिल्लाते और चीखते हुए सुना है।

एजुकेशन/करियर

बीडीएस के लिए कौन आवेदन कर सकता है

भारत में बीडीएस कोर्स की पात्रता मानदंड को पूरा करने के लिए, उम्मीदवारों को अनिवार्य विषयों के रूप में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी और अंग्रेजी के साथ 10+2 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उन्हें किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से इन विषयों में कुल मिलाकर कम से कम 85% अंक भी प्राप्त करने चाहिए। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए अर्हता प्राप्त करनी होगी, जो भारत में बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकमात्र प्रवेश परीक्षा है। नीट का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा वर्ष में एक बार, आमतौर पर मई या जून में किया जाता है। यह एक पेन-एंड-पेपर-आधारित परीक्षा है जिसमें भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी से 180 बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं। बीडीएस के लिए एनईईटी स्कोर और रैंक की आवश्यकता होती है, और उम्मीदवार राष्ट्रीय, राज्य या संस्थागत स्तर पर विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा आयोजित काउंसलिंग और सीट आवंटन प्रक्रिया के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीडीएस प्रवेश प्रक्रिया कॉलेजों (सरकारी या निजी) और सीटों (अखिल भारतीय कोटा या राज्य कोटा) के प्रकार और श्रेणी के आधार पर भिन्न हो सकती है।

बीडीएस के बाद कैरियर

- **सरकारी अस्पताल और क्लीनिक:** देश भर के विभिन्न सरकारी अस्पतालों और क्लीनिकों में दंत चिकित्सक या दंत चिकित्सा अधिकारी बीडीएस के बाद सबसे अच्छे करियर विकल्पों में से एक हैं। स्नातक भारतीय रक्षा सेवाओं (सेना, नौसेना, वायु सेना) या प्रादेशिक सेना में दंत चिकित्सा अधिकारी के रूप में भी शामिल हो सकते हैं। वे रेलवे, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम आदि में भी काम कर सकते हैं।
- · **निजी अस्पताल और क्लीनिक:** बीडीएस स्नातक भारत और विदेशों में विभिन्न निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में दंत चिकित्सक या दंत सर्जन के रूप में काम कर सकते हैं। वे कॉर्पोरेट अस्पतालों, डेंटल चेन, स्वास्थ्य सेवा संगठनों आदि में भी शामिल हो सकते हैं।
- **डेंटल कॉलेज और संस्थान:** बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी के स्नातक भारत और विदेशों में विभिन्न डेंटल कॉलेजों और संस्थानों में व्याख्याता, प्रोफेसर, शोधकर्ता या प्रशासक के रूप में काम कर सकते हैं। वे दंत चिकित्सा या संबंधित क्षेत्रों में उच्च अध्ययन या शोध भी कर सकते हैं।
- **एनजीओ और सामाजिक संगठन:** बीडीएस स्नातक विभिन्न एनजीओ और सामाजिक संगठनों में दंत चिकित्सक या दंत स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में काम कर सकते हैं जो समाज के वंचित वर्गों को मौखिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करते हैं। वे विभिन्न दंत चिकित्सा शिविरों, जागरूकता कार्यक्रमों, आउटरीच गतिविधियों आदि में भी भाग ले सकते हैं।

बीडीएस कर बना सकते हैं अपना करियर

बीडीएस का मतलब बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी है जो 5 साल का स्नातक कार्यक्रम है जो उम्मीदवारों को डेंटल सर्जन बनने में मदद करता है। बीडीएस कोर्स की अवधि 4 साल की क्लासरूम शिक्षा और 1 साल की अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नशिप है। यह कोर्स डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) द्वारा विनियमित है, जो देश में डेंटल शिक्षा और अभ्यास के लिए सर्वोच्च निकाय है। बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी पाठ्यक्रम में दंत विज्ञान और सर्जरी के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जैसे दंत शरीर रचना विज्ञान, दंत ऊतक विज्ञान, मौखिक विकृति विज्ञान, मौखिक चिकित्सा, मौखिक सर्जरी, प्रोस्थोडोन्टिक्स, ऑर्थोडोन्टिक्स, पीरियोडोन्टिक्स, पेडोडोन्टिक्स, एंडोडोन्टिक्स, सामुदायिक दंत चिकित्सा, आदि। बीडीएस पाठ्यक्रम विवरण में व्यावहारिक सत्र, नैदानिक प्रशिक्षण, अनुसंधान परियोजनाएं और सेमिनार भी शामिल हैं।

देश के टॉप कॉलेज

- सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेस, चेन्नई
- मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस, मणिपाल
- मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस, दिल्ली
- किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ
- डॉ. डी.वाई पाटिल विद्यापीठ, पुणे
- एबी शेट्टी मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस, मेंगलुरु
- एसआरएम डेंटल कॉलेज, चेन्नई
- जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली
- शिक्षा 'ओ' अनुसंधान, भुवनेश्वर
- श्री रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, चेन्नई
- मणिपाल कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस, मेंगलुरु
- जेएसएस डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, मैसूर
- मीनाक्षी एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, चेन्नई
- अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर
- सरकारी डेंटल कॉलेज, नागपुर